सुप्रभात
रांची, मंगलवार
06.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 204
12 डेंटल और क्वालिटी काउंसिल के बीच समझौता

### फ्लोर टेस्ट से पूर्व सदन में बरसे हेमंत, कहा मैं फिर आऊंगा, इंतजार करें

# आरोप सिद्ध कर दें, राजनीति क्या झारखंड ही छोड़ दूंगा

- 31 जनवरी लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय
- मेरी गिरफ्तारी में राज भवन की भी भूमिका
- समय आयेगा तो माकूल जवाब भी देंगे
- वे चाहते हैं आदिवासी जंगल में ही रहें
- आदिवासी टूटना जानता है, पर झुकना नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्वास प्रस्ताव के दौरान पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी में राजभवन की भी साजिश है। 31 जनवरी को देश के लोकतंत्र में काला अध्याय जुड़ा। देश की यह पहली घटना है, जब किसी मुख्यमंत्री को राजभवन में गिरफ्तार किया गया हो। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आठ एकड़ जमीन मेरे नाम से है, तो कागज लायें। अगर मुझपर घोटाले साबित हुए तो राजनीति से संन्यास ही नहीं, झारखंड भी छोड़ दूंगा, साबित करें कि वो जमीन मेरे नाम पर है। इनकी एक-एक बात का वक्त आने पर जवाब हम देगें। माकूल जवाब दिया जायेगा। हमारी पूरी पार्टी और गठबंधन दल चंपई सोरेन को समर्थन करता है।

**समय लौटेगा, मैं फिर आऊंगा :** श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड का इतिहास इन्हें कभी माफ नहीं करेगा। षड्यंत्र का जो पैमाने ऐसा है कि कानूनी रूप से कैसे गैरकानूनी काम करना है कोई इनसे सीखे। जिसे तरीके से बंधु तिर्की की सदस्यता गयी। मेरी भी चली जाये, लेकिन झामुमो का उदय राज्य का मान-सम्मान बचाने के लिए हुआ है और इसके लिए जो लड़ाई लड़नी होगी मैं लड़ने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि फिर से समय लौटेगा। मैं फिर आऊंगा। (शेष पेज 11 पर)



### मैं आदिवासी समाज से जरूर हूं, पर सही गलत जानता हूं

हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज से आता हूं, जानकारी का अभाव है, लेकिन सही गलत का फैसला हम भी रखते है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी की पटकथा पहले से लिखी जा रही थी और बिलकुल ही धीमी आंच पर इसे पकाया जा रहा था। आज ऐसा लगता है कि बाबा भीमराव का जो सपना था कि सभी एक साथ चलें। लेकिन जैसे बाबा साहब ने अपनी जात धर्म को छोड़ कर बौद्ध धर्म अपनाया, ऐसा आनेवाले समय में होगा।

**कड़ी सुरक्षा में वोट देने आये :** इडी की कस्टडी में कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्व सीएम ईडी कार्यालय से विधानसभा पहुंचे थे। इडी की टीम गेट नंबर एक पर रुक गयी। वहां से हेमंत विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा में विधानसभा में दाखिल हुए। वे पहले की तरह नेता सदन की कुर्सी पर नहीं बैठे। उन्हें सत्ता पक्ष की तरफ वाली आगे की कतार में बैठने की जगह मिली। अपने कुछ साथियों से उन्होंने बात भी की। लेकिन कोर्ट की मनाही की वजह से उन्होंने मीडिया में किसी तरह का कोई बयान नहीं दिया।

**मैं आंसू नहीं बहाऊंगा :** हेमंत ने कहा कि मैं आंसू नहीं बहाऊंगा। भाजपा ने न अपने आदिवासी सीएम को पांच साल पूरा करने दिया और न मुझे। इनकी मानसिकता यही है। इन्हें 2019 से ही भ्रष्टाचार नजर आने लगा। इनको 2000 से भ्रष्टाचार नजर नहीं आया। सोरेन ने कहा कि यहां के हर जिले के आदिवासी ने अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ी है। आजादी की लड़ाई लड़ी है। ये लोग तो बाहर से आये हैं। यहां के हैं ही नहीं।

### केंद्रीय एजेंसियों का हो जा रहा दुरुपयोग

हेमंत ने कहा- इडी, सीबीआई और आईटी जिन्हें देश की सबसे संवेदनशील एजेंसियां समझी जाती हैं लेकिन इनका दुरूपयोग हो रहा है। इनके मित्र करोड़ों डकार कर विदेश में बैठे हैं। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। दुर्भाग्य है इस राज्य का कि सामंतवादी सोच के लोगों के पैरों में गिरकर वंदना कर रहे हैं। झारखंड में सबसे अधिक समय किसने राज राज किया। घोटाले इससे पहले नहीं हुआ क्या, सिर्फ 2019 से ही घोटाले दिख रहे हैं।

### रांची में बोले राहुल- तमाम पीएसयू अडानी के हाथों देने की साजिश

# एचइसी को न बिकने देंगे न डूबने, कांग्रेस ही उबारेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक उपक्रमों को खत्म कर रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लिए खड़े दिखते हैं। चाहे बीएचइएल हो, एचएएल हो या एचइसी, सभी को धीरे-धीरे अडानी को सौंपने की साजिश हो रही है। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रांची पहुंचे राहुल गांधी धुर्वा स्थित ऐतिहासिक शहीद मैदान में आमसभा में बोल रहे थे। उद्योंगों की जननी एचइसी की बदहाली के लिए उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को दोषी ठहराया। केंद्र का एक ही मकसद है कि एचइसी बंद हो जाये और इसे अडाणी को सौंप दें। राहुल ने चेताया कि केंद्र की मंशा, कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी। हमारी सरकार जब भी आयेगी एचइसी को पूरी मदद देगी और इसे हर हाल में बचायेंगे।

राहुल गांधी को देखने और सुनने सभा में भारी भीड़ उमड़ी थी। उन्होंने न्याय यात्रा में लोगों से मिले समर्थन पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एचइसी का गला घोट रही है। एचइसी के साथ अन्याय कर रही है। इसके पीछे क्या मकसद है आप भली भांति जानते हैं। मोदी सरकार का मकसद एचइसी को अडानी के हाथों में सौंपकर कर्मचारियों को बेरोजगार करना है। कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के इस मंशा को कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि एचईसी को लोग याद रखें, हम उसे हर हाल में बचायेंगे।



### सरना कोड देना होगा

राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार को सरना कोड देना होगा। उन्होंने कहा, झारखंड में आदिवासी सीएम को भाजपा बर्दाश्त नहीं कर सकती है, इसलिए इस सरकार को हटाने का प्रयास हुआ। गठबंधन एकजुट हुआ और सरकार बच गयी। वे लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। गठबंधन इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि देश में ओबीसी, आदिवासी, दलित कितने लोग हैं इसकी संख्या बताने वाला कोई नहीं है। उनकी सरकार जब आयेगी, तो जातीय जनगणना की शुरुआत करेगी।

### फ्लोर टेस्ट में 29 के मुकाबले 47 वोट से चंपई सरकार पास

# पार्ट-2 बन हेमंत के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे : चंपई

- इडी, सीबीआइ व आइटी का दुरूपयोग बंद हो
- सत्ता पक्ष में 47 और विपक्ष को मिले 29 मत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को चंपई सोरेन की नेतृत्व वाली झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में चंपाई सोरेन सरकार को 47 मत मिले, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। गठबंधन सरकार ने आसानी से जादुई आंकड़ा हासिल कर लिया। आजसू-भाजपा के 29 वोट विपक्ष में पड़े। वोटिंग के बाद स्पीकर ने सदन में सरकार के विश्वास मत जीतने की घोषणा की। निर्दलीय सरजू राय तटस्थ रहे। सत्ता पक्ष के एक विधायक रामदास सोरेन और भाजपा के इंद्रजीत महथा बीमार होने की वजह से सदन की कार्रवाई में हिस्सा नहीं लिया। सदन में विश्वास मत हासिल करने के बाद सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि हेमंत बाबू जनता के दिल में दिया जलाकर आये हैं। भाजपा के लोग उसे कैसे मिटा पायेंगे। हेमंत के कार्यों व योजनाओं को हमारी सरकार आगे बढ़ायेगी। सीएम ने कहा, हां हम कहते हैं कि हेमंत पार्ट-2 हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन का नाम मिटने नहीं देंगे। (शेष पेज 11 पर)



### भाजपा की साजिश सफल नहीं होने देंगे

सीएम चंपई सोरेन ने सदन में विश्वास मत प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि 2019 में जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी, तभी से भाजपा ने सरकार गिराने और अस्थिर करने की साजिश शुरू कर दी थी। सरकार बनते ही कोरोना महामारी आ गयी। पर हेमंत ने किसी को भूखे मरने नहीं दिया। प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से झारखंड लाया। कोरोना खत्म होते ही सरकार ने बड़े पैमाने पर काम शुरू किया। फिर विपक्ष सरकार को गिराने और अस्थिर करने के जुट गया। इसके पहले स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने विश्वास मत कार्यवाही के लिए स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, निरल पूर्ति और रामचंद्र सिंह को सभापति मनोनीत किया।

# हेमंत मामले की सुनवाई अब 12 को

### अफसरों पर एसटी-एससी केस के खिलाफ इडी भी गयी हाइकोर्ट

- नौ फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए हेमंत सोरेन द्वारा हाईकोर्ट में दायर याचिका की सोमवार को सुनवाई हुई। जिसमें ईडी के जवाब दाखिल करने के बाद मामले की सुनवाई की जायेगी। अगली सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। वहीं दूसरी ओर इडी ने भी अपने अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा दर्ज की गयी एफआइआर को चुनौती देते हुए झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया है।

अपनी गिरफ्तारी को हेमंत सोरेन द्वारा दायर क्रिमिनल रीट पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अधिवक्ता धीरज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने इस संबंध में ईडी से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने इडी को 9 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 12 को तय की। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने ऑनलाइन हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखा। 31 जनवरी की शाम को हेमंत सोरेन के ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए जाने के बाद उसी दिन शाम को हेमंत सोरेन को ईडी की टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया था। अपनी गिरफ्तारी को उन्होंने कोर्ट में चुनौती दी।




**इडी ने भी हाईकोर्ट में याचिका दायर की :** इडी ने अपने अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा दर्ज की गयी एफआइआर को चुनौती दी है। इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया है। दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के लिए ईडी की टीम झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इडी के अधिकारियों ने प्राथमिकी निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट के याचिका दायर की है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के कई अधिकारी कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार समेत अन्य के खिलाफ रांची के एसी/एसटी थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी है।

# एक तानाशाह का अहंकार चकनाचूर हो गया: जयराम

- चंपई सरकार के विश्वास मत पर बोली कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में विश्वास मत हासिल करने के बाद कांग्रेस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के नेता जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा का ऑपरेशन कम असफल रहा है। सबसे पहले उन्होंने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया और उनसे इस्तीफा दिलवाया। इसके बाद उन्होंने चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण में देरी की। झारखंड में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर एक तानाशाह के अहंकार को चकनाचूर कर दिया है। भारत की जीत हुई। जनता जीत गयी। आप सभी को बहुत बधाई। जय जोहार।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, हमने बहुत ही आश्वस्त होकर विश्वास मत हासिल किया है। भाजपा का ऑपरेशन कम असफल रहा है। उन्होंने कहा, सबसे पहले उन्होंने (पूर्व मुख्यमंत्री) हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया और उनसे इस्तीफा दिलवाया। इसके बाद उन्होंने चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण में देरी की। उन्होंने कहा, यह सरकार शेष एक साल के कार्यकाल को पूरा करेगी और फिर हम झारखंड की जनता के पास नए सिरे से जनादेश के लिए जायेंगे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राज्यपाल अपनी भूमिका को लेकर पक्षपाती रवैया रखते हैं, चाहे तमिलनाडु हो या केरल, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, झारखंड या बिहार हो। वहीं, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की जीत लोगों की ताकत को साबित करती है।

### लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बोले पीएम मोदी- परिवारवाद लोकतंत्र में घातक

# विपक्ष लंबे समय तक विपक्ष में ही रहेगा : पीएम

- एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल अब दूर नहीं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए सोमवार को विपक्ष पर जमकरन निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं की बात सुनकर विश्वास हो गया कि लंबे अरसे तक इन्होंने वहां (विपक्ष) में बैठने का संकल्प ले लिया। कई सदस्यों ने तो चुनाव लड़ने का हौसला भी खो दिया। विपक्ष के बहुत लोग लोकसभा के बदले राज्यसभा जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, लोकतंत्र के लिए परिवारवाद बड़ा खतरा है। पीएम ने लोकसभा में कहा कि जनता विपक्ष को जवाब देगी। उन्होंने कहा, हर बार की तरह आपने (विपक्ष) लोगों को निराश किया। (शेष पेज 11 पर)



### अबकी बार 400 पार

पीएम मोदी कहा कि देश कह रहा है कि अबकी बार 400 पार। भाजपा को 370 सीटें जरूर मिलेंगी। उन्होंने कहा कि तीसरा कार्यकाल ज्यादा दूर नहीं है। तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार साल की मजबूत नींव रखेगा। उन्होंने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान राम न सिर्फ अपने घर लौटे , बल्कि ऐसे मंदिर का निर्माण हुआ जो भारत की परंपरा को नयी ऊर्जा देता रहेगा।

**कांग्रेसी नेताओं पर कसा तंज :** पीएम मोदी ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि अधीर बाबू की हालत हम सब देख रहे हैं। जब परिवारवाद की सेवा तो करनी होती है तो मल्लिकार्जुन खड़गे तो इस सदन से उस सदन शिफ्ट हो गये। गुलाम नबी आजाद तो पार्टी से शिफ्ट हो गये। पीएम मोदी ने सदन में राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि एक ही प्रोडक्ट को बार-बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गयी। ये सिर्फ परिवारवाद के कारण हो रहा है। कांग्रेस एक परिवार में उलझ गयी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कैंसल कल्चर में फंस गयी है। हम कुछ भी कहते हैं तो कांग्रेस कैंसल कहती है।

# पूर्व सीएम हेमंत की पत्नी कल्पना से मिले राहुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात की तस्वीर कांग्रेस के सोशल मीडिया एक्स पर भी ट्वीट किया। ट्वीट में लिखा गया है कि आज हम सभी एकजुट होकर न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे, जनता की आवाज बुलंद करेंगे। नफरत हारेगी, आईएनडीआईए जीतेगा।

राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में सोमवार को रांची पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इसके बाद शहीद मैदान में जनसभा को संबोधित किया।

## न्यूज डायरी

### भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में हराया

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम में खेले गये मैच को भारतीय टीम ने 106 रनों से जीतकर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 292 रन पर ऑलआउट हो गयी।

### राजस्व निरीक्षक भानू चार दिनों की रिमांड पर

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद को ईडी ने चार दिनों की रिमांड पर लिया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने सोमवार को 10 दिनों की रिमांड मांगी थी।

### हेमंत गलत नहीं हैं, तो कोर्ट को बतायें : भाजपा

**रांची।** झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बतायें, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है। उनकी सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है। क्या इन्हें नहीं पता कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिखकर नहीं देती, राज्य सरकार लिखकर देती है।

### पहली पत्नी ही निकली हत्याकांड की सूत्रधार

**लोहरदगा।** पुलिस ने शहरी क्षेत्र के करचा टोली में 31 जनवरी को हुई सचित उरांव हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया। हत्या में शामिल किशोरी उरांव (31), चितरंजन कुमार (18) तथा सुलेंद्र कुमार (19) को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी हारिस बिन जमां ने बताया कि मृतक की पहली पत्नी किशोरी ही हत्या की मुख्य आरोपी निकली।

### फ्लोर टेस्ट से पहले दिल्ली जायेंगे नीतीश

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी नई एनडीए सरकार 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेगी। लेकिन इस फ्लोर टेस्ट से पहले सीएम नीतीश कुमार दो दिनों के लिए दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। जहां वे पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अन्य बड़े नेताओं से मिलेंगे।

### मिड डे मील खाकर 100 से अधिक बच्चे बीमार

**बेतिया।** बगहा के भैरोगंज थाना क्षेत्र के परसौनी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला परसौनी में सोमवार को एमडीएम का खाना खाने से करीब सौ बच्चे बीमार पड़ गये। स्कूल प्रबंधन आनन-फानन में बीमार बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### योगी सरकार के बजट में विकास पर विशेष फोकस

**लखनऊ।** योगी सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-2025 के बजट में किसान और ग्रामीण क्षेत्र के विकास को विशेष तवज्जो दी गयी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को बजट प्रस्ताव को सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि उनकी सरकार की नीतियां स्पष्ट हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



### नव वर्ष की शुभकामना के साथ राज्यपाल का अभिभाषण शुरू और जोहार से खत्म

# सरकार ने लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करने की कोशिश की : सीपी राधाकृष्णन

### राज्यपाल के अभिभाषण के बीच प्रदीप व हेमंत खड़े हुए, कहा- सरकार अच्छा काम कर रही थी तो इसे अपदस्थ क्यों किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार दो दिवसीय राज्य विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विश्वास मत हासिल करने से पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अभिभाषण पढ़ा। उन्होंने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष एवं सदस्य जोहार पंचम झारखंड विधानसभा के इस 14वें सत्र में सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 2024 में विधानसभा के इस प्रथम सत्र के अवसर पर कहा कि सभी माननीय सदस्यों एवं समस्त प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। संसदीय लोकतंत्र में इस संस्था और इसके निर्वाचित प्रतिनिधियों पर लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। मुझे खुशी है कि आप सभी सजगता एवं तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं तथा प्रदेश के विकास में राजनात्मक भूमिका निभा रहे हैं।

**..इस सदन की गरिमा एवं पवित्रता बनाए रखेंगे :** मुझे आशा है कि सभी सदस्य इस सदन की गरिमा एवं पवित्रता बनाए रखेंगे। इन शब्दों के साथ मैं आप सभी के स्वस्थ और सफल जीवन की कामना करता हूं। मुझे आपके बीच आने और झारखंड को देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए सरकार द्वारा की गई गतिविधियों और कार्यों को प्रस्तुत करने का अवसर देने के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। जय हिंद... जय झारखंड।

**राज्यपाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना की :** अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सरहाना की। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार झारखंडी लोगों को एक स्वच्छ और साफ सुथरी सरकार देने को वचन बद्ध है। विधि व्यवस्था और लॉ एंड ऑर्डर में सुधार हुआ है। एक साल से सरकार ने कई ऐसी काम किये, जिसका फायदा जनता खास कर रूलर पब्लिक को मिल रहा है। हमारा राज्य हर एरिया में विकास के नये आयाम तय कर रहा है। उद्योग एरिया में भी कई काम हुए। इसी बीच प्रदीप यादव ओर हेमंत खड़े हो गये और कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही थी तो इसे क्यों अपदस्थ किया गया?

### सामाजिक न्याय के साथ विकास का लक्ष्य हासिल करना है

राज्य सरकार एक ऐसी व्यवस्था को आकार देने का प्रयास कर रही है, जहां गरीब, वंचित, मजदूर, किसान, आदिवासी, पिछड़े और दलित सभी अपने अधिकारों का आनंद ले सकें और सामाजिक न्याय के साथ विकास के लक्ष्य हासिल किया जा सके। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा पहल के माध्यम से हमारी सरकार यह सुनिश्ति करने के लिए पंचायत तक दी गई की लाभ और सेवाएं दूर दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के दरवाजे तक पहुंचे। योजना के तीन चरण सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा चुके हैं। हमारी सरकार नक्सल विरोधी अभियान के अलावा नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में लाने का भी प्रयास कर रही है। श्रम कानून को सरल बनाने और श्रमिक कल्याण योजनाओं को लागू करने में झारखंड सबसे आगे रहा है। दूसरे राज्यों और दूसरे देशों में फंसे प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए राज्य प्रवाह से नियंत्रण का संचालित कर रही है। पिछले 1 साल में 168 प्रवासी मजदूरों को विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई गई है।

### गिनायी सरकार के चार साल की उपलब्धियां

राज्यपाल ने कहा कि 4 साल पहले राज्य सरकार को लोगों के जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने तथा प्रदेश में सर्वांगीण विकास करने का जनादेश मिला था। इस दौरान लोगों सरकार ने लोगों की अपेक्षाओं की अनुरूप काम करने की कोशिश की है। हमारे सामने लक्ष्य कार्य अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों को लागू करना और भ्रष्टाचार मुक्त समृद्ध राज्य का निर्माण करना था, जिसके मूल में जनकल्याण हो हमारी सरकार किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विकसित समृद्ध और खुशहाल झारखंड के सपनों को साकार करने के दृढ़ संकल्प के साथ राज्य सरकार ने गंभीरता से काम करना शुरू किया। हमने पिछली नीतियों में आवश्यक बदलाव किए नई विकास उन्मुख नीतियां लाई और सरकार के कामकाज में आवश्यक सुधार किया हर स्तर पर जन भागीदारी में वृद्धि के साथ एक स्वच्छ और संवेदनशील प्रशासन के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया।

### शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे से गूंजा सदन

राज्यपाल के अभिभाषण के बीच सत्ता पक्ष के विधायक केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। सभी अपनी-अपनी सीट पर खड़े हो गये थे और ईडी अपना केस वापस लो के नारेबाजी कर रहे थे। नारेबाजी के बीच राज्यपाल का भाषण जारी रहा। इस दौरान विधायक शिबू सोरेन जिंदाबाद और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे भी लगे। वहीं, शोर गुल के बीच राज्यपाल राज्य सराकर के काम की सराहना कर रहे थे।

## जुडिशियल कमिश्नर अरुण कुमार राय ने ली हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ

### एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर ने दिलाई शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जुडिशियल कमिश्नर (न्यायायुक्त) अरुण कुमार राय ने सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर हाईकोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की अध्यक्ष रितु कुमार, अधिवक्ता धीरज कुमार आदि उपस्थित थे। बता दें कि 31 जनवरी को न्यायिक अधिकारी अरुण कुमार राय की हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस जारी की गई थी। 18 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने ज्यूडिशियल ऑफिसर अरुण कुमार राय को झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी। अरुण कुमार राय ने 5 मई 2012 को ज्यूडिशियल सर्विस ज्वाइन किया था, उन्होंने झारखंड के विभिन्न स्थानों पर जुडिशल ऑफिसर के रूप में कार्य किया था। वे रांची सिविल कोर्ट में जुडिशियशल कमिश्नर के रूप में कार्य कर रहे थे।

### पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में जमकर हुआ जमीन घोटाला : विनोद सिंह

**रांची।** माकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आज पूरा सदन भाजपा के खिलाफ खड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रफुल्ल पटेल छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण हैं। भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं।

रघुवर दास भी जमीन घोटाले की आरोपी रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुये। रघुवर दास को बचाने के लिए यहां से ओडिशा भेज दिया गया और वहां संवैधानिक पद पर बैठा दिया गया। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये। भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जाये और जांच करे।

## सदन में हेमंत सोरेन ने चोरी व सीनाजोरी भी किया : मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से कहा कि हेमंत सरकार के लूट की जांच का इंतजार करें। सब दूध का दूध पानी का पानी सामने आ जायेगा। उन्होंने कहा कि बिना कार्रवाई हुये कोई चोर नही बोलता कि उसने चोरी की है। उन्होंने कहा कि जो चोरी करेग, उसे दंडित कराना जांच एजेंसियों का काम है। इसलिये भ्रष्टाचारी का कानून की नजर से बच पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट जाने से वही होगा जो विधि सम्मत होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को दुकान नही बनाती है। जो परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं, वे ही ऐसा बोलते हैं । आज सत्ताधारी विधायकों की पहरेदारी की जा रही है।इससे स्पष्ट है कि सत्ता पक्ष में अंतर्विरोध है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाषा विधानसभा में भी धमकी भरी है। ये चोरी के बाद सीनाजोरी की भाषा है । उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इनके चरित्र को पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा पर फंसाने का आरोप निराधार है। राज्य की जनता को पता है कि शिबू सोरेन को कांग्रेस के शासन में तिहाड़ जेल भेजा गया, मधु कोड़ा को जेल कांग्रेस ने भेजा।

## आखिर क्यों अपने बनाए कानून पर ही सरकार की ईमानदारी डोल गयी : सुदेश

- पेपर लीक मामले की जांच के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाने की मांग की
- भ्रष्टाचार के सवाल पर सरकार के पास जवाब नहीं, इसलिए मौन है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा के चतुर्दश (विशेष) सत्र में सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सदन में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच और कार्रवाई को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव लाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने पेपर लीक से जुड़े कानून की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट काराया। उन्होंने इस कानून के बारे में बताते हुए कहा कि इस कानून में पेपर लीक होने और नकल से जुड़े मामलों पर बगैर प्रारंभिक जांच के एफआईआर और गिरफ्तार करने का प्रावधान किया गया है, लेकिन आज इतने दिन बीत जाने के बाद भी पेपर लीक मामले पर सरकार ने कोई भी एक्शन नहीं लिया है। दरअसल अपने बनाए कानून पर ही सरकार की ईमानदारी पूरी तरह से डोल गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है फिर भी सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सिर्फ हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि आज सभी सदस्य एकमत होकर पेपर लीक मामले की जांच का प्रस्ताव लाएं। युवाओं के हक, अधिकार, सम्मान और स्वभिमान की रक्षा को लेकर प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री इतिहास बनाएं। सुदेश महतो ने कहा कि सदन में सरकार ने बहुमत साबित किया है। यह विश्वासमत सदस्यों के संख्या आधार पर हुआ, सवालों पर नहीं। जिस सवाल पर सरकार के अंदर यह परिस्थिति उत्पन्न हुई उसका जवाब उनके पास नहीं है। सदन में सरकार का भ्रष्टाचार के आरोपों पर मौन रहना यह जाहिर करता है। हम सभी संविधान के दायरे में काम करते हैं। संविधान के तहत गठित एजेंसियों का आदर होना चाहिए और उन्हें निष्पक्ष जांच करने का अधिकार है।

## स्पीकर का सीएम चंपई सोरेन ने गुलदस्ता देकर अभिवादन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधान सभा के विशेष सत्र के दौरान सीएम चंपई सोरेन ने स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को गुलदस्ता देकर अभिवादन किया। इस अवसर पर झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन का स्वागत संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने किया।

### विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा 2005 में भाजपा ने शुरू की : आलम

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने भाजपा की ओर ईशारा करते हुये कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुये कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां के विधायकों को बाहर ले जाने का काम किये। यह परंपरा आपने शुरू की है। कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया। भाजपा का एक नेता भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। यहां तक की उन लोगों ने महात्मा गांधी की हत्या कर दी। ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं। जो भाजपा के साथ नहीं जायेगा, वो जेल जायेगा।

## आदिवासी, दलित और पिछड़ों का उत्थान कांग्रेस के एजेंडे में कभी नहीं रहा : मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी काम तोड़ने का और बात जोड़ने का करती है। श्री मरांडी ने कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़ों का उत्थान कांग्रेस के एजेंडे में कभी नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राजकुमार को आज आदिवासी, दलित, पिछड़ों की याद आ रही है।लेकिन अब पछताये क्या होत है जब चिड़िया चुग गई खेत। उन्होंने कहा कि राहुल जितनी यात्रा कर सकते हैं कर लें। लेकिन जनता का विश्वास कांग्रेस से उठ चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों को केवल वोट बैंक समझा है। इनके उत्थान की चिंता कभी नही की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आदिवासी विकास की चिंता होती तो अलग झारखंड राज्य का सपना पूरा करने केलिये भाजपा के सरकार की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती।

कांग्रेस पार्टी तो आंदोलन का मोलभाव करती रही है। उन्होंने कहा कि दलितों का सम्मान कांग्रेस पार्टी कितना करती है, यह तो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न कब मिला और किसने दिया इसी से पता चलता है। उन्होंने कहा कि धारा 370 के कारण जम्मू कश्मीर के दलित समाज ने आजाद भारत में को दंश झेला। उसका जवाब कांग्रेस पार्टी को देना चाहिये। वर्षों तक जम्मू कश्मीर के पढ़े लिखे दलित युवक आरक्षण की सुविधा से वंचित रहे।

### भारतीय गेहूं अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने बीएयू का भ्रमण किया

**रांची।** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र का भ्रमण किया और पर्यवेक्षण के क्रम में गेहूं फसल संबंधी शोध कार्यक्रमों की सराहना की।उन्होंने विश्वविद्यालय के पश्मि सेक्शन में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में लगाये गये विभिन्न प्रायोगिक फसलों की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। शोध कार्यों के और बेहतर एवं प्रभावी संचालन के लिये संबंधित वैज्ञानिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। यहां एक एकड़ क्षेत्र में बीएयू द्वारा विकसित प्रभेद बिरसा गेहूं 4 के प्रजनक बीज उत्पादन का कार्यक्रम भी चल रहा है।

प्रायोगिक फसलों के प्रक्षेत्र में भ्रमण कार्यक्रम में बीएयू के निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह, आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती, गेहूं संबंधी आईसीएआर की अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ सूर्य प्रकाश तथा सस्य विज्ञानी डॉ नैयर अली भी उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारना प्राथमिकता : सचिव

### अरवा राजकमल ने नगर विकास, उत्पाद एवं कल्याण विभाग के साथ जुडको में सीएमडी का पद भी संभाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अरवा राजकमल ने सोमवार को नगर विकास एवं आवास , उत्पाद एवं मद्य निषेध तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रभारी सचिव पद और जुडको के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्ात सचिव ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने संबंधित विभागों के प्रशासनिक ढांचे की भी जानकारी ली। इस अवसर पर सुडा के निदेशक अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव मनोहर मरांडी, जुडको के परियोजना निदेशक तकनीकी गोपाल जी, परियोजना निदेशक प्रशासन अरविंद कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक वित्त अमित चक्रवर्ती, रांची स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंद कुलियार सहित कई अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सचिव को बुके देकर स्वागत किय।

मौके पर सचिव ने कहा कि उनके विभाग से संबंधित राज्य सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उसे तेजी से धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही पूर्व प्रधान सचिव द्वारा शुरू की योजनाओं को भी जल्द पूरा कराने का काम करेंगे। शहरों में पेयजल की समस्या को दूर कराने की पहल करेंगे। पेयजलापूर्ति की लंबित योजनाओं पर विशेष बल देंगे। शहर में स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं के साथ स्ट्रीट लाइट उनकी विशेष ध्यान मे रहेगा।

## खबर एक नजर में

### बिना प्रान, जीपीएफ नंबर के मामले में ऑफलाइन पेंशन के देने होंगे आवेदन

**रांची।** वित्त विभाग ने प्रान नंबर (परमानेंट रिटायरमेंट अकांउट नंबर), जीपीएफ नंबर रहित मामलों में पेंशन देने के लिए दिशा-निर्देश दिया है। वित्त विभाग ने कहा है कि कई मामले विभाग के सामने आ रहे हैं जिसमें कर्मी द्वारा राज्य सरकार की सेवा में योगदान के उपरांत प्राण नंबर, जीपीएफ नंबर आवंटन के पूर्व ही कर्मी की मृत्यू हो गये तथा वित्त विभाग के 29 जुलाई 1980 के प्रावधानुसार आश्रित को पारिवारिक पेंशन के लिए बिना प्राण नंबर, जीपीएफ नंबर के पेंशन पोर्टल पर ओवदन करना संभ व नहीं हो रहा है। ऐसे मामले में ऑफलाइन कार्रवाई किया जाना है, जिसकी लिए स्वीकरण प्राधिकार द्वारा प्रशासी विभाग के माध्यम से प्रस्ताव गठित कर वित्त विभाग की सहमति लेनी आवश्यक है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिच, सचिव व आयुक्त झारखंड को पत्र लिखा है और उपरोक्त दिशा-निर्देश के अनुसार काम करने को कहा है।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का राजभवन के समक्ष प्रदर्शन



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने सोमवार को झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने एवं राज्य गठन की तिथि से समान रूप से सम्मान पेंशन 50-50 रु. देने, राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, नियोजन तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग तथा जेपीएससी की नियुक्ति में 100% की गारंटी,स्वाभिमान, अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा के सवाल को लेकर राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा राज्यपाल के नाम मांग से संबंधित 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो,विदेशी महतो,अली हसन आदि मौजूद थे।

### चंपई सोरेन के विश्वास मत हासिल होने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बधाई

**रांची।** झारखण्ड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा विश्वास मत हासिल किए जाने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उम्मीद है हेमंत सोरेन ने ओबीसी को आरक्षण देने के लिए जो कदम बढ़ाया था, उसे चंपई सोरेन की सरकार पुरा करेगी। श्री गुप्ता ने कहा कि नई सरकार से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करती है कि वो जल्द से जल्द जातीय सर्वेक्षण करवाए, ओबीसी के लिए स्वतंत्र मंत्रालय की गठन की जाये एवं ओबीसी को आरक्षण देने के बाद ही शहरी निकाय चुनाव करवाए। तथा रोस्टर में किए गए घपले की जांच करवाई जाए। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के विश्वास हासिल करने पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के महासचिव डॉ शिवानंद काशी, राष्ट्रीय ओबीसी महिला मोर्चा के अध्यक्ष प्रियंका कुमारी, छात्र मोर्चा संयोजक कमलेश चौधरी, प्रदेश सचिव अजय मेहता, सुरेश ठाकुर ,वसीम अकरम, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, रांची महानगर अध्यक्ष विष्णु कुमार, महासचिव प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, जयराम ठाकुर ,राम लखन साहू, रामावतार कश्यप, जगदीश साहू विनय चंद्रवंशी ने बधाई दिया है।

### सांसद आदित्य साहू ने राज्य सभा में कोयला एवं खान मंत्रालय से पूछे सवाल

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को कोयला एवं खान मंत्रालय से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने झारखंड में कोयला भंडारण की स्थिति एवम कोयला पर निर्भरता कम करने की दिशा में भारत सरकार के प्रयासों की जानकारी चाही। इस पर कोयला मंत्री प्रशाद जोशी ने बताया कि झारखंड में कोयला का अनुमानित भंडारण 5094 .91मिलियन टन है। जबकि संसाधन 87838 .10मिलियन टन है। उन्होंने कहा कि कोयले पर निर्भरता कम करने केलिये उपाय किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार वर्ष 2030तक 100 मिलियन टन कोयला के गैसीकरण केलिये काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास केलिये 8500करोड़ रूपए की निधि प्रदान कर रही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार वर्ष 2030 तक गैर जीवाश्म श्रोतों से500 गीगावाट स्थापित बिजली क्षमता प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने अप तटीय पवन परियोजनाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने केलिए 3वर्ष की अवधि केलिए 2022में 4०0गीगावट प्रतिवर्ष की परियोजना क्षमता के समतुल्य अप तटीय पवन ऊर्जा ब्लॉक केलिए बोली लगाने का निर्णय लिया। इससे तमिलनाडु और गुजरात तट पर विकास किया जा सकेगा। भारत सरकार ने स्वचालित पद्धति से 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एफडीआई की अनुमति दी है।

स्पीड न्यूज

### जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट वेल्फेयर एसो. का एजीएम आज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 6 फरवरी 2024 को जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कार्यालय गोलमुरी में आयोजित होगी। इस अवसर पर सत्र 2024 -2027 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न होगा।

### वैश्य एकता मंच के अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद की पत्नी राधा देवी का निधन

**जमशेदपुर।** वैश्य एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद जी की 79 वर्षीय धर्मपत्नी राधा देवी जी का कल लंबी बीमारी के पश्चात ब्रह्मानंद अस्पताल में निधन हो गया। बाराद्वारी स्थित ब्याहुत भवन निवासी राधा प्रसाद जी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनका दाह संस्कार स्वर्णरेखा बर्निंग घाट में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में वैश्य एकता मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम कुमार गुप्ता, राजीव रंजन गुप्ता, महासचिव श्रीकांत देव, जिला अध्यक्ष गोपाल प्रसाद जायसवाल, कुमार बिपिन बिहारी, भोला शर्मा, निर्मल कुमार भगत, अजय गुप्ता, राज कुमार भगत सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### जमशेदपुर, मानगो और जुगसलाई में सफाई कार्य तेज करे निकाय : भाजमो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा, जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने पूरे जिले में संगठन विस्तार ,बूथ समिति एवं जनसमस्याओं को लेकर सभी मंडलों में बैठक कर सघन अभियान चलाने को कहा है। श्रीवास्तव ने कहा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति सहित जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से स्थिति बदतर हो रही है, कूड़े करकट का उठाव समय से नही हो रहा है। जनता परेशान है, ऐसे में भारतीय जनतंत्र मोर्चा को आंदोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।सभी नगर निकाय जनहित के मसलों को हल करने में रुचि दिखाए एवम अधिनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट दिशानिर्देश दें। जल्द इन समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो सभी मंडल क्षेत्रों से प्राप्त जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### गायत्री परिवार का 55 वां रक्तदान शिविर 18 को

**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर का युवा प्रकोष्ठ नवयुगदल का एक अहम बैठक गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में रक्तदान शिविर के संयोजक श्री संजीव सिन्हा जी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आगामी 18 फरबरी को जमशेदपुर ब्लड बैंक में गायत्री परिवार का 55वा रक्तदान शिविर लगने वाला है। इस बार का रक्तदान शिविर मुम्बई में होने वेले अश्वमेध महायज्ञ को समर्पित होगा। 18 फरबरी को दिन में रक्तदान शिविर लगाने के उपरांत नवयुगदल और प्रज्ञा महिला मंडल टाटानगर के 50 से ज्यादा युवा भाई-बहन मुम्बई के अश्वमेध यज्ञ में समयदान करने हेतु रवाना होंगे। आपको बता दें कि अखिल विश्व गायत्री परिवार का 47वा अश्वमेध महायज्ञ 21 से 25 फरवरी 2024 के तारीख को मुम्बई में होने जा रहा है। इस से पूर्व 14 फरबरी को बसंत पंचमी गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा के साथ-साथ टाटानगर के सभी केंद्रों पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस गोष्ठी में नवयुगदल के सभी युवाओं के साथ प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ गयात्री परिवार झारखण्ड़ के समन्वयक श्री संतोष कुमार राय मौजूद रहे ।

### शशिकांत अडेसरा की स्मृति में रक्तदान शिविर 8 को

**जमशेदपुर।** रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति रक्तदान शिविर का आयोजन 8 फरवरी को रेड क्रॉस के पेट्रन व समाजसेवी स्व. शशिकांत आडेसरा की स्मृति में रेड क्रॉस भवन, साकची में आयोजित किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान की अपील रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने किया।

# डोबो में शुरु हुआ ढाई करोड़ी प्रवचन कार्यक्रम, मोटी फीस देकर जुट रहे कथा सुन रहे हजारों भक्त

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आज से कथावाचक प्रदीप मिश्रा का कथावाचन जमशेदपुर से सटे डोबो क्षेत्र के काजू मैदान में शुरु हो गया जो नौ फरवरी तक चलेगी। पूरे आयोजन का बजट 2.5 करोड़ रुपये है। प्रवचन के लिए काजू मैदान में एक विशाल अल्यूमीनियम फ्रेम से बना मंडप बनाया गया है जिसमें 30 हजार से 40 हजार लोग बैठ कर कथा श्रवण कर सकते हैं। आज प्रथम दिन कथा सुनने के लिए लोगों की बेचैनी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तीन हजार से अधिक महिलाएं छाता लेकर दो बजे दोपहर से ही कथा सुनने के लिए मंडप के बगल में खुले आसमान में बैठी हुई थीं। पूरे कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए त्रिकालदर्शी नामक संस्था का रातोरात गठन कर धनकुबेरों से धन संग्रह के लिए सोनारी क्षेत्र के छुटभैये राजनीतिक कार्यकताओं को लगाया गया है। इसके लिए पांच लाख राजस्व लाने वाले को 2 लाख रुपये इंसेंटिव देना तय हुआ है। धन संग्रह के लिए कई तरह के कूपन बेचे गए हैं। पं. प्रदीप मिश्रा से पूजा कराने के लिए प्रति दंपत्ति पांच लाख रुपये का कूपन जारी किया गया है जबकि आगे बैठने के लिए प्रति व्यक्ति एक लाख रुपये का कूपन जारी किया गया है। आम श्रोताओं के लिए 2000 रुपये का कूपन जारी किया गया जो अंतिम समय में 5 हजार रुपये तक में बिका है। बताया जाता है कि त्रिकालदर्शी संस्था में सुश्री रंजीता कुमारी वर्मा नामक एक बुटिक संचालिका को रखा गया है जबकि पीछे कुछ बड़े चेहरे हैं जो धर्म को एक ब्यापार के रुप में देखते हैं जिसमें कम इवेंस्टमेंट पर एक सप्ताह के भीतर बहुत आकर्षक रिर्टन की गारंटी रहती है।



कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा श्रोताओं का अभिवादन करते हुए।

#### पिता के साथ चाय बेचते थे, अब चर्चित कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा

जमशेदपुर। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा पिछले दो वर्षों से काफी चर्चा में है वह शिव पुराण पर आधारित कथाओं का वाचन करते हैं। वह जहां भी जाते हैं वहां कथा सुनने वालों की बहुत भीड़ उमड़ती है। कथा के साथ ही वे जीवन को सुखी बनाने के लिए छोटे-छोटे उपाय भी बताते हैं । इस कारण भी वह बहुत लोकप्रिय हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्म 1980 में सीहोर में हुआ था। इनका उपनाम रघुराम है।

खबर एक नजर में

## प्रभुनाथ सिंह ने 31 वां और राजू ने 21 वीं बार किया एसडीपी दान





प्रभुनाथ सिंह एसडीपी व राजू कुमार एसडीपी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाये जा रहे रक्त जागरूकता अभियान के तहत आज सिंगल डोनर प्लेटलेट के तहत जरूरतमंद को प्लेटलेट उपलब्ध करान के उद्देश्य से रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने 31वां प्लेटलेट डोनेशन किया, जिसके साथ उनका 67 रक्तदान हुआ, उसी क्रम में टाटा स्टील कर्मी राजु कुमार ने अपना 21वां एसडीपी दान किया और उन्होने अपना 38 रक्तदान पूरा किया। रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह एवं जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक संजय चौधरी ने रक्तदाताओं को उपहार प्रदान कर अपनी शुभकामना दी।

# जमशेदपुर नहीं आयेंगे राहुल गांधी

### इंटरनल पॉलिटिक्स की भेंट चढ़ गया दौरा

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा सिमडेगा होते हुए ओडिसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल के कांग्रेस जनों और राहुल गांधी के समर्थकों के लिए एक निराशाजनक खबर है। देश में युवा तुर्क के रुप में उभर रहे राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब जमशेदपुर समेत कोल्हान होकर नहीं गुजरेगी। राहुल गांधी छह फरवरी को जमशेदपुर में सभा करने वाले थे किन्तु अब उनकी यात्रा का रुट तथाकथित चाईबासा जिले में नक्सल खतरे को देखते हुए बदल दिया गया है। अब राहुल गांधी की यात्रा कल खूंटी जिले में प्रवेश करेगी और वहां से सिमडेगा होते हुए ओडिसा राज्य में प्रवेश कर जायेगी। बताया जाता है कि जमशेदपुर और चाईबासा में राहुल की न्याय यात्रा गुजरती तो एनएच-33 होते हुए वे सरायकेला-खरसावां जिला पार करते हुए जमशेदपुर आते और यहां से वे आराम से चाईबासा पहुंचते और चाईबासा होते हुए वे ओडिसा में प्रवेश करते। इससे कोल्हान के कई महत्वपूर्ण विधानसभा और दो लोकसभा क्षेत्र से उन्हें गुजरने का मौका मिलता। किन्तु, प्रदेश स्तर की पॉलिटिक्स में यात्रा का रुट ही बदल दिया गया। यात्रा का रुट बदलने से जमशेदपुर से ज्यादा चाईबासा यानी पश्चिम सिंहभूम जिले में बेचैनी है जहां से कांग्रेस की सांसद श्रीमती गीता कोड़ा हैं।

दूसरी ओर, झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव खरसावां विधानसभा के प्रभारी एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने आज रांची में धुर्वा स्थित शहीद मैदान में राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के विशाल जनसभा में शामिल होकर लौटने के बाद बताया कि शहीद मैदान में आज की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सभा ऐतिहासिक रही लाखों की संख्या में जनता ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर श्री राहुल गांधी यात्रा का भरपूर समर्थन किया। उन्होंने कहा की पूर्वी सिंहभूम जिला समेत कोल्हान से हजारों कार्यकताओं ने यात्रा की इस ऐतिहासिक सभा में सम्मिलित होकर कोल्हान का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज का दिन इसलिए भी ऐतिहासिक हो गया कि राहुल गांधी जी के चरण रांची में पड़े और बहुमत से महा गठबंधन की सरकार झारखंड में पुनः स्थापित हुई भाजपा औंधे मुहं गिरी। भाजपा की ईडी देखते रह गई,और राज्य में लोकतंत्र का जीत हुआ। राज्य में जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाली महागठबंधन की सरकार पुनः स्थापित हुई। श्री राकेश तिवारी ने आज राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री जयराम रमेश के साथ मंच साझा करते हुए झारखंड के संदर्भ में उन्हें कई जानकारियां प्रेषित की।

### इफ्टू से संबद्ध परिवहन कर्मचारी यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल 16 को

**जमशेदपुर।** विभिन्न राज्यों में इफ्टू से संबद्ध परिवहन कर्मचारी यूनियनों ने 16 फरवरी को एसकेएम-ट्रेड यूनियनों के ग्रामीण बंद-औद्योगिक हड़ताल के आह्वान में शामिल होने और सफल बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने अन्य असंबद्ध समान यूनियनों को भी इसके लिए मोबिलाइज करने का निर्णय लिया है। वे जिन राज्यों में हैं वहां हड़ताल में परिवहन कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी के लिए संयुक्त अभियान चला रहे हैं। सभी परिवहन यूनियनों ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में आपराधिक कानूनों में किए गए असंवेदनशील, चालक विरोधी बदलाव को रद्द किए जाने की जरूरत के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया।

## लायंस क्लब भारत का हुआ डी.जी. विजिट, क्लब के कार्यो को सराहा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के द्वारा भरत सिंह जी के साकची स्थित कार्यालय में डी.जी. विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के द्वारा किए गए कार्यों और उन कार्यों में आई लागत का बेयोरा सेक्रेटरी रिपोर्ट और ट्रेजरर रिपोर्ट के माध्यम से पेश किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष टखत्रऋलायन भरत सिंह जी के द्वारा आए हुए अतिथियों को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर किया गया। फिर क्लब भारत के सदस्य लायन मिनल शर्मा के द्वारा इन्वोकेशन पढ़े जाने के बाद क्लब भारत के ट्रेजरर लायन राजेश कुमार ने क्लब द्वारा साल भर में हुए लेन-देन का हिसाब पेश किया। जिसके बाद क्लब के सेक्रेटरी लायन विनीत श्रीवास्तव ने अपना सेक्रेटरी रिपोर्ट पढ़ा। इसके बाद लायन सीमा वाजपेयी जी ने क्लब भारत के दो नए सदस्यों को क्लब भारत के नए सदस्य के रूप में लायनिजम की शपथ दिलाया। वहीं डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ लायन कमल जैन जी ने क्लब भारत के द्वारा किये गए कार्यो की सराहना किया।

## टाटा मोटर्स : कैब एंड काउल फैक्ट्री में आरके सिंह और गुरमीत का हुआ अभिनंदन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को टाटा मोटर्स के कैब कॉउल फैक्ट्री एवं एच बी टी एल में यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह महामंत्री आरके सिंह का जोरदार स्वागत अस्थाई श्रमिकों द्वारा किया गया। ज्ञात हो की पिछले 25 जनवरी को यूनियन के द्वारा 2700 अस्थाई कर्मियों का स्थाईकरण का समझौता संपन्न हुआ था। इस कार्यक्रम में बोलते हुए महामंत्री श्री आरके सिंह ने कहा टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन विपरीत परिस्थितियों में अपने कर्मचारियों के लिए सुलभ रास्ता और बेहतर रास्ता निकलने का प्रयास हमेशा करती है। इस समय भी हम लोगों ने सभी अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने का काम किया और इसके लिए सरकारी विभाग एलसी महोदय डीएलसी महोदय और प्रबंधन को भी धन्यवाद देना चाहते हैं यह ऐतिहासिक काम हुआ है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं । हम सब सुरक्षा का ध्यान रखते हुए कार्य करें और गुणवत्ता के आधार पर टाटा मोटर्स जमशेदपुर को अव्वल बनाने का काम करें। गाड़ी की डिमांड रहेगी तो सभी कार्य बेहतर ढंग से हो पाएंगे ।वही अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा अस्थाई कर्मचारियों के साथ कर्मचारी पुत्रों का नियोजन का भी रास्ता साफ हुआ है और स्थानांतरण जो एक बड़ी समस्या थी उसे भी दूर की गई है।

## तनावमुक्त होकर परीक्षा लिखें, अपनी तैयारियों पर विश्वास रखें : उपायुक्त

### आज से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा, बोर्ड की परीक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज से मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं शुरु हो रही हैं। मैट्रिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 09:45 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक संचालित होगी जबकि इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:15 बजे तक संचालित होगी।

06 फरवरी से 26 फरवरी तक झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के सफल संचालन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 21022 परीक्षार्थी तथा 12वीं में 20731 परीक्षार्थी शामिल होंगे । 73 केन्द्रों पर 10वीं की बोर्ड परीक्षा तथा 33 केन्द्रों पर 12 वीं की परीक्षा आयोजित की जाएगी। कुल 41753 छात्र-छात्रायें परीक्षा में शामिल होंगे।

डीसी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से परीक्षा का संचालन हो, जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है । परीक्षा केन्द्रों पर संपूर्ण आवश्यक व्यवस्था इस प्रकार की जाए कि सभी परीक्षार्थी तनाव मुक्त वातावरण में मानसिक स्वास्थ्य की पूर्णता के साथ परीक्षा में भाग ले सकें। सभी परीक्षा केन्द्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, दिव्यांग बत्चों के लिए रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी थाना प्रभारियों को परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था के उचित इंतजाम करने का निर्देश दिया गया। वहीं वैसे सेंटर जहां सिर्फ छात्रायें बैठेंगी उनमें महिला पुलिस पदाधिकारी एवं महिला पुलिस बल की भी आवश्कतानुरूप प्रतिनियुक्ति को लेकर निर्देशित किया गया। धालभूम अनुमंडल क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन को लेकर धालभूम के अनुमंडलाधिकारी श्री पीयूष सिन्हा द्वारा सिदगोड़ा टाउन हॉल में सभी संबंधितों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया ।जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी डीएसपी, सभी थाना प्राभारी, केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, उड़नदस्ता दल उपस्थित थे। उन्होने कदाचार मुक्त एवं निष्पक्ष परीक्षा के संचालन का निर्देश देते हुए कहा सभी परीक्षा केन्द्रों में 06 फरवरी 2024 के सुबह 6 बजे से 26 फरवरी 2024 की संध्या 8 बजे तक धारा 144 लागू की गई है। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के अंदर नहीं आएंगे । । परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की है ।



पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री।

### लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक

**जमशेदपुर।** सरायकेला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ल के अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव के मध्येजर तैयारीयों को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त नें रुट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, वेनरेबल एंड क्रिटिकल बूथ मैपिंग, एएमएफ से सम्बन्धित प्रतिवेदन समेत विभिन्न बिंदु पर समीक्षा कर विभागीय दिशा निर्देश के आलोक मे सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे उपायुक्त के साथ मुख्य रुप से पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, अपर उपायुक्त सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी खरसावां विधानसभा रविन्द, गागराई, पुलिस उपाधिक्षक मुख्यालय चन्दन कुमार वत्स, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## वरिष्ठ भाजपाइयों ने किया नये जिला अध्यक्ष सुधांशु का अभिनंदन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के नवमानोनित जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा जी का आज वरिष्ठ भाजपाईयों द्वारा जिला कार्यालय में स्वागत और अभिनंदन किया गया। स्वागत करने वाले वरिष्ठ जनों में सर्वश्री राम प्रकाश सिंह 'अशोक', तारानंद कामत, ओम प्रकाश शर्मा, राम देव पांडे, जगन्नाथ उपध्याय, कामेश्वर सिंह, प्रमोद कुमार कर्ण, मिथिलेश कुमार सिंह, सुभद्र झा, देवेन्द्र चौधरी, मनिन्दर निषाद, सुभाष प्रमाणिक, सुरेन्द्र प्र० सिंह, एन०के० मेहता, जगत ना०सिंह, विजय ना० सिंह एवं विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## चंपई को विश्वास मत मिलने पर धातकीडीह में बांटा लड्डू

**जमशेदपुर।** आज शाम 6 .30 बजे धतकीडीह मेन रोड झामुमो कार्यालय के निकट मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन जी के विश्वासमत जीताने के उपलक्ष में मिठाई वितरण और आतिश बाजी किया गया। इस अवसर पर शेख बदरूद्दीन, बाबर खान, फिरोज खान, सरफराज हुसैन, अनवर अली , रत्न अग्रवाल, मोजाहीद खान, गुलरेज खान,समद अंसारी , अब्दुल बारी अंसारी, वा अन्य मौजूद थे।

## बालिगुमा-जयपाल कालोनी को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य शुरु



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बहु प्रतीक्षित डिमना को जोड़ने वाली वाया बालिगुमा - जयपाल कॉलोनी को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य आज प्रारंभ हो गया परन्तु पुल के रास्ते में आने वाला अतिक्रमण कर बनाया गया घर बना अभी तक नहीं हटाया गया है। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी चिंता का माहौल है क्योंकि पिछले बार भी पुल का कार्य प्रारंभ होने के बाद अतिक्रमण के कारण पुल नहीं बन पाया था। जिला प्रशासन का कहना है कि पुल के रास्ते में आने वाला अतिक्रमण जल्द से जल्द हटाया जाएगा। लेकिन अभी तक जमीनी स्तर पर उसकाकुछ दिख नहीं रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि नाले के जमीन को घेर कर बनाया गया अतिक्रमित घर को जल्द से जल्द हटाया जाए।

# कंपनियों को लांग टर्म सस्टेनेबुल बनाने में एथिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका : सोनी सिन्हा

### एक्सएलआरआइ में सामाजिक व व्यापारिक नैतिकता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। वैश्वीकृत दुनिया में सामाजिक और व्यावसायिक उत्तरदायित्व को सक्षम बनाने में नैतिकता के महत्व पर आधारित उक्त कॉन्फ्रेंस में देश के अलावा विदेशों के भी कई प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स और एक्सएलआरआइ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश व दुनिया के 78 से अधिक प्रतिष्ठानों के करीब 150 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन आधुनिक व्यवसाय में नैतिक अभ्यास, स्थिरता और वैश्विक जिम्मेदारी विषय पर चर्चा हुई।




इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं निदेशक अमित राज सिन्हा ने सभी को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी उद्यमी के लिए यह आवश्यक है कि वह पहले अपने लक्ष्य को निर्धारित करे, उस लक्ष्य को हासिल करने में ऐसा कोई कार्य नहीं करें, जिससे देश व समाज का किसी भी प्रकार से नुकसान हो। साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति में नैतिकता के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करने का आह्वान किया। वहीं, इस सम्मेलन के दौरान ही टाटा स्टील की चीफ एथिक्स ऑफिसर सोनी सिन्हा भी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थी। इस दौरान उन्होंने टाटा स्टील में होने वाले कई एथिकल प्रैक्टिस की जानकारी दी। उन्होंने फ्यूचर लीडर को पर्सनल के साथ ही प्रोफेशनल जीवन में भी किसी प्रकार का कोई नॉन एथिकल कार्य नहीं करने का आह्वान किया। उन्होंने जेआरडी टाटा को कोट करते हुए कहा कि जेआरडी टाटा कहते हैं कि भौतिक दृष्ट से कोई भी सफलता या उपलब्धि तब तक सार्थक नही हो सकती है जब तक वह देश और उसके लोगों की जरूरतों या हितों की पूर्ति नहीं करता। इस दौरान उन्होंने कॉपोर्रेट सेक्टर में लांग टर्म सस्टेनेबलिटी के लिए एथिक्स को सबसे मूल कारक बताया। इस अवसर पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर जॉर्ज सेबेस्टियन के साथ ही जमशेदपुर जेसुइट के प्रोवेंशियल जेरी कुटिना, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो, डीन एडमिन डोनाल्ड डिसिल्वा ने भी सभी को इस प्रकार के इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की उपयोगिता से संबंधित बातें बताई।

## पीएम आवास फ्लैट के निर्माण कार्यों में पेटीदारों का फंसा लाखों रुपया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिला क्षेत्र के गम्हरिया प्रखंड में आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत मिरुडीह में शहरी क्षेत्र के लिये बनाया जा रहा प्रधानमंत्री आवासीय योजना का 741, फ्लैट बनाने का काम अविनाश इन्फ्रास्ट्रक्चर एल एल पी कंपनी रायपुर छत्तीसगढ़ को दिया गया है जो पांच वर्ष बीत जाने पर भी निर्माण कार्य को पूरा नहीं कर सका। कंपनी के कॉर्डिनेटर अमित त्रिपाठी ने तो हद कर दिया जब यहां के लोगों को पेटीदारी में काम देने के बहाने लाखों रुपए फंसा दिया। जब इसकी शिकायत पेटीदारों ने श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर को लिखित आवेदन दे कर किया तो उन्होंने ने मामला को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए बार- बार नोटिस जारी कर कार्यालय में उपस्थित हो कर अपने पक्ष को रखने के लिये कहा।

## स्पीड न्यूज

### जिप सदस्य ने किया ड्रग स्टोर का उद्घाटन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के उताकी पंचायत के ग्राम बैदा में एसएस ड्रग स्टोर खुला। इसका उद्घाटन पाटन पश्चिमी के जिप सदस्य जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने किया। श्री सिंह ने दवा स्टोर के प्रोपराईटर सह समाजसेवी पारसनाथ मेहता को बधाई दी। कहा कि इस स्टोर से आसपास के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर आशीष भारद्वाज, रिंकू मेहता, परमेंद्र सिंह, डॉ कृष्ण मुरारी तिवारी, उदय नारायण तिवारी, गुप्तेश्वर पांडेय, अमरेश सिंह, आकाश विश्वकर्मा, इरसाद अंसारी, अरबिंद त्रिपाठी, कमलेश मेहता, जगमोहन साह, बिगन महतो, चंद्रदीप मेहता आदि थे।

### डंडीला खुर्द में भव्य हनुमान मंदिर तैयार



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के वार्ड नौ के डंडीला खुर्द में भगवान हनुमान का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। नौ से ग्यारह फरवरी तक विशेष पूजा अर्चना होगी। इस दौरान भगवान हनुमान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान होगा। इसके लिए नौ को कलश शोभा यात्रा निकलेगी, जो मंदिर प्रांगण से शुरू होकर रेहला कोयल नदी तट जायेगी। जहां से श्रद्धालु कलश में जल भरकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे और कलश की स्थापना होगी। मंदिर निर्माण के प्रणेता सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला व उनके पुत्र अशोक शुक्ला ने बताया कि भगवान हनुमान जी की प्रतिमा काशी वाराणसी से आ चुका है।

### गुरुकुल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**पंडवा पलामू।** पाटन मोड़ बटसारा स्थित गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने बेतला नेशनल पार्क व पलामू किला सहित कई दर्शनीय स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसका नेतृत्व हिंडाल्को के कठौतिया कोल माइंस की सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। बच्चों का नेतृत्व कर रहे प्राचार्य कृष्ण पाठक व हिंडाल्को के सुमित कुमार ने सबसे पहले पलामू का ऐतिहासिक किला पलामू किला का भ्रमण कराया। बच्चों को राजा मेदिनीराय की वीरता व एक आदर्श राजा का क्या कर्तव्य होता है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दिया। पार्क सभागार में पलामू व्याघ्र परियोजना के बायोलॉजिस्ट ऋतिक कुमार वाइल्ड लाइफ व पर्यावरण संरक्षण व उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। शोभा रानी मोहंती ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए हरेक व्यक्ति को पौधे लगाने व उसे बचाने का संकल्प दिलाया। मौके पर में विजया लक्ष्मी, रजनी, सीमा श्रीवास्तव, अनुप्रिया, संध्या, अभिलाषा ,साकेत पांडेय, नेहा, पवन, प्रीति, अनुश्री, विपिन, सहेंद्र साव, अनुज व प्रिंस आदि शामिल थे।

### ओबीसी जागरूकता रथ पहुंचा चैनपुर



**चैनपुर पलामू।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल ने 11 फरवरी को पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी के लिए की चलाये जा रहे रथ यात्रा के तहत आमंत्रण रथ चैनपुर प्रखंड पहुंचा। चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रथ यात्रा के माध्यम से आगामी 11 फरवरी दिन रविवार समय 9 बजे मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में उपस्थित होकर पिछड़ा वर्ग ओबीसी के इस जागरूकता महाअभियान सह महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। चैनपुर प्रखंड के खुरा पंचायत के प्रत्येक गांव और मोहल्ले में नुक्कड़ सभा किया गया। जिसमें शैलेश चंद्रवंशी, मुस्तकीम अंसारी, धीरज चंद्रवंशी, सुरेश ठाकुर, नुक्कड़ सभा में भाग लिये।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने दी बधाई



**मेदिनीनगर।** भाजपा पलामू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी को प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिलाध्यक्ष बनाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लड्डू खान ने उनके मेदिनी नगर स्थित आवास पर जाकर बधाई दी। लड्डू खान ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी संगठन के समर्पित सिपाही रहे हैं। वह अपने जीवन के बाल काल से लेकर विद्यार्थी जीवन में भी अभाविप जैसे सबसे बड़े छात्र संगठन के प्रदेश मंत्री तक के दायित्व का निर्वहन किया। आशा व्यक्त करते हुए लड्डू खान ने कहा कि भाजपा पलामू जिला उनके नेतृत्व में ऊंचाई को छुयेगा और आने वाले दिनों में लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो भाजपा देश और राज्य दोनों जगह अपना जीत का परचम लहरायेगी।

### बूथों पर चला दीवार लेखन कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन मंडल के विभिन्न पंचायतों में विभिन्न बूथों पर सोमवार को दीवार लेखन अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा नेता व पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री पूनम देवी, मंडल कार्य समिति सदस्य छोटू सिंह, पूर्व अध्यक्ष तुलसी सिंह, बबलू सिंह, पलक गणेश सिंह, झड़ी मियां, महेंद्र पांडे, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक तिवारी, कन्हाई राम, महेंद्र साव, अशोक साव समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूर्व सांसद ने कहा कि दीवार लेखन से लोगों को जागरूक करना है।

### कांग्रेस का मिलन सह वनभोज छह को



**विश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस पार्टी का विस स्तरीय मिलन सह वनभोज कार्यक्रम आगामी छह फरवरी को रेहला बी मोड़ के बीच ग्रासिम इंडस्ट्रीज मोड़ के पास स्थित महेंद्र शुक्ला स्मृति रिसोर्ट में होगा। जानकारी वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी अमृत शुक्ला ने खुद दी है। बताया कि इस मिलन सह वनभोज कार्यक्रम में विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नवाबजार प्रखंड सहित विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे। अमृत शुक्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट रखते हुए उनका मनोबल बढ़ाने हेतु इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन जरूरी है।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने सभी एमओ व सहायक गोदाम प्रबंधक संग उप विकास आयुक्त के सभागार में बैठक कर आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने जनवरी माह 2024 अंतर्गत एनएफएसए व माह सितंबर 2023 के आवंटन के अनुरूप चना दाल के वितरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड के तहत कार्ड धारी के बीच खाद्यान्नों का वितरण ससमय करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत पीवीटीजी समूह के लाभुकों के बीच खाद्यान्नों के वितरण में कहीं कोई गड़बड़ी न हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये।



**सप्ताह में दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहें : डीएसओ**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी एमओ को कम से कम दो दिन प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिये साथ ही उपस्थित रहने वाले तिथि को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ साझा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एमओ को 5-5 जन वितरण प्रणाली दुकानदारों का औचक रूप से निरीक्षण करने की भी बात कही। साथ ही आमजनों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो यह सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान होना जरूरी है : आनंद शंकर

- कैफे से युवाओं को कार्य करने में मिलेगी सहुलियत : अमित तिवारी
- होटल रिवर व्यू रिजॉर्ट में कैफे का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के शाहपुर में नदी किनारे स्थित होटल रिवर व्यू रिजॉर्ट में द आर डेट कैफे का उदघाटन किया गया। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दुर्गा जोहरी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अरविंद गुप्ता, पूर्व जिला परिषद चैनपुर शैलेंद्र चंद्रवंशी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के युवा जिला ध्यक्ष शुभम प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि कैफे खुलने से लोगों को नेट पर काम करने में सहुलियत मिलेगी। तकनीक युग में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि कैफे से युवाओं को कार्य करने में बेहतर माहौल मिलेगा। कैफे गरीब युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही कैफे कार्य करने में बेहतर साबित होगा। कैफे के निदेशक उज्जवल सिन्हा ने बताया कि इस कैफे में आपको बैठने के लिए प्राइवेट स्पेस की सुविधा की गयी है।

# बिल्डिंग डिवीजन पलामू बना भ्रष्टाचार का अड्डा : विजय ओझा

## गड़बड़ी को देख उपायुक्त से की टेंडर रद्द करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू बिल्डिंग डिविजन भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। कई संवेदकों के कॉल करने पर सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा भवन निर्माण कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि सोमवार को जिले का टेंडर निकला है। जिसका पेपर बिक्री की जा रही थी। परंतु जिन संवेदक का बिल्डिंग डिविजन एस्कुटिव से ग्रुप नो ओके था उसी संवेदक को पेपर दिया जा रहा था।

### विभाग की मिलीभगत से हो रहा पूर्णतः भ्रष्टाचार



संवेदक लोग भी प्रेस को अपना बयान दर्ज किया है। पिछले 17 जनवरी को भी हुई टेंडर सिर्फ मेन और डमी सिर्फ देकर लोगो का कार्य मैनेज किया गया है। इस बार भी जिसका टोकन मनी जमा किया गया था, उसी को पेपर कैशियर एजाज बिल्डिंग डिविजन दे रहे थे। जिनका पहले से तय नहीं था उनको वो बिल्डिंग डिविजन स्कुटिव से बात करने बोल रहे थे। पूर्णतः भ्रष्टाचार हो रहा है विभाग की मिली भगत से बिल्डिंग डिविजन में। सांसद प्रतिनिधि ने आज हुई टेंडर को रद्ध करने का आग्रह उपायुक्त से किया है। कहा कि बहुत जरूरी कार्य को किया जाता है पर यह जिले भर का टेंडर खुद एस्कुटिव इंजीनियर मैनेज कर टेंडर बेच रहे हं जो अन्य संवेदक के लिए कहा से उचित है । इससे सरकार का रेवन्यू भी मारा जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि सभी टेंडर का जांच हो इसके लिए कमिटी उपायुक्त बनायें। जांच के बाद बिल्डिंग डिविजन में बड़ा स्केम सामने आएगा। हर छोटे बड़े संवेदक को कार्य करने का मौक मिलेगा। मास्टर माइंड कैशियर एजाज टेंडर मैनेज में जो करीब 12 वर्षो से पदस्थापित है भवन निर्माण विभाग में गड़बड़ी कर रहा है।

# मानव तन चौरासी लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ है: पंकज जी महाराज

मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत की 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्य निषेध जनजागरण यात्रा कसियाडीह पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी सह जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज की 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्य निषेध जनजागरण यात्रा के तहत झारखंड प्रवास के दौरान सोमवार को पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत मध्य विद्यालय कसियाडीह के खेल मैदान के पड़ाव स्थल पहुंचा। लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मौके पर जयगुरुदेव सत्संग समारोह में पंकज जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि यह मानव तन चौरासी लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ है।



कार्यक्रम में मौजूद लोग व संबोधित करते महाराज श्री (इनसेट में)।

**खास बातें :** परमात्मा ने अति दया करके आप को इसलिये मानव तन दिया है कि गृहस्थ आश्रम में रहते हुए अपना आत्म कल्याण करा लें। लेकिन पैदा होने के बाद जब बड़े हुए तो यहां के सामानों को इक्ट्ठा करने और दुनिया की शानो-शौकत में यह भूल ही गये कि हमको यह मानव तन क्यों मिला है और पैदा होने से पहले भगवान से भजन करने की प्रतिज्ञा की थी। अपने इस पंच भौतिक शरीर के लिये दुनिया के सामानों को इक्ट्ठा करते हैं। लेकिन आत्मा का कोई धन नहीं जमा किया जो अन्त समय आप के काम आता हो। इसलिये आप परमात्मा की प्राप्ति वाले सन्त सत्गुरु की तलाश कर अपना आत्म कल्याण करा लें। पंकज जी महाराज ने कहा कि हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव जी ने आवाज लगाई-आप इस मनुष्य मन्दिर में बैठकर भगवान का सच्चा भजन कर लें। कहा कि चरित्र को मानव धर्म की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा सबसे पहले मानव धर्म अपनायें।

### भाजपा नेता ने प्रदेश उपाध्यक्ष को किया सम्मानित



**पाटन पलामू।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी का पदभार ग्रहण समारोह भाजपा जिला कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रभारी कालीचरण सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान के समक्ष हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान ने दोनों प्रदेश के नेताओं को माला व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

### संत मरियम विद्यालय में अंतिम वर्ष के बच्चों को समारोह में दी गयी विदाई

- बच्चो होते हैं राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद : डॉ आरके रंजन
- लक्ष्य को पाने के लिए अपने आप को तपाना है तपस्या : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** देवम इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के कांफ्रेंस हॉल में रविवार को संत मरियम विद्यालय में अध्यनरत 12वीं कक्षा के लिए विदाई सह सम्मान समारोहकिया गया। मौके पर पलामू मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आरके रंजन, संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, चार्टर्ड अकाउंटेंट सपना तुलस्यान, विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श, देवम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रो आरएन सिंह, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस असिस्टेंट प्रोफेसर पंजित लेंका, सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रो शिवराज उरांव, प्रवीण दुबे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्राओं ने भारतीय परंपरा के अनुसार सभी अतिथियों को तिलक लगाकर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, केवल सरकारी सेवा से मुक्ति मिलती हैं: अरबिंद

- रामवि दंगवार में मना हरिराम के सेवानिवृति पर विदाई समारोह
- बच्चों और अभिभावकों में मायूसी, लोगों ने माला पहनाकर दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के झारखंड बिहार सिमा पर स्थित राज्यकृत मध्य विद्यालय दंगवार के प्राचार्य हरि राम की सेवानिवृति पर भव्य विदाई समारोह की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व राज्य अध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह, जिला संघ के वरिष्ठ नेता सुनील सिन्हा, अनिल सिंह, संजय सिंह आदि विशिष्ट अतिथि में रंजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह प्राचार्य कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्राचार्या ने मां सरस्वती के तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर की कार्यक्रम की अध्यक्षता नवपदस्थापित प्रभारी प्राचार्य रामप्रवेश राम ने की। वहीं संचालन शिक्षक विजय पासवान ने किया। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षक अपना पूरा जीवन शिक्षा दीक्षा देने के साथ राष्ट्र निर्माण और बच्चों के चरित्र निर्माण में व्यतीत कर देते हैं शिक्षक की सेवानिवृत्त होने तो मात्र एक सरकारी प्रक्रिया हैं जिससे सबको गुजरना हैं लेकिन वास्तव में वह समाज के दायित्वों से मुक्ति नहीं मिलती है।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को बनी कमेटी

>> विजय कुमार रवि अध्यक्ष और अनिल कुमार बने उपाध्यक्ष



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा समाजसेवी विजय रवि और संचालन पेंटर विजय ने किया। बैठक में संत शिरोमणि रविदास जयंती को धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह के सफल आयोजन और संचालन हेतु सर्वसम्मति से एक कमेटी बनायी गयी। जिसका अध्यक्ष विजय रवि और उपाध्यक्ष अनिल कुमार को बनाया गया। वहीं विजय पेंटर को सचिव, कमलेश कुमार व रवींद्र राम को कोषाध्यक्ष तथा रामचंद्र राम उप सचिव बनाये गये। कमेटी के संरक्षक मंडली में यादुनी राम, हरिशंकर राम, शिवनाथ राम शामिल किये गये हैं। साथ ही 21 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया।

### पथरा में कररबार नदी से बीडीओ व मुखिया ने ग्रेड वन बालू चालू कराया

- बालू घाट चालू होने से होगा सर्वांगीण विकास : बीडीओ
- क्षेत्रवासी बालू का उपयोग उचित कार्यों में करें : मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा स्थित कररबार नदी से ग्रेड वन कटेगरी के बालू घाट को चालू कराया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ रौशन कुमार एवं मुखिया नरेश पासवान ने किया। बीडीओ ने बताया कि उक्त बालू घाट खाता संख्या 230 प्लॉट संख्या 914, 178, 206, 156, 145 जिसका कुल रकबा 28.84 एकड़ क्षेत्रफल है। इस बालू घाट के चालू हो जाने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।



वहीं मुखिया ने अपील की है कि अबुआ आवास एवं अन्य जनकल्याण कारी योजनाओं बाधित थी जो अब सुचारू रूप से चलेगी। जनता बालू का उपयोग सही कार्यों में करें इसका दुरुपयोग न करें।

### चालू होने से पहले ही जानलेवा हो गया यह पुल : विकास



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के पलामू जिलाध्यक्ष विकास दुबे ने चेड़ाबार से मेदिनीनगर को जोड़ने वाला कोयल नदी पर बना पुल की ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए एप्रोच पथ की मरम्मत आग्रह किया है। श्री दुबे ने कहा कि चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चेड़ाबार से मेदिनीनगर को जोड़ने वाला कोयल नदी पर बना यह पुल जानलेवा साबित हो सकता है। अभी तक यह पुल पूरी तरह से चालू भी नहीं हो सका है।

### तीसरी पुण्यतिथि पर सभी ने दी शहीद सूरज को श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा पंचायत के कोल्हुआ खुर्द गांव में शहीद सूरज दूबे की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस कार्यक्रम में श्री श्री 1008 गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज व चैनपुर उत्तरी के जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया भी शामिल थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गांव के गुरु बाबा श्री अगस्त द्विवेदी ने मंत्रोच्चारण के साथ शहीद सूरज की तस्वीर पर पूजा एवं दीप प्रज्वलित किया, तत्पश्चात श्रीगंगा पुत्र स्वामी जी महाराज ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस कार्यक्रम में पूर्वडीहा पंचायत से सैकड़ो लोगों उपस्थित थे। मौके पर लोगों ने शहीद सूरज दूबे को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व को बताया।

### चेड़ाबार के ग्रामीणों ने किया पथ निर्माण



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के चेड़ाबार के ग्रामीणों ने श्रमदान से पथ निर्माण किया है, जो काम स्थानीय जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए वह काम गांव के कुछ युवाओं ने कर दिखाया। कहा जाता है इंसान अगर कुछ ठान ले तो कोई काम असंभव नहीं होता। इसका जीता जागता उदाहरण पूर्वडीहा गांव के युवा हैं। चेड़ाबार नया पुल पार करने के बाद सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए थे जिसमें चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहन आने जाने वालों को बहुत असुविधा होती थी। जिसे देखते हुए युवाओं ने ठाना कि अब इसे जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि सही नहीं कर पायेंगे। खुद पथ मरम्मत करना होगा और पूरे दिन मेहनत करने के बाद रोड को ठीक किया। ताकि किसी प्रकार की घटना दुर्घटना नहीं घट सके। इस पुनीत कार्य को करने में सबसे बड़ा सहयोग रेलवे के टीटीई रविंद्र दुबे, पूर्वडीहा पंचायत के पंसस पति प्रदीप दुबे, युवा समाज सेवी विकास दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गांव के अन्य बुद्धिजीवी लोगों ने आर्थिक सहयोग किया।

# रिटायर होकर घर लौटे सीमा सुरक्षा बल के जवान का गांव में भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** भारतीय सेना बीएसएफ से रिटायर होकर अपने गृह जिले पलामू के बसौरा लौटने पर फौजी लालबहादुर सिंह चेरो का लोगों ने भव्य स्वागत किया। सोमवार को बसौरा पांकी रोड स्थित शहीद जितेन्द्र सिंह चेरो की प्रतिमा के समीप लोगों ने फूल माला और जयकारे के साथ उनका स्वागत किया। मौके पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने अगुवानी किया तथा पुष्प गुच्छा और शाल देकर सम्मानित किया। इसके बाद फौजी लाल बहादुर सिंह ने शहीद जितेंद्र सिंह चेरो की प्रतिमा पर फूल माला श्रद्धांजलि दिया। सभी अतिथियों ने बारी-बारी से शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। लोगों ने वंदे मातरम भारत माता की जय के नारे से जय घोष किया। 35 साल की सेवा के बाद वापस घर लौटे लाल बहादुर सिंह चेरो ने पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ विट्ठू सिंह सहित सैकड़ो की हुजूम के साथ अपने घर पर पहुंचे। जहां पहले से ही अपने बेटे के इंतेजार में खड़े पिता कुलदीप सिंह चेरो, माता दौलती देवी ने गले लगाकर स्वागत किया। मौके पर उनकी पत्नी सुनैना देवी ने आरती उतारकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। परिजनों ने कहा कि सेवानिवृत होकर बेटे का आना सुखद अनुभूति है। मौके पर पूर्णाडीह मुखिया गुड्डी देवी, बेबी कुमारी, उप मुखिया वरुण जायसवाल, मनोज सिंह चेरो, समाजसेवी सुधीर सिंह, बच्चु सिंह, सुग्रीव सिंह, वीणा सिंह, अनिल सिंह, जमुना सिंह, दिनेश सिंह, अर्जुन गुप्ता, राधा सिंह, हरवंश सिंह थे।



रिटायर जवान को सम्मानित करते पूर्व विधायक व अन्य।

# झरिया आहर सार्वजनिक शिव मंदिर के सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे लोग





दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते और लोगों को सम्मानित करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत कौड़िया पंचायत के झरिया आहार सार्वजनिक शिव मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने फीता काटकर किया। रामनवमी पूजा समिति के जनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार ने कहा कि संस्कृति कार्यक्रम से आपसी सौहार्द्र और भाईचारा बढ़ता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा भी निखरती है। मुकेश कुमार गुप्ता ने गांव के ही लोगों के सहयोग से जो इतना भव्य मंदिर बना हुआ है सनातनी धर्म के लिए गर्व की बात है। मौके पर कलाकार भोजपुरी जगत के सुपरस्टार प्रमोद प्रेमी व गायिका निधि तिवारी के बीच जमकर मुकाबला हुआ। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को रात भर झूमने को मजबूर कर दिया। मौके पर मुकेश कुमार गुप्ता, मुन्ना सिंह, मुखिया दुलारी देवी, बीससूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, उप प्रमुख शीतल सिंह निराला, शिक्षक रवींद्र सिंह, संतोष प्रसाद साव समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## झामुमो स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यकर्ता

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी झामुमो पार्टी के 52 वा स्थापना दिवस मनाने को लेकर प्रखंड के गोविंदपुर साहेबगंज मुख्य मार्ग पगला मोड से झामुमो प्रखंड कमेटी के कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडा लिए जिला प्रस्थान किए। कार्यक्रम में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र दिनेश महतो, प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु,प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, युवा जिला सचिव रामचंद्र मुर्मू, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, ऐनुल अंसारी,सचिव शत्रुघ्न मंडल, हकीमुद्दीन अंसारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्काउट्स एंड गाइड के कैडेटों को मिला प्रमाण पत्र



**जामा।** दुमका जिले के जामा प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत पलासी गांव स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बारा पलासी में आज सोमवार को स्कूली बच्चों के बीच हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाईड के जिला सचिव बीरबल दास ने स्काउट्स एण्ड गाईड का प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस दौरान जिला सचिव बीरबल दास ने बताया कि राज्य मुख्यालय के निर्देश पर जामा प्रखंड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बारा पलासी में स्कूली बच्चों के बीच स्काउट्स एण्ड गाईड के प्रवेशिका कोर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया थाएजिसमें प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बारा पलासी से 142 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। सम्बन्धित सभी छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण से सम्बंधित प्रमाण पत्र वितरण करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र शेखर हेंब्रम सहित अन्य मौजूद थे।

## त्रिदेवधाम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर विचार-विमर्श

**गोविंदपुर।** वनकाली रोड स्थित नवनिर्मित त्रिदेवधाम मंदिर की श्री श्री शिव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा, श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ एवं श्रीराम कथा की तैयारी को लेकर सोमवार को अध्यक्ष बाबूलाल सांवलिया की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। 11 से 14 फरवरी तक शाम 4 से 7 बजे तक वृंदावन की कथावाचिका माधवप्रिया ओझा श्रीराम कथा सुनाएंगी। पूर्णाहुति 15 फरवरी को होगी।

## गोविंदपुर सीओ ने पदभार ग्रहण किया

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर अंचलाधिकारी पद पर सोमवार को हजारीबाग सदर अंचल से आए शशि भूषण सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान अंचलाधिकारी रामजी वर्मा ने उन्हें प्रभार सौपा। श्री वर्मा का तबादला पलामू के बिश्रामपुर अंचल चल में हुआ है। मौके पर अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज, प्रधान सहायक संतोष कुमार सुमन आदि मौजूद थे।

# नवविवाहिता हत्याकांड में दहेज हत्या का केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी राँगामाटी के आरएमफोर 755 - 56 से रविवार को बरामद रस्सी के सहारे झूली हुई मिली टोटो चालक की नवविवाहिता पत्नी सोनाली के भाई लालू कुमार उर्फ अमित यादव ने सोनाली के पति चंदन कुमार, उसके पिता कपिलदेव प्रसाद और उसकी भाभी ममता देवी पर दहेज के कारण हत्या का आरोप लगाते हुए बलियापुर थाना को आवेदन दिया है। इस आवेदन के आधार पर बलियापुर पुलिस ने दहेज व हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जाँच कर रही है। हालांकि स्थानीय लोगों ने देवर भाभी के अवैध संबंध के कारण डिप्रेशन में सोनाली द्वारा आत्महत्या की बात की है। लालू कुमार ने अपने आवेदन में दहेज उत्पीड़न के कारण ससुरालवालों द्वारा हत्या का आरोप लगाया है। शादी के बाद से ही सोनाली के ससुराल वाले दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। सोनाली के शादी में लगभग 12 लाख रुपए दहेज देने का उल्लेख करते हुए सोनाली के पति पर अपनी भाभी ममता देवी के साथ अवैध संबंध को भी हत्या का एक कारण बताया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो। लालू कुमार ने पुलिसिया जाँच में सहयोग की बात करते हुए कहा कि चौकी के उपर पाईप के सहारे झूलता हुआ सोनाली का शव की लंबाई चौकी और पाइप की दूरी से ज्यादा थी। सोनाली के दोनों पैर मुड़े हुए थे। उन्होंने आशंका जताई है कि उक्त स्थान पर सोनाली लटक कर मर ही नहीं सकती थी।

### सोनाली की हत्या कर फंदे से लटकाया

लालू कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि सोनाली की हत्या कर उसे लटका दिया गया था और पुलिस के आने से पहले शव को उतार कर चौकी पर लिटा दिया गया था। बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव ने बताया कि सोनाली के शव को पोस्टमार्टम के बाद दोनों पक्षों की मौजूदगी में परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दहेज व हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जाँच कर रही है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसकेएमयू के डॉ अजय सिन्हा बने लोक सूचना अधिकारी



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अजय सिन्हा को एसकेएमयू का नया लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस बावत कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के आदेश पर कुलसचिव डॉण बिनय कुमार सिन्हा ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ सिन्हा अगले आदेश तक अपने नियमित कर्तव्यों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के पीआईओ का कार्यभार संभालेंगे। ज्ञात हो इनसे पूर्व विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ शम्भू प्रसाद सिंह लोक सूचना अधिकारी थे।

## छात्रों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

**धनबाद।** सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर सोमवार को पुराना बाजार स्थित आदर्श हिंदी बालिका स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट का महत्व का समझाया गया। साथ ही ग्रुप बनाकर सड़क पर नहीं चलने, यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना होने पर घायलों की सहायता करने के लिए 108 पर कॉल कर एंबुलेंस को बुलाने सहित अन्य जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा बुक वितरित कर सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में बरवा चौक और बरमसिया में नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही लोगों के बीच पैंपलेट भी बांटे गए।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम– रामनाथ लोहरा उम्र–48 वर्ष,रंग–काला, ऊँचाई–5 फीट, 06 ईंच,पहनावा– ब्लू जैकेट, काला फुल पेंट, सर पर टोपी एवं चप्पल पहना हुवा है।**

उपरोक्त लापता रामनाथ लोहरा उम्र–48 वर्ष पि0–लखीराम लोहरा स्थायी पता–सा0 उदय सिरो, पो0–करमाडीह, थाना–झालदा, जिला–पुरुलिया, वर्तमान पता सा0–लाल सिरोम टोली, थाना–चुटिया, जिला–राँची घर से जो दिनांक–07.01.24 को बिना बताये कहीं चले गये है। जिसके संबंध में चुटिया थाना– सनहा संख्या–25/24, दिनांक–15.01.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिटि रॉंची। –9431706139

थाना प्रभारी चुटिया, रॉंची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR317932 (Police)23-24*D


# बॉर्डर पर विशेष चौकसी का निर्देश

**लोकसभा चुनाव को लेकर डीआईजी ने की बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बैठक में थे शामिल**

बैठक में एसपी पाकुड़ प्रभात कुमार जामताड़ा के अनिभेष नथानी वीरभूम के एसपी राज नारायण मुखर्जी वीरभूम के एएसपी पराग घोष जंगीपुर के पुलिस निरीक्षक राजीव भटटाचार्या आसनसोल के डीसीपी आशीष मौर्यए बड़हरवा के एसडीपीओ मंगल सिंह जमुना दुमका के विजय कुमार महतो डीएसपी प्रशासन राजेंद्र प्रसाद व शिकारीपाड़ा के पुलिस निरीक्षक वकार हुसैन मौजूद थे।

**दुमका।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य के डीजीपी के निर्देश पर सोमवार को डीआइजी संजीव कुमार ने मसानजोर के मयुराक्षी रिसोर्ट में बंगाल के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें नक्सल से लेकर अपराधियों पर नजर रखने के लिए विशेष चर्चा की गई। बैठक में बार्डर पर चौकसीए अपराधियों की सूची का आदान प्रदानए नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त आपरेशनए शराबए ड्रग्सए मादक पदार्थों पर रोक लगाने और चुनाव को प्रभावित करने वालों की पहचान आदि पर विचार विमर्श किया गया। एसपी दुमका पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि यह पुलिस अधिकारियों के इंटरस्टेट बैठक थी। लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए गंभीरता से चर्चा की गई। जिले के पाकुड़ साहिबगंज जामताड़ा जिले बंगाल की सीमा से सटे हैं। इसलिए तय हुआ कि इन जिलों की सीमा पर चेक पोस्ट लगाकर जांच की जाएगी। शराब व ड्रग्स के परिवहन को रोका जाएगा। इसके अलावा दोनों राज्य के अपराधियों की सूची का आदान प्रदान किया जाएगा। दोनों राज्य की पुलिस के द्वारा एक संयुक्त व्हाटसअप ग्रुप बनाया जाएगा। इसी समूह में सारी सूचनाओं का आदान प्रदान करने के साथ आवश्यक चीजों पर चर्चा की जाएगी। दोनों राज्य के प्रयास से मतदान प्रक्रिया को बिना प्रभावित हुए शांति से निबटाया जाएगा।

## डॉ जेके सिन्हा की जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिता

**धनबाद।** बस्ताकोला स्थित शिशु विहार स्कूल में संस्थापक स्व. डॉ. जे.के. सिंहा के जन्म दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ ।जिसमें नर्सरी से कक्षा अष्टम तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया ।मुख्य अतिथि ओलंपिक एसोसिएशन धनबाद के संयुक सचिव तारकनाथ दास,विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डॉ. शोभा सिन्हा निर्देशिका, स्नेहलता वा सचिव ए.के. वर्मा का स्वागत प्राचार्या लोपामुद्रा ने किया। सभी ने संस्थापक स्व.जे. के. सिंहा की तस्वीर पर माल्यार्पण झंडातोलन वा मशाल जलाकर खेल का शुभारंभ किया।

## गोड्डा में कदाचार मुक्त होगी मैट्रिक परीक्षा

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है ।प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी चारों परीक्षा केंदों पर दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है ।बिल्कुल नियमानुसार कदाचार मुक्त परीक्षा ली जाएगी। प्रखंड क्षेत्र में रामेश्वर ठाकुर जनजाति महाविद्यालय भतखोरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय भतखोरिया बालिका उत्क्रमित उच्च विद्यालय ठाकुर गंगटी में केंद्र बनाये गये हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या – 13/2023-24/RWD/SIMDEGA दिनांक – 03-02-2024

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत (Untied Fund)

| क्र० सं० | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ठेठईटांगर | RWD/ SIMDEGA/ 13/01/2023-24 | ठेठईटांगर प्रखण्ड के कोनपाला पंचायत में जपलंगा गांव के REO पथ में RCC Culvert (2x4Mx2.5M) निर्माण। | 24.99600 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07-02-2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 15-02-2024 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17-02-2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR 317909 Rural Work Department(23-24).D


## बीसीसीएल सीएमडी ने 50 युवाओं को प्रशिक्षण के लिए किया रवाना

**प्रशिक्षण के बाद रोजगार मुहैया कराएगा बीसीसीएल**

**धनबाद।** कोयला मंत्रालय के आदेश पर कौशल विकास योजना को लेकर बीसीसीएल एवं इंडो डेनिश टूल रूम के बीच हुए समझौते के बाद सोमवार को प्रशिक्षण के लिए 50 युवाओं से भरी पहली बस को धनबाद के कोयला नगर स्थित बीसीसीएल मुख्यालय से बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रोजेक्ट के तहत चयनित युवाओं को मोबाइल रिपेयरिंग, एसी और घरेलू उपकरण तथा हैन्डहैल्ड उत्पाद का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाएगा। बीसीसीएल द्वारा धनबाद वासियों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। इसी कड़ी में कंपनी के सीएसआर के तहत परियोजना प्रभावित लोगों और उनके आश्रितों के लिए कौशल विकास एवं रोजगार प्रशिक्षण के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। जिसके तहत बीसीसीएल द्वारा इंडो डेनिश टूल रूम (आईडीटीआर) के एमएसएमई सैमसंग टेक्निकल स्कूल वाराणसी में हैन्डहैल्ड उत्पाद जैसे टेबलेट्स, मोबाईल फोन, एलईडी, एलसीडी, प्लाज्मा टीवी, होम ऐप्लाईनस में फ्रिज, एसी, माइक्रोवेब, वाशिंग मशीन आदि का प्रशिक्षण देगी।

## धनबाद में खुला पहला आर्गेनिक केंद्र, जैविक खेती का होगा प्रचार

**धनबाद।** हमारी अधिकतर बीमारियों का कारण है यूरिया, फर्टिलाईजर और केमिकल से उपजाया हमारा भोजन गौ हत्या का भी मुख्य कारण है। गौ आधारित खेती का बंद होना है ।पवित्रम गौ सेवा परिवार द्वारा पिछले कई वर्षों से जैविक खेती का गांव गांव में निःशुल्क प्रशिक्षण,गो उत्पाद का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी श्रंखला में सरायढेला, शांतिनिकेतन कॉलोनी,भारत होम्यो हॉल में पवित्रम स्वदेशी प्रचार केन्द्र का शुभारंभ हुआ । जिसके माध्यम से जन जन तक बहुत ही अच्छे मूल्यों पर समाज तक सीधे किसानों के घर से गो आधारित खेती से उपजाए हुए अन्न, ओर्गेनिक मिलेट्स, मिट्टी के बर्तन, हाथ से बिलौया देशी गो का घी,कोल्हू से निकाला गया तेल, सल्फर फ्री चीनी, ओर्गेनिक गन्ने से घर का बना गुड़,गोबर से बनी बिना केमिकल वाली धूप,गोबर निर्मित दीपक,मूर्तियां, पंच गव्य से बनी औषधियां,शैंपू, गोमूत्र अर्क इत्यादि अनेकों स्वदेशी वस्तुएं पहुंचाने के लिए प्रयास किया जायेगा ।इस अभियान से जुड़ कर हम सभी जन जन को निरोगी बनाने के, गौ हत्या को रोकने, पर्यावरण रक्षा के कार्य में सहयोग कर सकते है। इस तरह के केन्द्र अन्य शहरों में भी खोलने की योजना है। इससे वनवासी भाई बहनों, ग्रामीणों, दिव्यांगजनों को फायदा होगा।


**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)**

**PR No.-314110 Dated : 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:-278 /2023-24 दिनांक :- 03.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAN-04/2023-24 | अनगड़ा | 1 | मसरीजारा से हेसलाबेड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–7.000 कि०मी०) | 1383.388 | तेरह करोड़ तिरासी लाख अड़तीस हजार आठ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | अनगड़ा | 2 | कोयनारडीह से सुअरमारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–10.200 कि०मी०) | | | |
| | | अनगड़ा | 3 | जोन्हा टाटी सिंगारी से जराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.500 कि०मी०) | | | |
| | | अनगड़ा | 4 | सुरसु से हरजालुम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि–07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 15.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 317891 (Rural Work Department) 23-24 (D)


# धनबाद में नहीं रूक रहा अवैध बालू का उठाव

**सरकार को हो रहा राजस्व का नुकसान**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बालू लूट, ओवरलोड ट्रैक्टर, सरकार को कैसे राजस्व का नुकसान दिया जा रहा हैं और संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं सहित अन्य मामले पर झारखंड के धनबाद जिला के निरसा बालू घाट वाले और ट्रैक्टर मालीक संयुक्त रूप से सांठगाठ कर बालू की लूट कर रहे हैं। बालू कारोबारी और ट्रैक्टर वाले सुबह में एक वैध चालान कटवाते हैं। कटे हुए चलान पर दिन भर एक ट्रैक्टर लगभग बीस टिप बालू की ढुलाई करते है। बालू की लूट डुमरकुंडा घाट पर मची हुई है। अंचलाधिकारी महोदय के द्वारा तीन ओवरलोड ट्रैक्टर पकड़े गये । 12 सीएफटी बालू एवं ट्रैक्टर में ओवरलोड धुलाई करने से झारखंड सरकार खनन विभाग को राजस्व की भारी नुकसान हो रहा है। लगभग सभी बालू लदे ट्रैक्टरों का यही हाल है, जो ओवरलोड बालू लेकर जाया गया करते हैं। इस तरह से बालू घाट में ठेकेदार द्वारा बालू की लूट मचाई जा रही है, जिससे सरकार की राजस्व की नुकसान हो रहा है। साथ ही दुमुर कुंडा का बालू घाट का बालू लुट कि चरम सीमा पर है। देश रक्षक विचार मंच ने बालू लूट पर जिला प्रशासन से रोकथाम का आग्रह किया ।ईडी, खनन विभाग, उपायुक्त, सीओ, डीएसपी से कार्रवाई की मांग की है।

# जंक फूड खाने से ब्लड कैंसर की संभावना : डॉ शर्मा

**विश्व कैंसर दिवस पर एसकेएमयू में सेमिनार आयोजित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में श्कैंसर एवं पालिएटिव केयरश विषय पर एक सेमिनार आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर डॉ शर्मा ने कहा कि विकृत जीवन शैली व संवेगात्मक बिखराव कैंसर रोग के कारणों में अहम भूमिका निभाता है। कैंसर दुनिया में मौत का दूसरा प्रमुख कारण है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में कैंसर से पीड़ित 14.6 लाख से ज्यादा पाए गए । वही वैश्विक स्तर पर 2020 19.3 मिलियन लोग कैंसर से प्रभावित पाए गए । धूम्रपान, खैनी, गुटखा आदि जहां माउथ कैंसर को आमंत्रण देता है। वही अनियंत्रित व प्रदूषित खान. पान जैसे जंक फूड आदि से ब्लड कैंसर होता हैए तो गलत आचरण से सरवाइकल कैंसरए ब्रेस्ट कैंसर उत्पन्न होता है। जिसमें सभी उम्र के लोग प्रभावित होते है। कैंसर पीड़ित रोगी संवेगात्मक रूप से टूट जाते है। जिन्हें समाज. मनोवैज्ञानिक रूप से विशेष सहयोग व देखभाल की आवश्यकता होती है। कैंसर से पीड़ित रोगियों को संपूर्ण रूप से चिकित्सा व सहयोग प्रदान करने के लिए पालिएटिव व हॉस्पीस केयर की देखभाल की जरूरत होती है। पालिएटिव केयर में जहाँ रोगी को रोगमुक्त करने का प्रयास होता है व विभिन्न क्षेत्र विशेषज्ञों द्वारा उन्हें सहयोग दिया जाता है वहीं हॉस्पीस केयर में व्यक्ति को जीवन के आखरी क्षण में जहाँ डॉक्टर के द्वारा रोगी का दिन निर्धारित हो जाता है। वहाँ जीवन के जरूरी कामों व इच्छाओं को पूर्ण करने में सामाजिक रूप से विशेष सहयोग किया जाता है। मौके पर मांडवी कुमारीए नंदनी कुमारीए पूजा कुमारीए उत्तम कुमारए एलेक्जेन्दर्ए मिथलेश आदि छात्रों ने भी अपने.अपने विचार रखे।



सेमिनार में शामिल छात्र-छात्राएं और शिक्षक।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन नं0–835207 (नियोजनालय भवन, गुमला)**
Email ID-eenhgumla-jhr@nic.in & eenhgumlajhr@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
(संख्या : 02/2023-24)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 12–02–2024 तक 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 13–02–2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 13–02–2024 को 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थल : (i) कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, झारखण्ड राँची। (iii) मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, झारखण्ड राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : उपर्युक्त कंडिका 5 में वर्णित कार्यालय में।
7. **कार्यो का विवरणी** :

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Approach road and replacement of expansion joint for Chhinda River at km 177th of NH-23 under NH Division, Gumla for the year 2023-24 | 2292350.00 | 45700.00 | 5000.00 | 35 दिन |

नोटः–1. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/ ministryinfo.aspx पर Online जो कि (Pay & Accounts officer, Ministry of Road Transport and Highway Kolkata)[PAO Coade-034756 and DDO Code-202122] पदनाम से कोलकत्ता में भुगतेय हो, भुगतान के पश्चात् उसके चालान की प्रति परिमाण विपत्र के क्रय के समय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है। अंततः परिणाम विपत्र में अंकित राशि ही मान्य होगी।
3. निविदा स्वीकृत्यादेश निर्गत तिथि से तीन दिनों के अन्दर एकरारनामा संपादित कर कार्य प्रारंभ करना होगा एवं आगामी छः माह तक संपादित कार्यो का रख रखाव करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई दावे का भुगतान देय नहीं होगा।
4. निविदा का निस्तार पथ निर्माण विभाग, राँची के संकल्प संख्या 2146 (एस) दिनांक 09–09–2020 के अनुसार की जायगी।
5. अर्नेस्ट मनी/सेक्युरिटी मनी झारखण्ड के किसी डाकघर अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत रा0ब0पत्र, 3 वर्षीय, 5 वर्षीय सावधि जमा पत्र जो कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला के नाम से प्रतिज्ञिप्त हो को स्वीकार्य होगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला

PR 317873 Road(23-24)#D

# सोरेन ने विश्वास जीता

झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विश्वास मत हासिल कर लिया। सोमवार को झारखंड विधानसभा में 47 विधायकों को समर्थन से झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन की सरकार ने बहुमत हासिल कर लिया। इस अवसर पर सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि वे सभी के लिये काम करते रहेंगे। उन्होंने प्रतिपक्ष भारतीय जनता पार्टी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की सरकार है और यह सरकार उनके हितों को समर्पित है। लेकिन भाजपा गठबंधन इस सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हेंमत सोरेन ने राज्य के विकास के लिये जो काम किया उसे यह हेंमत सोरने पार्ट टू की सरकार आगे बढ़ाती रहेगी। निश्चित तौर पर यह विश्वास मत एक अस्थिरता से सरकार को स्थितरता की ओर ले जाने वाली है। यह चिंताजनक है कि दो दशक के नये निर्मित राज्य झारखंड में 12 मुख्यमंत्री का होना राज्य में एक प्रकार की राजनैतिक अस्थिरता का संकेत देता है। राज्य निमार्ण से अब तक राज्य की मूल समस्या पलायन, नक्सलवाद, गरीबी, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, आधारभूत संरचना में पिछड़ापन, शैक्षणिक संस्थाओं की कमी और शिक्षा का स्तर निम्न होना राज्य के लिये बड़ी चुनौती है। राज्य निर्माण के बाद भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, राजद और साम्यवादी दलों की सरकारे बनती रही है। राज्य की जनता हर सरकार को उम्मीद की नजर से देखती है। निश्चित ही झारखंड एक संभावना वाला राज्य है जिसका निमार्ण ही विकास के लिये हुआ है। विकास की किरण गांव तक पहुंचे यह वर्तमान सरकार की प्राथमिकता होगी। सीएम चंपई सोरेन एक वरिष्ठ राजनेता है और आमलोगों के बीच में रहते हैं। साथ ही बहुत बड़ा राजनीतिक अनुभव भी है। राज्य को इस अनुभव का लाभ मिलेगा यह तय है।

# सुप्रीम फटकार

चंडीगढ़ मेयर चुनाव की मतगणना में कथित धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख़्ती दिखाते हुए आगामी बैठकों को अगली सुनवाई तक टाल दिया है। कोर्ट ने कहा कि इलेक्ट्रोल प्रोसेस का मजाक हुआ है। कैमरे में रिकॉर्ड रिटर्निंग ऑफिसर की हरकतों को देखने के बाद चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर कैमरे की तरफ देख रहा है. वह कैमरे की तरफ क्यों देख रहा है? उसका व्यवहार संदिग्ध है। कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज और वीडियो रिकॉर्ड सुरक्षित कर आज यानी शाम पाच बजे तक हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को सौंपने का निर्देश दिया है। कांग्रेस के अधिवक्ता ने कहा कि हम 20 थे बीजेपी 16 थी। वोटिंग में 36 लोग वोट करते है। ऑफिसर ने 8 लोगों को अयोग्य करार दिया। ये सभी लोग हमारे थे। इससे आंकड़ा 20 घटकर 12 हो जाता है। हाईकोर्ट ने बैलेट को सुरक्षित नहीं रखा। बल्कि 3 हफ्ते के लिए नोटिस जारी किया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अब अगले सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा।
सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि चंडीगढ़ निगम के सत्र के दौरान मंगलवार को बजट पेश नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक बजट पेश न करने के लिए कहा है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश देते हुए कहा है कि बैलेट पेपर, वीडियो रिकॉर्डिंग ये सब दस्तावेज रजिस्टर जरनल के पास शाम पांच बजे तक जमा करेंगे। सोमवार की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि चड़ीगढ़ मेयर चुनाव के मामले में सब कुछ साफ नहीं है। इस प्रकार की घटना से चुनाव की प्रकिया पर विश्वास कम होता है और भारतीय जनता पार्टी की छवि भी धूमिल हो रही है।

# शिक्षा से ही स्वर्णिम भारत की कल्पना साकार होगी





-गिरीश्वर मिश्र

> हमारी क्षमता और कुशलता हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाए। हमको भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी होगा, फिजूलखर्ची रोकनी होगी और उत्कृष्टता को कार्य-संस्कृति में आत्मसात कर उसे लागातार बनाए रखना होगा। तभी जीवन की गुणवत्ता संवर्धित हो सकेगी। इस सोच के अनुसार आगे चलने में चरित्र और नैतिकता की केंद्रीय भूमिका होगी।

**देश** को अगले तीन दशकों के बीच यानी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाते वक्त विकसित देशों में शुमार करने का संकल्प बड़ा ही आकर्षक है। हालांकि हालात कैसे करवट बदलते हैं कोई नहीं जानता। इसलिए दावे से यह नहीं कहा नहीं जा सकता कि 2047 तक दुनिया क्या रूप ले लेगी। आज की स्थितियां बनी रहेंगी या कुछ और नक्शा बनेगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सन सैंतालीस से अब तक के दौर में इतिहास भूगोल के साथ काफी कुछ घटित हो चुका है। यह भी हो सकता है उस मुकाम तक पहुंचते-पहुंचते 'विकसित' का मायने ही कुछ और हो जाए। इसलिए इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि विकसित भारत से हमारा क्या आशय होगा। राम-राज्य चाहिए पर वह व्यवस्था जिसमें सभी कुशल क्षेम से रहें उसके पैमाने बहुत स्पष्ट नहीं हैं। आज के भारत में निश्चय ही अनेक मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलता मिली है और देश निःसंदेह आगे बढ़ा है। देश की न केवल आधार-संरचना विस्तृत और मजबूत हुई है बल्कि खाद्यान उत्पादन, स्वास्थ्य सुविधाओं, वैज्ञानिक अनुसंधान और सामरिक तैयारी आदि की दृष्टि से हमने अच्छी बढ़त हासिल की है।

फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमें आज के हालात में सुधार की बहुत गुंजाइश है। हम जहां हैं वह स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती । सभी लोग यह चाहते हैं कि जो है उससे बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय, कृषि, उद्योग-धंधों की स्थिति, कानून व्यवस्था, और अच्छे प्रशासन की ओर हम आगे बढ़ें। सुशासन की इस महत्वाकांक्षी पर जायज परिकल्पना को मूर्त रूप देने की इच्छा सब में है। सभी राजनैतिक दल इसके लिए सहमति, सक्रियता और तत्परता दिखाते लगते हैं। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में कई उल्लेखनीय कदम आगे बढ़ाए हैं। यह निश्चित ही एक बड़ी छलांग है कि आज भारत विश्व की पांचवीं अर्थ-शक्ति के मुकाम पर पहुंच गया है। हमने यह भी देखा था कि कोविड महामारी जैसी विकट संकट वाली चुनौती का सामना कर देश आगे बढ़ा और उसके झटके के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला सकने में सफल रहा।

जी20 की बैठक कई दृष्टियों से फलदायी रही है। उसके चलते आज भारत की अंतरराष्ट्रीय राजनय में साख बढ़ी है। देश और बाहर के कई सूत्रों से भारत की वर्तमान स्थिति के उत्साहवर्धक आकलन को देखते हुए अमृत-काल की परिणति के रूप में स्वर्णिम भारत का सपना स्वाभाविक लगता है। यह आकार ले सकता है और जरूर मुमकिन हो सकता है बशर्ते हमारी क्षमता और कुशलता हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाए। हमको भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी होगा, फिजूलखर्ची रोकनी होगी और उत्कृष्टता को कार्य-संस्कृति में आत्मसात कर उसे लागातार बनाए रखना होगा। तभी जीवन की गुणवत्ता संवर्धित हो सकेगी। इस सोच के अनुसार आगे चलने में चरित्र और नैतिकता की केंद्रीय भूमिका होगी।

सच कहें तो सबका लक्ष्य जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि है। यह सरकार और जनता दोनों का एक साझे का सतत चलने वाला सरोकार है। इन सबके बीच में गरीबी दूर करने का उद्देश्य सर्वोपरि स्वीकार किया गया है । स्वतंत्र भारत की आज तक की सभी सरकारें इसके लिए काम करती आ रही हैं और विभिन्न उपायों से लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास चलता आ रहा है बिचौलियों की हेराफेरी से लाभ हितार्थियों तक नहीं पहुंच पाते थे । वर्तमान सरकार ने कड़ाई से इस स्थिति पर नियंत्रण कर हाशिए पर स्थित वर्गों की सठती को सुधारने की प्रभावी कोशिश की। वित्तमंत्री के ताजे बयान कि 'इस दिशा में काफी प्रगति हुई है और लोगों की आर्थिक दशा सुधरी है' भरोसा और सुकून देने वाला है।

देश की आर्थिक सेहत सुधरने के कई संकेत मिल रहे हैं और देशी-विदेशी अनेक विशेषज्ञों की भविष्यवाणी इसी तरह की है। दूसरी ओर सामाजिक समता, न्याय , सौहार्द और जनहित के प्रयासों और उपलब्धियों की जमीनी हकीकत से आम आदमी के मन में कुछ दुविधाएं और शकाएं भी बनी हुई हैं। बाजार जिस तरह सब पर हावी होता जा रहा है इससे चिंता होती है। इस दौरान बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, नौकरशाही और न्याय व्यवस्था की मुश्किलों को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। इनके चलते आम आदमी को अनेक जंजालों का सामना करना पड़ता है। विकसित भारत के लक्ष्य की ओर लोक-यात्रा में आम जन की विपदाओं की कदापि अनदेखी नहीं की जा सकती।

विकसित भारत की कल्पना को आकार देने के लिए भौतिक और आर्थिक संसाधन ही काफी नहीं होंगे। उसके लिए चरित्रवान, प्रशिक्षित और दक्ष मानव-संसाधन की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। अब जब भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया में सबसे आगे हो चुका है देखते हुए शिक्षा चाहने वाले जन-समुदाय की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है । इस दृष्टि से देश के बजट में शिक्षा के लिए किए जीने वाले प्रावधान को यथार्थ के आकलन के अनुसार बढ़ाने की जरूरत होगी । आम सहमति के मुताबिक शिक्षा पर राष्ट्रीय बजट में छह प्रतिशत का आवंटन होना चाहिए । बड़े खेद की बात है कि इस लक्ष्य तक हम आज तक नहीं पहुंच सके हैं। इस दृष्टि से फरवरी 2024 में प्रस्तुत अंतरिम बजट के प्रावधान बहुत आशाजनक नहीं दिख रहे हैं। बुनियादी शिक्षा, स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए आवंटन में तुलनात्मक दृष्टि से पिछले आवंटन से कुछ बढ़ोतरी हुई है परंतु वह महंगाई और जरूरत के मद्देनजर नाकाफी हैं। सच्चाई यह है कि नई शिक्षा नीति के प्रावधान व्यापक हैं और बहुत कुछ और चाहते हैं। उसके अनुसार विविध प्रकार के सुधारों को लागू करने के लिए अपेक्षित संसाधनों को जुटाना संभव नहीं लग रहा है।

शिक्षा नीति- 2020 के तहत जिन बड़े लक्ष्यों के प्रति वर्तमान सरकार में बड़ा उत्साह है उनको लेकर और पिछले कुछ वर्षों में जन-चेतना बढ़ी है और उसका प्रचार-प्रसार भी खूब हुआ है । परंतु उसके प्रावधानों को कार्य रूप में ढालने के लिए जरूरी पहल और पूंजी निवेश की मंशा नहीं दिख रही है। इसमें पूर्व विद्यालय (प्रि स्कूल), स्कूल, महाविद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा के स्तर तक महत्वाकांक्षी परिवर्तन का प्रस्ताव किया

## खास बात

### कानून की अवधारणा

**सोमसुदंरम शेखरम**

भारत में कानून का एक अविभाज्य एवं मौलिक चरित्र यह है कि किसी अपराध के लिए आरोपित किए गए किसी भी व्यक्ति को अपने ही खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यह अवधारणा संविधान के उस खंड में प्रतिष्ठापित है जिसे बुनियादी ढांचा माना जाता है और जिसे बदला नहीं जा सकता है। फिर भी बीते दशकों में इसे बदलने की कोशिशें बारंबार हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में बहुमत से दिए अपने एक निर्णय में स्पष्ट, तर्कसंगत एवं प्रभावी तरीके से कहा है कि मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत अधिकारियों के समक्ष की गई अपराध स्वीकृति को साक्ष्य के तौर पर नहीं पेश किया जा सकता है।

समाज के लिए पर्याप्त रूप से उकसाऊ माने जाने वाले मुद्दों पर बने कानूनों में खुद को दोषी न ठहराने के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन पाया जाता है। खासकर मादक पदार्थों के इस्तेमाल एवं आतंकवाद से लड? के लिए बने कानूनों में आसानी से ऐसे प्रावधान पाए जाते हैं जो आत्म-दोषीकरण के विरुद्ध मिले संवैधानिक संरक्षण को कमजोर करते हैं।

आत्म-दोषीकरण के खिलाफ संवैधानिक सिद्धांत समाज के लिए महत्त्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक घटक है। अगर कानून खुद को दोषी ठहराने की अनुमति देते तो कार्यपालिका आपराधिक मामलों को निपटाने और अपराधियों की धरपकड़ के दावे कहीं आसानी से कर देती। असली अपराधी तो बच जाते लेकिन गरीबों को बुरी तरह से प्रताड़ित कर अपराध कबूल करने के लिए बाध्य कर दिया जाता और उस मामले की फाइल भी बंद हो जाती। इस तरह अपराध का सिलसिला जारी रहता क्योंकि असली अपराधी तो कानून की गिरफ्त में आने से बचे रहते और अधिक संख्या में वारदात को अंजाम देते। लेकिन अपराध के हरेक मामले को अपराध स्वीकृति के दम पर हल करने का दावा किया जाता। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह बात सिद्ध भी हो चुकी है कि इंसानी दिमाग एक अपराध-स्वीकृति के लिए गलत स्मृति भी विकसित कर सकता है।भारत में साक्ष्य का कानून किसी भी तरह के दबाव, वादे या धमकी के बाद किए गए कबूलनामे में हैं।

**विगत** 10 वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जारी विकास यात्रा लगातार गरीबों का सशक्तिकरण कर रही है। अंतरिम बजट 2024-25 में इस सशक्तिकरण अभियान को गति और सुनिश्चित दिशा देने के पर्याप्त प्रावधान हैं।

**- अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**झारखंड** विधानसभा में विश्वास मत के दौरान हमारी सरकार का समर्थन करने के लिए गठबंधन में शामिल सभी माननीय विधायकों को धन्यवाद। हमारी एकता ने राज्य को अस्थिर करने के षड्यंत्र को विफल कर दिया।

**- चंपई सोरेन, सीएम झारखंड**





**हेमंत** सोरेन जी ने आज विधानसभा में बहुत मार्मिक बात कही हम जंगल से बाहर आए, इनके बराबर में बैठ गए, तो इनके कपड़े मैले हो गए।

यह सिर्फ एक बयान नहीं, पूरे आदिवासी समाज की संयुक्त पीड़ा है।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**

# विद्यापति का कवित्व

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**महाकवि** की जन्म तिथि व जन्म स्थान की तरह ही उनकी बाल्यावस्था के बारे में भी विशेष जानकारी नहीं है।एक किंवदन्ती के अनुसार बालक विद्यापति बचपन से तीव्र और कवि स्वभाव के थे। एक दिन जब ये आठ वर्ष के थे तब अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ शिवसेंह के राजदरबार में पहुँचे। राजा शिवसिंह के कहने पर इन्होंनेदो पंक्तियों का पद्य निर्माण किया-

पोखरि रजोखरि अरु सब पोखरा।
राजा शिवसिंह अरु सब छोकरा।।

जनश्रुतियों के अनुसार विद्यापति ने प्रसिद्ध हरिमिश्र से विद्या ग्रहण की थी। विख्यात नैयायिक जयदेव मिश्र उर्फ पक्षधर मिश्र इनके सहपाठी थे। महाकवि अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ बचपन से ही राजदरबार में जाया करते थे। किन्तु चौदहवीं सदी का शेषार्ध मिथिला के लिए अशान्ति और कलह का काल था। राजा गणेश्वर की हत्या असलान नामक यवन-सरदार ने कर दी थी। कवि के समवयस्क एवं राजा गणेश्वर के पुत्र कीर्तिसिंह अपने खोये राज्य की प्राप्ति तथा पिता की हत्या का बदला लेने के लिए प्रयत्नशील थे। संभवतः इसी समय महाकवि ने नसरतशाह और गियासुद्दीन आश्रमशाह जैसे महपुरुषों के लिए कुछ पदों की रचना की। राजा शिवसिंह विद्यापति के बालसखा और मित्र थे, अतः उनके शासन-काल के लगभग चार वर्ष का काल महाकवि के जीवन का सबसे सुखद समय था। राजा शिवसिंह ने उन्हें यथेष्ठ सम्मान दिया। बिसपी गांव उन्हें दान में पारितोषिक के रुप में दिया।

## कार्टून वर्ल्ड

सोशल मीडिया का घेरा



साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### युगांतरकारी घटना

**अयोध्या** में राम-जन्म भूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा वास्तव में एक युगांतरकारी घटना है। लगभग पौन-सदी के लम्बे इंतजार के बाद यह शुभ दिन आया। अब हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम राम के जीवन के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। हमारी प्राचीन काल से चली आ रही गंगा-जमुनी संस्कृति को और अधिक समृद्ध बनायें।

**- रविकांत पाण्डेय, रातू**

### राजनीतिक पक्ष भी

**अयोध्या** में राम मंदिर का बनना तथा रामलला की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा न केवल भारत बल्कि विश्व के हिंदुओं के लिए एक सपने के साकार होने के बराबर है। अयोध्या में राम जन्म मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का निहित अर्थ जहां आध्यात्मिक है उससे बढ़कर राजनीतिक है। यह सारा कार्यक्रम भाजपा का था। अधिकांश विपक्षी दल इस राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल नहीं थे।

**-विशाल सिंह रांची**

# कॉरपोरेट घरानों को बैंक का लाइसेंस देने का वक्त

**तमाल बंद्योपाध्याय**

## आर्थिक

**इस** बारे में अंतिम निर्णय लिया जा चुका है। यह प्रतिक्रिया एक वरिष्ठ बैंकर ने उस समय दी जब उनसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंतरिक कार्य समूह की उस रिपोर्ट के बारे में पूछा गया जो निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व मानकों और कॉर्पोरेट ढांचे से संबंधित है। समूह ने अन्य बातों के साथ यह अनुशंसा की है कि बड़े कारोबारी घरानों को चुनिंदा शर्तों के साथ बैंकिंग कारोबार में प्रवेश करने दिया जाए। बैंकर का मानना है कि पश्चिम भारत के चुनिंदा बड़े कारोबारी घराने जल्दी ही बैंकिंग कारोबार में नजर आ सकते हैं।

वह ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या उन्हें कुछ ऐसा पता है जो बाकी लोगों को नहीं पता? सपाट चेहरे के साथ वह कहते हैं कि जब समूह के अधिकांश सदस्य खिलाफ थे तो यह अनुशंसा रिपोर्ट में कैसे आई? दरअसल पांच में से चार सदस्य कारोबारी घरानों को बैंकिंग कारोबार में प्रवेश देने के खिलाफ थे। यह एक अतिरंजित नजरिया है। दूसरा नजरिया कहता है यह आरबीआई की रिपोर्ट नहीं है। क्या इसे गंभीरता से लेना चाहिए? संभव है कि इस अनुशंसा को आरबीआई की इजाजत न मिले। हो सकता है अंतिम निर्णय लेने के लिए एक बाहरी समिति का गठन हो। यदि बड़े औद्योगिक घरानों को बैंक खोलने की इजाजत मिल गई तो क्या होगा? सन 2013 के लाइसेंस मानकों में भी उनके प्रवेश का विरोध नहीं किया गया था। उस वक्त करीब दो दर्जन कॉर्पोरेट घराने बैंक खोलना चाहते थे लेकिन आरबीआई ने किसी को इसके काबिल नहीं पाया। उनमें से दो ने तो चयन के पहले ही अपने आवेदन वापस ले लिए थे। एक शर्त यह थी कि बैंक का संचालन एक नॉन ऑपरेटिव फाइनैंशियल होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के माध्यम से किया जाए।

बाद में जब बैंकिंग नियामक ने स्मॉल फाइनैंस बैंकों के लिए आवेदन मंगाए तो बड़े कारोबारी घरानों को इसकी इजाजत नहीं दी गई। कार्य समूह इसे उलटकर बैंकिंग क्षेत्र को उनके लिए खोलना चाहता है। क्या जरूरी है कि इस बार आरबीआई इन घरानों को बैंकिंग कारोबार के लायक पाएगा? लोग कॉर्पोरेट के बैंकिंग कारोबार में प्रवेश के खिलाफ क्यों हैं? दुनिया भर में इस विषय पर सहमति नहीं है। जापान में इलेक्ट्रॉनिक वस्तु निमार्ता बैंक चलाते हैं। ब्रिटेन में खुदरा शृंखला मालिकों के बैंक हैं लेकिन अमेरिका में इसकी मनाही है। भारत को बैंकों की जरूरत है और बड़े कारोबारी घरानों के पास इस कारोबार के लिए पूंजी है लेकिन अधिकांश लोग उन्हें बैंकिंग में नहीं देखना चाहते क्योंकि संचालन को लेकर सवाल उठ सकते हैं। कई बड़ी कंपनियों पर लोगों का यकीन नहीं है कि वहां संचालन बेहतर होगा। कुछ ऐसे भी हैं जो बैंकिंग तंत्र का दुरुपयोग कर चुके हैं। कार्य समूह ने बैंकिंग में कॉर्पोरेट के प्रवेश को लेकर दो अहम शर्तें रखी हैं। उनमें से एक है बैंकिंग नियमन अधिनियम में संशोधन करना ताकि संबद्ध ऋण और बैंकों तथा समूह की अन्य वित्तीय एवं गैर वित्तीय कंपनियों के बीच के खुलासे से निपटा जा सके। फिलहाल अधिनियम की धारा 20 बैंकों को निदेशकों को कोई ऋण या अग्रिम देने से रोकती है। संशोधन के जरिए तथाकथित संबद्ध ऋण को रोका जा सकता है। एनओएफएचसी ढांचा भी मददगार होगा।

दूसरी शर्त है बड़ी कंपनियों के लिए आरबीआई की निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाना। इसमें यह सुझाव भी है कि बैंकिंग नियामक खुद को मजबूत बनाने के लिए कानूनी प्रावधानों का भी परीक्षण करे। परंतु आरबीआई ऐसा कर रहा है यह कैसे पता चलेगा?

(यह लेखक का निजी विचार है।)

# केन्द्र का दूरदर्शी बजट और भविष्य पर नजर



**एडी बाधवा**

## आर्थिक

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से 23.24 लाख करोड़ रुपए की कुल आय अनुमानित है और कुल खर्च 44.90 लाख करोड़ रुपए का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्तीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद का, 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से कुल आय बढ़कर 30.80 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है तो कुल व्यय 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना है। इस प्रकार वित्तीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद का, 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय घाटा कम होने का सीधा-सा अर्थ है कि केंद्र सरकार को बाजार से कम ऋण लेने की आवश्यकता होगी क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत खर्च में बढ़ौतरी के चलते आय के साधन बढ़ रहे हैं। इससे भारतीय बैंकों को निजी क्षेत्र को ऋण उपलब्ध कराने हेतु अधिक राशि उपलब्ध होगी।उसके कारण उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज हुई है एवं विभिन्न विनिर्माण इकाईयां अपनी उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग करने लगी हैं। इस स्थिति के बाद सामान्यतः विनिर्माण इकाईयों के लिए अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना आवश्यक हो जाता है। अतः अब उद्योग क्षेत्र को अधिक पूंजी की आवश्यकता होगी जिसे बैंकों से ऋण लेकर पूरा किया जा सकता है। अतः केंद्र सरकार अपने संसाधनों का उचित उपयोग करते हुए अभी से यह प्रयास कर रही है कि उसे स्वयं कम ऋण की आवश्यकता हो ताकि यह राशि उद्योग क्षेत्र को ऋण के रूप में उपलब्ध करायी जा सके। इस प्रकार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस बजट के माध्यम से पूंजीगत खर्च को बढ़ाने के बावजूद वित्तीय घाटे को कम करने का सफल प्रयास किया है।

केंद्र सरकार द्वारा प्रयास किया गया है कि भारत में सर्वसमावेशी, सर्वांगीण एवं सर्वस्पर्शी विकास हो। देश में खाद्यान की चिंता दूर हुई है। ग्रामीण इलाकों के प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग एक करोड़ नए मकान निर्मित किए गए हैं, हर घर नल योजना के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में घरों तक पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है एवं मातृशक्ति को कुकिंग गैस उपलब्ध कराई गई है। 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं ताकि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे ही इन बैंक खातों के माध्यम से हितग्राहियों के हाथों में पहुंचे। 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत 11.8 करोड़ किसानों को 6,000 रुपए प्रतिवर्ष सम्मान निधि सीधे उनके खातों में जमा की जा रही है। 4 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। फसलों की विभिन्न पैदावार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। कुल मिलाकर, पिछले 10 वर्षों के दौरान 25 करोड़ नागरिकों को गरीबी रेखा के ऊपर लाने में सफलता मिली है। इससे अब भारतीय नागरिकों की अपेक्षाएं भी बढ़ गई हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### जरबा पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्धघाटन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के जरबा में सोमवार को चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक पैक्स अध्यक्ष रामदुलार साव ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का संयुक्त रूप से विधिवत उद्धघाटन फीता काटकर किया। प्रमुख ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषकों के आर्थिक उत्थान के लिए हमेशा तत्पर है।उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में कई कारगर कदम उठाई है।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार साहू ने कहा कि ग्रामीणों के सुख-दुख में हमेशा साथ हूं।और रहूंगा।जरबा पैक्स अध्यक्ष रामदुलार साव ने कहा कि केंद्र में किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित किये गए मुल्यों पर ही धान की खरीददारी की जाएगी। इससे बिचौलिए द्वारा किसानों से औने-पौने दर पर धान खरीद पर अंकुश लगेगा। धान की खरीददारी 31 मार्च तक की जाएगी। पहले दिन कई किसानों ने पैक्स में धान की बिक्री की। मौके पर चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया सुनीता देवी,सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार साहू ,योगेंद्र साहू,सुखेंदु कुमार राय,सुधीर कुमार, घनश्याम ठाकुर, बिंदेश्वर महतो,डॉ. सागर सत्येंद्र कुमार,तुलसी महतो, राजन कुमार साहू सहित कई किसान और ग्रामीण मौजूद थे।

### सीसीएल बरका सयाल प्रबंधन ने सौंदा डी में अवैध दुकान व मकान का कराया सर्वे



सर्वे करते सीसीएल बरका सयाल के अधिकारी।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल प्रबंधन ने सौंदा डी में माइंस खोलने को लेकर सोमवार को सीसीएल के जमीन पर अवैध रूप से मकान और दुकान बनाकर रह रहें लोगो का सर्वे कराया। सर्वे मे पर्सनल ऑफिसर एके बक्शी, सिविल इंजीनियर बालमुकूंद उपाध्याय, सर्वेयर श्रीकांत गुप्ता, मिठु, सिक्युरिटी इंचार्ज उमेश प्रसाद ने सौंदा डी लेनिन चौक के पास अवैध रूप से बने दुकान और मकानो का सर्वे किया। सर्वेयर श्रीकांत गुप्ता ने बताया कि सौंदा डी में सीसीएल के आवास और जमीन में अवैध रूप से दुकान और मकान बनाकर रह रहें लोगो का सर्वे किया जा रहा है।

### यौन शोषण में एक को जेल

**टाटाझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो गांव निवासी धानेश्वर ठाकुर ने अपने पुत्री पम्मी कुमारी( बदला हुआ नाम) के साथ सतीश कुमार पिता अशोक कुमार उम्र लगभग 24 वर्ष को यौन शौषण के मामले में आरोप लगाते हुए टाटीझरिया पुलिस प्रशासन को न्याय के लिए 11 नवंबर 2023 को लिखित आवेदन देकर प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए न्याय की गुहार लगाया था। पुलिस प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज थाना कांड संख्या 46/23 दिनांक 11/11/2023 धारा 376, 504, 506 भादवि के तहत संज्ञान लेते हुए 4 फरवरी 2024 को गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायलय ले गए। जहां से अभियुक्त को हजारीबाग जेल भेज दिया गया।

### पूर्व सैनिक व अग्नि वीरों की समस्याओं को ले राहुल गांधी से मिले कारगिल फाइटर एचएन यादव



राहुल गांधी से मुलाकात करते सूबेदार एचएन यादव।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आईएजी कोल कंपनी भदानीनगर निवासी कारगिल फाइटर सूबेदार एचएन यादव (पूर्व सैनिक) ने पूर्व सैनिक व अग्नि वीरों की समस्याओं को ले रामगढ़ में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। ज्ञात हो की राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर 4-5 फरवरी तक झारखंड दौरे पर हैं। इसी क्रम में सोमवार को सूबेदार एचएन यादव ने राहुल गांधी से मुलाकात कर अग्निवीरों को भी नियमित सैनिकों की तरह ही समान सुविधाएं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। साथ ही उनके नियमितीकरण के मुददे को उठाया। मुलाकात के दौरान एचएन यादव ने वर्ष 2019-2022 तक की चयनित 1.5 लाख भारतीयों युवाओं को ज्योनिंग न देने के मुद्दे को भी उठाया। साथ ही राज्य सरकार में पूर्व सैनिकों के लिए नौकरी में आरक्षण व उनके लिए न्याय दिलाने को लेकर मजबूती से मुद्दा उठाने की बात राहुल गांधी से कही। मौके पर राहुल गांधी ने सकारात्मक पहल करवाने का आश्वासन दिया।

### स्वतंत्रता सैनानी सरस्वती देवी की जयंती के अवसर पर दी गई श्रद्धांजलि

**दारु।** झारखंड बिहार की पहली महिला स्वतंत्रता सैनानी सरस्वती देवी की जयंती के अवसर पर सरस्वती उच्च विद्यालय दारु मे एक कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गयी। सरस्वती देवी का जन्म 5 फरवरी 1901 ईस्वी को हुआ था और वह संजुक्त बिहार से जेल जाने वाली पहली महिला स्वतंत्रता सैनानी थी। इनके वंसजो ने सोमवार को विद्यालय परिसर मे स्थापित स्वतंत्रता सैनानी की प्रतिमा पर पुष्प माला देकर व दिया जलाकर देश के लिए किये गये उनके कार्य और कुरबानी को याद किया गया। इस अवसर पर सरस्वती उच्च विद्यालय के सेकड़ों बच्चों की मौजूदगी मे कार्यक्रम आयोजित कर सैनानी के द्वारा देश के लिए दी गयी कुबार्नी को नमन करते हुए उन्हे याद किया। इस अवसर पर सैनानी के वंसजो ने सरस्वती देवी की संघर्षपूर्ण जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भैया मारुती शरण सहाय, भैया कौशलेंद्र कुमार, भैया अनुपम सहाय, शारदा सहाय, दीपा सहाय, दिव्या सहाय भया मुकेश, भैया सुकेश सहाय, भैया सुमित सहाय अधिवक्ता हाई कोर्ट रांचि, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद, पूर्व प्रधानाध्यापक ताजुद्दीन अहमद, मध्य विद्यालय दारू बालक के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर, मंजू देवी, प्रत्युष मिश्रा, राजेश राम, महादेव ठाकुर आदि मौजूद थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी ने गांधी चौक से सुभाष चौक तक खुली जीप में किया भ्रमण

# मेरा लक्ष्य देश में भाईचारा लाना: राहुल गांधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों का अभिवादन करते।



साइकिल से कोयला ढोलेवालों की परेशानी जानने का प्रयास करते।

**रामगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। सोमवार को वे रामगढ़ स्थित सिद्धू कान्हू जिला मैदान से खुली जीप पर सवार होकर निकले। इसके बाद गांधी चौक पहुंचे। जहां गांधी जी की प्रतिमा को नमन किया और उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगे बढ़ी। जहां से वे एक खुली जीप पर सवार होकर समर्थकों की भीड़ के साथ आगे बढ़ते चल रहे थे। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। लोगों की भीड़ से उत्साहित कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा की बीजेपी-आरएसएस द्वारा देश में नफरत का माहौल खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है। कहा की इस यात्रा द्वारा हम लोगों को संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं की जो नफरत का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उसे कांग्रेस पार्टी दूर कर देश में भाईचारे का माहौल बनाने में लगी है।

केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा की किसान, मजदूर और युवा बेरोजगारों का हक और अधिकार छीनकर पूंजीपतियों को देने में लगी है। कहा की केंद्र सरकार की नोटबंदी और जीएसटी ने छोटे व्यवसायियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कहा की इस न्याय यात्रा द्वारा हम लोगों को केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों की जानकारी दे रहे हैं। ताकि उन्हें मालूम हो की केंद्र सरकार किस तरह उनके साथ अन्याय कर रही है। कहा की कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा किया है और करती रहेगी।

**लोगों की उमड़ी भीड़**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को रामगढ़ में निकली। इस मौके पर कांग्रेस नेता एक खुली जीप में सवार थे। इस दौरान राहुल गांधी को देखने और उनका भाषण सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़क पर निकल पडे।

**टिकैट उमरांव सिंह और शेख भिखारी को दी श्रद्धांजलि**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब चुटूपालू घाटी पहुंची। तब वे वहां स्थित शहीद स्थल गये। जहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी टिकैत उमरांव सिंह और शेख भिखारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ये हुए शामिल**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, बजरंग महतो, जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, शांतनु मिश्रा,बलजीत सिंह बेदी, मुकेश यादव, खोगेंद्र साव, केडी मिश्रा, आनंद प्रताप सिंह, चमन लाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक शामिल थे।

**साइकिल से कोयला ले जानेवालों की जानी परेशानी**

चुटूपालू से गुजरने के दौरान राहुल गांधी की नजर साइकिल में कोयला ले जा रहे युवकों पर पड़ी। तब राहुल गांधी ने कोयला ले जा रहे युवकों से बातचीत की। राहुल ने कहा की 200 किलो कोयला लेकर चलने वाले इन युवकों की कमाई बहुत कम है। इससे इनके परिवार का गुजारा संभव नही है।

दस माह से नही मिला था मानदेय, पूर्व विधायक व मुखिया ने मुआवजा की कही बात

## मछली लदा पिकअप वैन की चपेट में आने से गार्ड की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ग्रामीणों को समझाते पुनि रोहित सिंह व अन्य।

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव एनएच02 पर गंगटाही पुल के पास मछली लदा पिकअप वैन संख्या डब्लूबी 25 एल 3628 की चपेट में आने से साइकिल स्वर गार्ड धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी 55 वर्षीय चेतलाल महतो पिता चुंदिल महतो की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के सहयोग से चेतलाल महतो को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने गांव से पटना रोड ओवरब्रिज में गार्ड की नौकरी करने जा रहे थे, इसी दरम्यान घटना घटी। जीडीएसएस नामक कम्पनी में बतौर गार्ड पदस्थापित थे। घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह व सीओ रामनारायण खलखो अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त किया। मृतक के परिजनों ने बताया कि पिछले दस महीना से बकाया राशि बाकी है, इसकी मांग उन्होंने कंपनी से की। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त किया और कंपनी के मैनेजर से वार्ता करते हुए उन्हें मुआवजा देने की बात कही। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, अनिल प्रसाद, मंटू कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, केसो महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**बड़कागांव।** बड़कागांव में एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार का पदभार ग्रहण करने के पश्चात बड़कागांव पुलिस अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। श्री कुमार पांचवी जेपीसी 2016 बैच के अधिकारी हैं। इससे पूर्व एसडीपीओ खूंटी, एसडीपीओ चैनपुर गुमला, पुलिस उपाधीक्षक बोकारो नगर में सेवा दे चुके हैं। पदभार ग्रहण के बाद पत्रकारों से औपचारिक मुलाकात में श्री कुमार ने कहा कि क्षेत्र की जनता एवं प्रबुद्ध लोगों के सहयोग की अपेक्षा है। वहीं पुलिस भी तत्परता से जनता की सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी। मौके पर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की, थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा, गिद्दी थाना प्रभारी सुधीर प्रसाद साहू, डाडीकला सहायक थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं उरीमारी ओपी प्रभारी बीरबल करमाली सहित कार्यालय सहायक एवं लिपिक उपस्थित थे।

### भुरकुंडा छठ मंदिर प्रांगण में अप्रैल माह में होगा सूर्य षष्ठी महायज्ञ

- सौंदा डी और भुरकुंडा के धर्मानुरागियों की बैठक में लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** छठ पूजा समिति के तत्वावधान में रविवार को छठ मंदिर भुरकुंडा प्रांगण में सौंदा डी और भुरकुंडा के धमार्नुरागियों की बैठक हुई। बैठक में नलकारी नदी स्थित छठ मंदिर प्रांगण महायज्ञ कराने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अप्रैल माह में छठ मंदिर परिसर में सूर्य षष्ठी महायज्ञ कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही महायज्ञ की तैयारी, साफ-सफाई सहित अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान कोविड के कारण वर्ष 2020 में महायज्ञ को स्थगित करना पड़ा था उसपर भी चर्चा की गई। मौके पर मुखिया अजय पासवान, विनय सिंह, अमृत सागर, विजय कुमार दुबे, शिव कुमार दास, सतीश कुमार, अरूण राम, विजय राम, आजाद भुंइया, जग्गू घांसी, देवकरण यादव, दीपक कुमार, विकाश कांत सिन्हा, संजय मिश्रा, श्रीनिवास अग्रवाल, अप्पू मिश्रा, केसी दास, रूदल राउत, रविन्द्र राम, भोला, उपेंद्र शर्मा, संतोष रजक, राकेश सिन्हा, संजय भारती, भीखन राजभर, अंगद पंडित, राजेश मिश्रा, विजय कुमार, देवनारायण कोल, अशोक सिंह, सुभाष दास, रणविजय सिंह सहित सौंदा डी और भुरकुंडा के दर्जनों धमार्नुरागी मौजूद थें।

### आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजमो पार्टी की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल लोग।

**बड़कागांव।** बड़कागांव सोनी धर्मशाला में भारतीय जनतंत्र मोर्चा पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता नंदलाल राणा एवम् संचालन बालदेव गंझु ने किया। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु प्रखंड कमिटी, पंचायत कमिटी एवम् बूथ कमिटी निर्माण को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भाजमो पार्टी केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय शामिल हुई। उन्होंने कहा कि हमलोग सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा के बैनर तले पार्टी को बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र में मजबूत करने का कार्य करेंगे। वही पार्टी का आदेश होगा तो विधानसभा चुनाव भी लड़ा जाएगा। बैठक में मौजूद लोगों ने निशि पांडेय का स्वागत करते हुए कहा कि आपके हर कदम से कदम मिलाकर हमलोग चलेंगे और आपके अंतिम विश्वास तक साथ देंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार, संजय मिर्धा, शेर सिंह, महेश पाठक, राहुल चौरसिया, गौतम वर्मा, सुनील नायक, मनोज सोनी, बबलू खान, मनोज महतो, राहुल पासवान, समाजसेवी महेश सिंह, नागेंद्र कुमार, लालचंद महतो, अनिल सोनी, अमित मेहता, आनंद कुमार आदि उपस्थित थे।

### चंदा संग्रह को लेकर श्रद्धालु हुए रवाना



चंदा राशि संग्रह को लेकर जाते श्रद्धालु।

**कुजू।** करमा में आगामी 2 मार्च से सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को शिवालय परिसर से दो अलग-अलग वाहनों में श्रद्धालुओं का जत्था करीब 50 की संख्या में चंदा राशि एकत्रित करने के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व यज्ञ समिति के सदस्यों ने रवाना होने वाले श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र देकर विदा किया। मौके पर सदस्यों ने कहा कि आयोजित होने वाला सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ भव्य और विराट रूप में होगा। जिसमें लागत राशि काफी अधिक आएगी। जिसके मदेनजर राशि का संग्रह होना काफी महत्वपूर्ण है। मौके पर संरक्षक माथुर साव, डॉ हरिशंकर बिहारी, कीनू रविदास, अध्यक्ष शक्ति कुमार महतो, सचिव शंकर प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजय कुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष अशोक प्रसाद, उपाध्यक्ष डोमन ठाकुर, नरेश मुंडा, विजय महतो, रोहन महतो, अनिल गुप्ता, गुड्डू वर्मा, महेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

श्री श्री 1008 सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर हुआ ध्वजारोहण

## 16 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा नौ दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत : राजसिंह

- पूर्व विधायक मनोज यादव समेत पूजा कमिटी के पदाधिकारी व सैकड़ो श्रद्धालु हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



यज्ञ ध्वजारोहण में शामिल पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व अन्य।

**बरही।** श्री श्री 1008 सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ हेतु यज्ञ ध्वज स्थापना एवं भूमि पूजन का अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के धमानुर्यायी एवं दैव्य उपासक शामिल हुए। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। ध्वजारोहण में मुख्य यजमान नागेश्वर प्रजापति सपरिवार, पंसस जीतू ठाकुर सपरिवार, सुरेश राणा सपरिवार व बासुदेव सिंह सपरिवार शामिल होकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किए। मुख्य आचार्य रामचन्द्र पांडेय, परमानंद पांडेय, कामेश्वर पांडेय, महेंद्र पाण्डेय, कृष्ण पांडेय, लखन पाण्डेय, उपेंद्र पांडेय, गौतम पांडेय, जगदीश पांडेय, जीवलाल पाण्डेय, अजय पांडेय ने पूजा अर्चना कराया। ध्वजारोहण पूरे बरहीडीह होकर बरही के सभी मार्गो में घूमते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस बाबत मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में महायज्ञ का आयोजन 16 फरवरी से शुरू होकर 24 फरवरी को पूणार्हुति किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को झंडारोहण व भूमिपूजन, 16 को कलश यात्रा, 5 दिनों तक कथा प्रवचन, दो दिन जागरण और दो दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति कार्यक्रम किया जाएगा। 24 फरवरी को महाभण्डारा के साथ महायज्ञ का समापन किया जाएगा। ध्वजारोहण में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भगवान केशरी, मुखिया समशेर आलम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, पूनम यादव, महेश ठाकुर, अशोक सिंह, मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, सचिव राजवंशी सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## एक नजर में

### स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर है प्रयत्नशील : रोहित सिंह

जूनियर गतका स्टेट चैंपियनशिप में श्रीदस स्कूल रहा अव्वल




गतका में अव्वल आये श्रीदस स्कूल के बच्चे।

**बरही।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में गतका खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मैडल जीतने वाले सभी खिलाड़ी मौजूद रहें। बता दें कि बीते 4 तारीख से खेलें गए तृतीय जूनियर गतका स्टेट चैंपियनशिप में श्रीदस स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल से 31 प्रतिभागी इस चैंपियनशिप में भाग लिए। अंडर 10 और अंडर 12 कैटेगरी में स्कूल को प्रतिनिधित्व करते हुए बच्चों ने बेहतर खेल खेलते हुए 31 मेडल अपने नाम किया। 10 गोल्ड, 11 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज लाकर ओवरऑल स्कूल टैली में श्रीदस टॉप पर रहा। इस दौरान श्रीदस स्कूल को चैंपियन ऑफ द चैंप्स की ट्रॉफी से भी नवाजा गया।विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन से खुश नजर आए।उन्होंने इसका श्रेय बच्चों की मेहनत व स्कूल के शिक्षकों को दिया। उन्होंने उम्मीद जताया है कि आगे भी उनके स्कूल के बच्चे नेशनल टीम में जगह बनाते नजर आएंगे। इस दौरान रोहित सिंह ने स्कूल के स्पोर्ट्स कोच सुमित कुमार और हर्ष सिंह की भी सराहना की। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहें।

### भटक कर भुरकुंडा पहुंची महिला को बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने भेजा आंध्र प्रदेश



भटकी महिला का हालचाल लेते महाप्रबंधक अजय सिंह।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका–सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने भटक कर भुरकुंडा पहुंची राजमुंदरी सम्मलकोटा आंध्र प्रदेश की वृद्ध महिला सौभाग्य लक्ष्मी को सोमवार को उसके गांव भेजने की व्यवस्था की। मुखिया अजय पासवान व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से महिला पिछले एक सप्ताह से भुरकुंडा अस्पताल में शरण ली हुई थी। स्थानीय लोगो ने बताया कि महिला सौभाग्य लक्ष्मी को एक सप्ताह पूर्व रात्रि में भुरकुंडा रेलवे लाईन सुनसान जगह पर देखा गया। जहां से समाजसेवियों ने बीमार वृद्ध महिला को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया और सीसीएल प्रबंधन से आग्रह कर अस्पताल में ही रखा। महिला हिन्दी नही जानती थी जिसके कारण लोगो को उसकी भाषा समझ में नही आ रहा था। जिसकी जानकारी मिलने पर बरका–सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने उरीमारी प्रोजेक्ट में काम कर रही बीजीआर आउटसोर्सिंग कंपनी से बात कही। बीजीआर कंपनी ने आंध्र प्रदेश में रहने वाले अपने कर्मचारी श्रीनिवासन से बात की। जीएम श्रीनिवासन के साथ भुरकुंडा अस्पताल पहुंचे। जहां श्रीनिवासन ने महिला से अपने क्षेत्रीय भाषा मे बातचीत किया। महिला श्रीनिवासन से खुलकर बात करते हुए भावुक हो गई। महिला का पता मिलने के बाद जीएम ने दो लोगो के आने जाने का टिकट कन्फर्म कराया। सोमवार को रांची स्टेशन से श्रीनिवासन वृद्ध महिला को लेकर राजमुंदरी सम्मलकोटा के लिए रवाना हुए। इधर बरका–सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बताया कि भुरकुंडा की जनता के जागरूकता के कारण महिला अपने गांव जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला ट्रेन से सफर कर रही थी। इसी दौरान ट्रेन पतरातू में काफी देर तक रुकी। जिसके बाद महिला पतरातू में ही उतर गई। भटकती हुई महिला भुरकुंडा पहुंच गई। स्थानीय लोगो ने महिला भुरकुंडा अस्पताल मे शरण दिलाया।

### बिना पढ़ाये ली गई परीक्षा में छात्रों को मिले ग्रेस नंबर : चंदन सिंह



चंदन सिंह व अन्य।

**हजारीबाग।** साइबर डिफेंस और मैथमेटिकल एंड कंप्यूटेस्नल थिंकिंग की पढ़ाई विश्वविद्यालय के किसी महाविद्यालय में नहीं करवाई जाती। इन मुद्दों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का छात्र संगठन कई बार पूर्व में भी विश्वविद्यालय को आवेदन दे चुका है। महाविद्यालयों में पढ़ाई करवाए बिना ही विश्वविद्यालय इन विषयों की परीक्षा ले लेती है जिसके कारण हजारों छात्र थर्ड सेमेस्टर में नहीं जा पायेंगे। छात्र मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल छात्रों के साथ आज परीक्षा नियंत्रक से मिलकर छात्रों की समस्या से अवगत करवाया। पूरे मामले को सुन कर परीक्षा नियंत्रक सुनील दुबे ने छात्राओं को अस्वस्त किया कि मामला काफी गंभीर है और इसे परीक्षा परिषद में जल्द ही उठाया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि जल्द ही परीक्षा परिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। छात्राओं ने कहा कि महिला महाविद्यालय में शिक्षकों की घोर कमी है और जल्द ही मामला का समाधान नहीं हुआ तो वो आंदोलन को बाध्य होंगी। छात्राओं के साथ मौके पर चंदन सिंह, इमरान खान, सुनील मेहता, साजन मेहता, रोहित कुमार मौजुद थे।

स्पीड न्यूज

## बच्चे हमारे देश के भविष्य है : आयुष

**लोहरदगा।** आजसू नगर उपाध्यक्ष आयुष गोयल के नेतृत्व में शांति आश्रम के बच्चो को कॉपी, पेन, नाश्ता सहित अन्य सामग्रियां वितरित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा की बच्चे ही हमारे समाज और हमारे देश की रीढ़ है । ये शिक्षित होंगे तभी हमारा समाज और देश प्रगति के मार्ग पर जायेगा। पाठन सामग्री वितरण में आजसू नगर प्रधान सचिव कुमार अभिषेक, नगर उपाध्यक्ष हर्षित अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव एवं शांति आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य एवं अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## डीईओ ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

**लोहरदगा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं को खाने के लिए तरसाया जा रहा है। यह मामला लोहरदगा के किस्को प्रखंड का है। स्कूल और छात्रावास में बद इंतजामी खासकर घटिया खाना दिए जाने के विरोध में स्कूल की सभी छात्राएं पैदल 12 किलोमीटर चलकर लोहरदगा के उपायुक्त और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पहुंच गईं। करीब 100 की संख्या में शिकायत करने जिला मुख्यालय पहुंची छात्रों में काफी आक्रोश था। कई छात्राओं ने रात से खाना नहीं खाया था।

## श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित हुए उत्तम मुखर्जी

**लोहरदगा।** प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2023-24 ललमटिया, गोड्डा में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के तात्कालिक प्राचार्य उत्तम मुखर्जी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रांतीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सम्मानित किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का सम्मान प्रदेश सचिव अजय तिवारी के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र मंत्री रामावतार नारसरिया, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा अन्य प्रांतीय अधिकारी एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता और प्रधानाचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समिति द्वारा लाभुकों के चयन हेतु आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में प्रखण्ड स्तरीय समिति से अनुसंशित सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित की गई। टाना भगतों को योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्रीकांत बरबुदे, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता केरकेट्टा समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित भूमि सत्यापन जल्द पूर्ण करेःडीसी

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि व संबंधित विभागों की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित भूमि सत्यापन के लंबित अभिलेखों को सभी अंचलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सत्यापन का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। पीएम फसल बीमा योजना से संबंधित किसानों का लंबित घोषणा-पत्र एक सप्ताह में प्राप्त कर भेजे जाने का निदेश सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया।

## निशुल्क मिर्गी जांच शिविर सदर अस्पताल में आज

गुमला। जिले में मिर्गी के मरीजों के इलाज के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार 6 फरवरी को सदर अस्पताल गुमला में एपिलेप्सी ( मिर्गी) के मरीजों के लिए निः शुल्क मिर्गी रोग जांच एवं इलाज हेतु प्रोजेक्ट आशा के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रांची के रिम्स अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंटल हेड डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा जिले के मरीजों का चेकअप किया जाएगा। साथ ही मिर्गी के मरीजों को निः शुल्क दवाई भी दी जाएगी।

# उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बिमरला पंचायत सचिवालय में कैंप कोर्ट का किया आयोजन

### ग्रामीणों ने बच्चों को अच्छा स्कूल के लिए बस व सड़क की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को बिमरला पंचायत सचिवालय में कैंप कोर्ट का आयोजन किया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा पारंपरिक नृत्य व गान से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी का स्वागत किया। इस क्रम में हिंडाल्को कंपनी के द्वारा खनन के लिए जमीन के मालिकों से बारी-बारी से पूछ ताछ किया गया। साथ ही उपयुक्त ने सभी लोगों को समझाते हुए कहा है की जमीन आपका है। आप जमीन के मालिक हैं। किसी के बहकावे में या डर से जमीन हिंडाल्को को या किसी को नहीं देना है। साथ ही उन्होंने कहा पैसा सभी अपने खाता पर लेंगे। नगद पैसा नहीं लेंगे। आपको कोई डरा नहीं सकता। यदि ऐसी किसी भी तरह की बात हो तो मुझे बेझिझक कहें। जिस पर सभी ने मंजूरी से जमीन देने की बात कही। वहीं एक रैयत का नाम फर्जी तरीके से उपायुक्त के समक्ष पेश किया गया। जिस पर उपायुक्त ने जमकर हिंडाल्को के कर्मियों को फटकार लगाया। पोड़हा बसारटोली ग्राम निवासी बिरसी देवी से पूछताछ के दौरान बिरसी के दस्तावेज में बिरसी के पति को हिंडाल्को के द्वारा मृत बताया गया। जबकि बिरसी ने बताया कि उसके पति एतवा उरांव जीवित हैं। जिसके बाद उपायुक्त जमकर फटकार लगाते हुए अपने कर्मचारियों को हिंडाल्को के ऊपर 20 लाख रुपए का पेनालटी लगाने की बात कही। इसके बाद उपायुक्त ने आम लोगों से मुलाकात किया। इस दौरान आम लोगों के बीच जमीन पर बैठकर ही उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। इस क्रम में ग्रामीणों ने कहा आने जाने के लिए सड़क नहीं है।

सड़क का मांग किया गया। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क नहीं रहने के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं और ऐसा घटना हमारे बीच हमेशा होता रहता है। कई वर्षों से हम लोगों ने सड़क बनाने का मांग किया वोट बहिष्कार भी किया जिसके बाद भी आज तक हमारा सड़क नहीं बना। जिस पर उपयुक्त ने कहा अब मैं आ गया हूं आप लोगों को चुनाव बहिष्कार करने का नौबत नहीं आएगा। आपका सड़क बनेगा। साथ ही ग्रामीणों ने कहा डीएमएफटी फंड का पैसा आता है। लेकिन हमारे इलाके में विकास नहीं हुआ। ग्रामीण महिलाओं ने उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि हिंडाल्को के द्वारा एक स्कूल बस हमें दिया जाए ताकि हम अपने बच्चों को अच्छे विद्यालयों में भेज कर पढ़ा सके। जिस पर हिंडाल्को के मैनेजर को बुलाकर उपयुक्त ने 15 दिन के अंदर स्कूल बस देने का निर्देश दिया है। आदिम जनजाति परिवार के लोग हैं और जो भी जरूरतमंद है उसे जल्द से जल्द सरकारी लाभ देने का निर्देश बीडीओ को दिया है। इस मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार,मुखिया चांदनी उराव के अलावा कई प्रखंड के कर्मी व जिला के कर्मी मौजूद थे।



जमीन पर बैठकर ग्रामीणों की समस्या से रूबरू होते उपायुक्त

## डीसी और एसपी ने बाबा दु:खन शाह के मजार पर की चादरपोशी



चादरपोशी करने जाते डीसी, दुआ मांगते अधिकारी, सलामी देते पुलिस जवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** बाबा दुखनशाह के सालाना उर्स के मौके पर सोमवार को डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ के साथ कई पुलिस पदाधिकारियो ने बाबा दुखनशाह के मजार पर चादरपोशी की। मौके पर अधिकारियों ने जिले के अमन-चैन की दुआएं मांगी। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों द्वारा मजार पर सलामी दी गई। इससे पूर्व डीसी, एसपी व अंजुमन के पदाधिकारियों ने सदर थाने से चादर लेकर मजार पहुंचे व चादरपोशी की। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों द्वारा जिले के अधिकारियों की पगड़ीपोशी की गई। अधिकारियों द्वारा चादर पोशी के पश्चात चादरपोशी का सिलसिला प्रारम्भ हो गया। अधिकारियों ने जिले के साथ-साथ राज्य और देश की उन्नति और शांति की दुआएं मांगी। लगातार दो दिनों तक बाबा दुक्खन शाह के मजार पर चादर पोशी की प्रक्रिया जारी रहेगी। उर्स में जिले के अलावे दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं। वहीं उर्स के अवसर पर दो रात कव्वाली का भी आयोजन किया जाता है। मौके पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, अंजुमन के सदर हाजी अफसर कुरैशी, सेकेट्री सफदर आलम, नाजिम ए आल जबारुल अंसारी समेत बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद थे।

## लापता व्यक्ति का शव कुंए से बरामद

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के कुला बीरा पहान टोली निवासी 51 वर्षीय भादो खड़िया पिता स्वर्गीय सोमरा खड़िया का शव सोमवार की सुबह पुलिस ने गांव के एक कुएं से बरामद किया। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति शुक्रवार की रात से लापता था। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने बताया शुक्रवार की शाम वह गांव में घूमने निकला था। इसके बाद गांव में ही शराब का सेवन कर लिया। संभवत वह घर आ रहा था। सड़क किनारे स्थित कुएं में अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## सोलर पावर ग्रिड का किया गया अधिष्ठापन



गांव में लगा सोलर पावर ग्रीड

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के सारंगों पंचायत अंतर्गत जल्हनटोला में बिजली आपूर्ति की सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त क्षेत्र में सोलर पावर ग्रीड लगाने का कार्य आज पूर्ण किया गया। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से जरेडा के द्वारा स्विचर कंपनी के सहयोग से इस कार्य को सफलता पूर्वक किया गया। जल्हनटोला के 20 घरों के लिए 10 केवी सोलर बिजली कनेक्शन से उक्त टोले को अच्छादित कर दिया गया है। उक्त टोले में नए सोलर सिस्टम का पूरे टोल को बिजली से अच्छादित किया गया। जिसके लिए ग्राम वासियों ने अपना आभार सरकार के प्रति व्यक्त किया।

## पेड़ पौधे के संरक्षण को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



फोटो 3 में कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते अनिरूद्ध चौबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर, मलगो और कोडले गांव में वन विभाग गुमला द्वारा तृतीय चक्र के निमित बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। बैठक में लोगों को जागरुक करते हुए वन संरक्षण, वन जीवन संरक्षण, समुदाय भागीदारी, जल संरक्षण, वन में आग ना लगाना, अवैध कटाई, अवैध अतिक्रमण, जैसे कई विषयों पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। मौके पर बिभाग समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि हम सभी को वृक्षो का संरक्षण करने के लिए आगे आने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलों में पेड़ पौधे के हो रहे अवैध कटाई को हम सभी को मिलजुल कर रोकने की जरूरत है। वही सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में वृक्षों की रक्षा करने को लेकर नारा लगाया। मौके पर राजू उरांव, माधव, सोमनाथ उरांव, बिनोद उराव, शनि असुर सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## हमारा संगठन सशक्त हैं और हमारे कार्यकर्ता सक्षम : सुनीता सिंह

### भाजपा की बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री ,सहित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के मंडल संयोजक एवं सदस्यों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथि प्रदेश भाजपा मंत्री सह जिला प्रभारी सुनीता सिंह,पूर्व मंत्री सधनू भगत, पूर्व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ,बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि हमारा संगठन सशक्त हैं हमारे कार्यकर्ता सक्षम। हमारे केंद्र की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में देश ही नहीं पूरे विश्व में डंका बज रहा है। पूरे विश्व के लोग भारत की ओर देख रहे हैं। हमारा केंद्र सरकार जो गांव का विकास कर रहा है पिछले 60 वर्षों में वह विकास नहीं हुआ था। हमारे सभी कार्यकताओं से आग्रह है केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाकर पहुंचाना है और बताना है कि यह सभी योजना मोदी जी के द्वारा दिया जा रहा है। आज महिला सशक्त हो रही है पंचायत सशक्त हो रहे हैं युवा सशक्त हो रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण हमारी केंद्र सरकार की सभी योजना है चाहे महिलाओं को उज्जवला गैस, महिला समूह को दिया जाने वाला अनुदान ,किसानों को दिया जाने वाला किसान सम्मन निधि, स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न तरह के प्रशिक्षण कौशल विकास के तहत है, संगठन का कार्यक्रम चलो गांव की ओर इस कार्यक्रम में हमारे सभी पदाधिकारी गांव गांव जाकर केंद्र सरकार की योजना को की जानकारी देंगे। आने वाला लोकसभा चुनाव में 400 पार लोकसभा सीट जितना लक्ष्य को हमें पूरा करना है। पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि एक एक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पुराने एवं सक्रिय कार्यकर्ता से मिले और उनकी समस्या जानते हुए उन्हें एक्टिव करें ताकि आने वाला समय में उन्हें चुनाव में ज्यादा से ज्यादा उनका हम लाभ ले सकें। जिला अध्यक्ष मंनिर उरांव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत हमारी केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को दिए जाने वाले लाभ स्वयं सहायता समूह हो चाहे बालिकाओं को दिए जाने वाला लाभ सभी योजना केंद्र सरकार की है इसे हमें घर-घर तक पहुंचना है संगठन का उद्देश्य है कि हम सभी को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा वोट हासिल कर अपना सांसद विधायक बनना ही एक राजनीति कार्यकर्ता उद्देश्य होता है।ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि आज हमारा केंद्र सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर दिख रही है चाहे पंचायत की योजना हो प्रखंड की योजना हो या जिला स्तर की बड़ी-बड़ी योजना सभी योजना केंद्र सरकार का है ।आज नेशनल हाईवे अच्छी सड़क बन रही है यह सभी केंद्र सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आस्था ट्रेन के माध्यम से कार्यकताओं एवं समर्थकों को रामलाला का दर्शन करने की योजना है इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग पंजीयन करा कर निर्धारित शुल्क जमा करें ताकि जल्द से जल्द पंजीयन के पश्चात अयोध्या जाकर रामलीला का दर्शन कर सकें। राजकिशोर महतो ने शक्ति बंधन कार्यक्रम एवं रामलला दर्शन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम में मंदिर उरांव को पुनःजिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने माला पहनकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही प्रदेश नेतृत्व को आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह एवं धनबाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष नीरज नलिन ने किया । कार्यक्रम के अंत में कुडू मंडल सांसद प्रतिनिधि भूषण प्रसाद के पिता देवकी प्रसाद, कडू प्रखंड निवासी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री संतोष पासवान, पेसरार मंडल के पूर्व अध्यक्ष शुकुल राम के पिता, भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता के पिता लक्ष्मी साहू, राजदेव उराँव कैरो के पिता जुबेल उरांव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में हर्षनाथ महतो सामेला भगत, विनोद राय, बालकृष्ण सिंह राजकुमार वर्मा , अनिल उरांव, जगनंदन पुराणिक, छेदी राम भारती सिन्हा, विमल कांत सिंह ,सूरज दसौंधी, अमरेश भारती, नवीन साहू, लखन उरांव, सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, प्रकाश नायक, अमित लोहरा जितेंद्र महतो, कलावती देवी, बजरंग करवा , विवेक चौहान, जगन्नाथ बर्मा, पंकज साहू ,कृष्ण मोदी, यदुनंदन तिवारी, शंकर प्रजापति, बिपताउराँव, रजनीस सिंह, उमेश साहू, धनेश्वर पांडे, दीपक गुप्ता,ज्ञानेश गुप्ता सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बैठक को संबोधित करते मनीर उरांव



उपस्थित कार्यकर्ता

एक नजर में

## हत्या के मामले में पत्नी सहित तीन आरोपी को लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



गिरफ्तार अपराधियो के साथ एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के करचा टोली में 31 जनवरी को दिनदहाड़े घर में घुसकर युवक की चाकू से हमला कर हत्या के मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में लोहरदगा पुलिस ने मृतक की पहली पत्नी समेत दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि पिछले 31 जनवरी को जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदिया करचा टोली निवासी 32 वर्षीय युवक सचित उरांव की दो नकाबपोश अपराधियो ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। वही हत्या में शामिल मृतक की पहली पत्नी किशोरी उरांव, चितरंजन कुमार और सुलेंद्र कुमार दोनो पलामू जिले के निवासी है। पुलिस ने पहली पत्नी की निशानदेही पर दोनो अपराधियो को पलामू जिला से धर दबोचा है साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू, कपड़े और 3 मोबाइल फोन को पुलिस ने जब्त किया है। मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी किशोरी उरांव अपने पति के दूसरी शादी करने से नाराज थी। इसी कारण अपने प्रेमी चितरंजन कुमार से मिलकर घटना को अंजाम दिया गया। चितरंजन कुमार ने अपने दोस्त के साथ मिलकर सचित उरांव की हत्या की साजिश रची और मौका पाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मोबाइल फोन ट्रेस कर सीडीआर निकलकर हत्या की गुत्थी को सुलझाया है। पूरे मामले पर एसपी हारिस बिन जमां ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहा कि पुलिस गहनता से हत्या की जांच कर रही थी इसी दौरान शक के आधार पर मृतक की पहली पत्नी किशोरी उरांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसके बाद मोबाइल का सीडीआर निकालकर जांच की गई तो इस घटना में चितरंजन का नाम सामने आया। कड़ाई से पूछताछ में इन्होंने अपना जुर्म कबूल किया है। हत्यारिन पत्नी ने बताया कि उसने फेसबुक के माध्यम से चितरंजन से दोस्ती की और प्यार का झांसा देकर अपने पति के खिलाफ बहाकर इस कांड को अंजाम दिया। पूरे मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है।

## बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की रखी मांग



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते पंचायत समिति सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के उपर भ्रष्टाचार तथा दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए उपप्रमुख प्रमोद खलखो के नेतृत्व में आठ पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ यादव बैठा को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग रखी। चैनपुर के 10 में से 8 पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव देते हुए उनकी कमियों को उजागर करते हुए ज्ञापन में आठ बिंदुओं का जिक्र किया। जिसमें पंचायत समिति का बैठक ना होना, बैठक के लिए कोई पहल न करना, पंचायत समिति सदस्यों से अच्छा व्यवहार नहीं करना, प्रखंड में संचालित किसी भी योजनाओं का जानकारी नहीं देना, प्रखंड में संचालित योजनाओं का कभी समीक्षा ना करना, हर समय खाना पूर्ति कर पंचायत समिति सदस्यों को धोखा देना, पंचायत समिति के साथ कभी भी बैठकर तालमेल न करना, इस तरह के कार्यों से क्षुब्ध होकर प्रखंड के आठ पंचायत समिति सदस्यों ने सर्व सम्मति से प्रखंड प्रमुख ओलिव कांता कुजूर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग रखी और उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमोद खलखो, दिलीप एक्का, सांता टोप्पो, अनिता एक्का, कृष्णा उराँव, मकसिमा खलखो, अरविंद एक्का, उषा लिमा तिग्गा के नाम शामिल है। इधर पंचायत समिति सदस्यों के प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग को लेकर बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि वे उचित कार्रवाई को लेकर उपायुक्त गुमला व एसडीओ को प्रस्ताव भेज दिये हैं।

## आजसू के पदाधिकारियों ने मुख्यालय डीएसपी का किया स्वागत



गुमला के नये डीएसपी का स्वागत करते आजसू नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आजसू पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह एवं जिला महासचिव आनंद कुमार गुप्ता ने गुमला मुख्यालय के नये डीएसपी विरेंद्र टोप्पो का बुके देकर स्वागत किया एवं बधाई दिया। दिलीप नाथ साहू ने कहा सिसई थाना के प्रभारी के रूप में अपनी सेवा गुमला में दे चुके हैं।

इनके अनुभव का लाभ गुमला को मिलेगा। डीएसपी विरेंद्र टोप्पो मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं।

## टेंपो के टक्कर से युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला जिला के टोटो थाना क्षेत्र अंतर्गत खरका पुल के समीप टेंपो के टक्कर से छोटा खटंगा निवासी रमेश ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायलावस्था में सड़क किनारे लहू लहान पड़े राहगीरों ने इसकी सूचना टोटो थाना को दी। थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंचकर घायल को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक टोटाम्बी बाजार गया था। वहीं उसने शराब का सेवन कर लिया और पैदल ही अपने घर छोटा खटंगा लौट रहा था। तभी खरका पुल के समीप एक टेंपो पीछे से टक्कर मार कर घटनास्थल से फरार हो गया।

## स्पीड न्यूज

### नए बीडीओ राहुल देव ने किया पदभार ग्रहण



**गिद्धौर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने 24 वें प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में सोमवार को पदभार ग्रहण किया। बताते चलें कि झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा कई प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्थानांतरित किया गया। वर्तमान प्रभारी बीडीओ हरिनाथ महतो के द्वारा प्रभार दिया गया। राहुल देव साहेबगंज जिला के उधवा प्रखंड से गिद्धौर ब्लॉक आए हैं। पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होंने कहा कार्य में तेजी लाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। प्रखंड में विकास का कार्य तेजी से किया जाएगा।मौके पर उपस्थित प्रखंड कर्मी भी थे।

### जेएसएलपीएस के नए बीपीएम ने लिया प्रभार



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत संचालित जेएसएलपीएस में नए बीपीएम के रूप में केदार प्रजापति ने सोमवार को प्रभारी के रूप में प्रभार लिया है। इसके साथ जेएसएलपीएस के कर्मियों साथ बैठक कर कार्य के जानकारी व जायजा लिया। उन्होंने बेहतरीन कार्य करने की बात कही। मौके पर अनिल प्रजापति दिलीप कुमार अरुण कुमार अजय कुमार सिंह सुनीता कुमारी विजय रजक युगेश्वर कुमार दांगी संतोष कुमार मौजूद थे।

### नवनियुक्त डीएसपी ने टंडवा का संभाला बागडोर

**टंडवा (चतरा)।** 18वें डीएसपी के रूप में प्रभात रंजन बरवार ने औद्योगिक नगरी टंडवा का बागडोर संभाला। कार्यभार संभालने के बाद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर बिजय कुमार,अभिनव कुमार और पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार समेत अन्य ने बुके देकर स्वागत किया।डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने उग्रवाद और अपराध पर लगाम लगाना पहली प्राथमिकता होगी बताया।

### 7 लाख का ब्लु स्टोन बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार



**कोडरमा।** थाना अंतर्गत पुरनानगर में एक मकान से 7 लाख 50 हजार के कीमती ब्लू स्टोन पत्थर बरामद किए गए हैं। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि पुरनानगर स्थित संजय पंडित के मकान में ब्लू स्टोन पत्थर का अवैध रूप से भंडारण कर रखा गया है, इसे खरीद बिक्री के लिए जिला से बाहर लेकर जाने वाले हैं। इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर बीती रात संजय पंडित के घर में छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान संजय पंडित के कमरा और उनके भाई राजू पंडित के कमरे से लगभग 96 किलोग्राम ब्लू स्टोन पत्थर बरामद किया गया जिसका अनुमानित मूल्य 7 लाख 50 हजार है। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या 19/24 दर्ज किया गया है।

# कार और बाइक में जोरदार टक्कर, पति की मौत पत्नी घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय समीप कोल वाहन की चकमे में आने से कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई जोरदार टक्कर, जिससे मोटरसाइकिल सवार पति- पत्नी हुई बुरी तरह घायल।

रांची में इलाज के दौरान पति की मौत एवं पत्नी गम्भीर। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब नौ बजे एक कार टंडवा की ओर आ रही थी वही दूसरी तरफ प्रखंड क्षेत्र के राहम निवासी साराज अंसारी मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी के साथ मेहमानी से अपना घर राहम जा रहा था, इसी दौरान ब्लॉक समीप कोल वाहन के चकमे में आकर कार और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गया।

जिससे दोनों पति- पत्नी बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय राहगीरों की मदद से दोनों घायल को टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार कर रांची रेफर कर दिया गया।

वही इलाज के दौरान लगभग 40 वर्षीय साराज अंसारी का मौत हो गया एवं पत्नी गम्भीर रूप से घायल है। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने मुवाबजा की मांग को लेकर कोल वाहनों की चक्का जाम कर दिया है। इस मौके पर पंसस विकास पांडेय एवं युवा समाजसेवी उपेन्द्र पांडेय ने कहा कि लगातार कोल वाहनों की तेज रफ़्तार गति के कारण दिनों दिन दुघर्टना बढ़ती जा रही है। प्रशासन से वाहनों की स्पीड लिमिट एवं पांडेय मोड़ के पास बेरियर लगाने की अतिशीघ्र मांग की है।

खबर लिखे जाने तक कोल वाहनों की लगी थी लंबी कतार एवं किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं हुआ। इधर प्रशासन क्षतिग्रस्त कार को जप्त कर थाना लाया गया एवं घटना की जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जा रही थी।

## तेली साहू समाज की बैठक में राजनीतिक जागरूकता पर चर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड के बेलगड़ा गांव में राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष शंकर कुमार की अध्यक्षता मे हुई।बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार स्नेही और जिला अध्यक्ष मुरारी साहू उपस्थित हुए। बैठक में वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के लोगो में राजनीतिक जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने जरूरत है। हर घर में भारतीय संविधान की जानकारी हो, ताकि हर लोग अपने हक अधिकार को जाने और समझे।

## उपायुक्त ने स्किल कौंसिल फॉर माइनिंग सेंटर का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** अनुमण्डल क्षेत्र के मुर्वे स्टेडियम में आयोजित सीसीएल द्वारा एससीएमएस ट्रेनिंग ऑन लोडर प्रशिक्षण सेंटर में उपायुक्त अबू इमरान पहुंचे। जहां उपयुक्त अबु इमरान, एसडीओ सन्नी राज और सीसीएल के जीएम ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर तथा फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उपायुक्त ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीसीएल द्वारा आयोजित कौंसिल स्किल माइनिंग सेंटर के तहत बेरोजगार चालकों को लोडर का प्रशिक्षण देकर क्षेत्र के चालकों को रोजगार उन्मुखी करण किया जाना बहुत हीं अच्छा और सराहनीय कदम है। इससे प्रभावित क्षेत्र के लोगों को किसी भी क्षेत्र या शहर में लोडर चला कर अपना जीवकोपार्जन समुचित ढंग से कर सकेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने डिजिटल लोडर प्रशिक्षण हॉल को निरीक्षण करते हुए खुद चला कर देखा और संतुष्ट होकर चालकों से पूछा क्या इससे लोगों को सार्थक रोजगार मुहैया होगी। पत्रकारों के सवाल के जवाब में उपायुक्त ने बताया कि यह क्षेत्र के लिए सुनहरा अवसर है। जिससे लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर कहीं भी लोडर चलाने जा कते हैं। आगे कहा कि यह प्रशिक्षण के पहली पाली में 60 लाभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आगे भी यह प्रशिक्षण जारी रहेगा। वहीं उपायुक्त ने प्रशिक्षण ले रहे लोगों को सेफ्टी किट एवं बैग का वितरण किया। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज, डीटीओ चतरा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरिया विनय कुमार , अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे, बीपीओ राजेश पासवान, मुखिया नितेश कुमार सिंह, माहो सिंह, के अलावे सीसीएल के अधिकारी एवं कर्मी और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लाभार्थी शामिल थे।

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक सम्पन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक की गई। बैठक में अनुकंपा से संबंधित कुल 11 पुराने और 7 नए मामले रखे गए। सभी मामलों के आवेदन की बारी बारी से जांच कर कुल 06 योग्य लोगों के आवेदन का अनुशंसा किया गया। शेष आवेदकों के आवेदन पर अगले बैठक में विचार किया जाएगा। कुल 06 आवेदकों में से 02 आवेदकों को तृतीय वर्ग में 04 आवेदक का चतुर्थ वर्ग हेतु अनुशंसा किया गया।

## अजय कृष्ण ने सांसद व विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के अध्यक्ष अजय कृष्ण ने कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी व विधायक डॉ. नीरा यादव को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर ढिबरा से संबंधित बातों को सामने रखा। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि झारखंड सरकार को ढिबरा में लिथियम पाये जाने की बात, षड्यंत्रकारियों के द्वारा दिया गया। उसके बाद एक वर्ष पूर्व ही ढिबरा स्क्रैप में लिथियम पाये जाने की जांच कराने केन्द्र सरकार के आीन ऊर्जा विभाग दिल्ली को झारखंड सरकार के द्वारा भेजा गया है।

### संघर्ष और आंदोलन से मिलता है अधिकार : रामेश्वर

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के द्वारा 18 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित विश्वकर्मा अधिकार रैली को सफल बनाने और जिले से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर समाज के पदाधिकारियों के द्वारा अलग अलग समूहों में बंट कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, सोमवार को भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसपंर्क अभियान के साथ साथ रैली को लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया। समाज के मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर राणा के नेतृत्व में मूर्कमनाय, बेला, करमाचौक आदि गांवों में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान समाज के लोगों को रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए श्री राणा ने कहा की इतिहास गवाह है।

## विस ने प्रचंड बहुमत से भाजपा की साजिश को ठुकराया : माकपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का राज्य सचिव मंडल सोमवार को विाानसभा के फ्लोर टेस्ट में चंपई सोरेन को प्रचंड बहुमत से विश्वास मत हासिल करने के लिए बाई देता है। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बहुमत इस बात का प्रमाण है कि केंद्र की भाजपा सरकार जिस तरीके से विपक्ष की निर्वाचित सरकारों को गिराने का गंदा खेल खेलने की कोशिश कर रही है, उसे झारखंड की जनता ने बेनकाब कर दिया और विाानसभा ने प्रचंड बहुमत से भाजपा की साजिश को ठुकराया दिया। झारखंड विाानसभा में विश्वास मत पर हुए फ्लोर टेस्ट में जहां चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली गठबांन सरकार के पक्ष में 47 मत पड़े, वहीं भाजपा-आजसू गठबांन को मात्र 29 विाायकों का समर्थन मिला। विश्वास मत के पक्ष में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बड़े ही शालीन और आत्मविश्वास के साथ भाजपा की साजिशों को रेखांकित किया। सदन में मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार गिराने के षडयंत्र में राजभवन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे झुके नहीं और झारखंड को अपमानित करने वाली ताकतों का मुंहतोड़ जवाब देंगें।

### कोर्ट नोटिस

ओ.टी.एस. नम्बर- 61/2018
भागीरथी लेहरी तथा अन्य.... वादी
बनाम
बलदेव साहु ...... प्रतिवादी
नोटिस बनाम प्रतिवादी संख्या
बलदेव साहु, पिता स्व. लखराज साहु, निवासी ग्राम-भंडारा, थाना-भंडार, जिला लोहरदगा, झारखंड

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त ओ.टी.एस. इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसकी सुनवाई की तिथि दिनांक 03/04/2024 को समय10:30 बजे पूर्वाह्न में तय की गयी है। इसके पूर्व आपलोगों को नजारत के माध्यम से तथा स्पीड पोस्ट द्वारा सूचना दी जा चुकी है।
अतः आप उक्त तिथि को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद की समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी।

(सुश्री सुचिता निधि तिग्गा)
सिविल जज जुनियर

पत्रांक-52

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हटिया योजना, रांची

**ई प्रोक्योरमेंट टेन्डर नोटिस**

द्वितीय अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना PR-316068

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/ HATIAPROJECT/03/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Pipe laying work of clear water rising main from (near) Jagarnathpur Mandir to "Light House Project" Ani Mauja, Panchmukhi Mandir Dhurwa, Ranchi |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 92.47299 लाख। |
| 3 | अग्रधन की राशि | रू0 1.86 लाख। |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य | रू0 10000.00 हजार। |
| 5 | कार्य समाप्ति की अवधि | 150 दिन। |
| 6 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 07/02/2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से। |
| 7 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15/02/2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 8 | अग्रधन /परिमाण विपत्र की राशि | ऑनलाइन भुगतान करें |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16/02//2024 को अपराह्न 04.30 बजे से। |
| 10 | प्री बिड बैठक की तिथि एवं समय | नहीं। |
| 11 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा रॉची – 834002। |
| 12 | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची। |
| 13 | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 9835068475 |
| 14 | ई प्रोक्योरमेंट सेल का सहायता केन्द्र नं0 | 0651-2480345 एवं 9931100907 |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हटिया योजना, रॉची

PR 317913 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# मैट्रिक व इंटर की परीक्षा आज से शुरू, परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू

## मैट्रिक की परीक्षा में 13,384 एवं इंटर की परीक्षा में 10,438 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करवाने के लिए सभी केंद्रों में विाि व्यवस्था चाक चौबंद रखने को लेकर पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है, वहीं शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न करवाने को लेकर एसडीओ रिया सिंह के द्वारा सभी केंद्रों में 100 मीटर के दायरे में ाारा 144 लागू किया गया है, दायरे के अंदर बैठक करने, भीड़भाड़ रखने, परीक्षा सम्बनी गोपनीयता को भंग करने पर पूरी तरह निषेााज्ञा लागू किया गया है। गौरतलब हो कि इस वर्ष मायमिक परीक्षा में जिले भर से 13,384 और इंटर (तीनों संकाय) की परीक्षा में 10,438 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 37 केंद्र बनाए गए हैं, इसमें मैट्रिक परीक्षा के लिए 25 और इंटर के लिए 12 परीक्षा केंद्र शामिल हैं, परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मैट्रिक परीक्षा के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि इंटर (तीनों संकाय) के लिए 12 केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, गांाी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डूमरडिहा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती, रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरीतिलैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरवां, झुमरीतिलैया कॉमर्स इंटर कलेज, आदर्श मय विद्यालय चंदवारा, रामोमा्रमो प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवारा, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर मरकच्चो, उच्च विद्यालय फुलवरिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेहराडीह, राजकीय आदर्श मय विद्यालय डोमचांच, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बच्छेडीह, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर, कन्या मय विद्यालय जयनगर, राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह सतगावां, मय विद्यालय बासोडीह, उत्क्रमित मय विद्यालय कलीडीह सतगावां एवं उत्क्रमित मय विद्यालय खुट्टा सतगावां के नाम शामिल हैं।

वहीं इंटर के लिए बनाए गए 12 परीक्षा केंद्रों में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डूमरडिहा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पत्थलडीहा, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, गांाी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती, रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज झुमरीतिलैया, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बच्छेडीह, झुमरीतिलैया कॉमर्स इंटर कॉलेज और स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय फुलवरिया डोमचांच के नाम शामिल हैं।

### रिश्वत व घोटाले की जांच को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में प्रखंड बीससुत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य ब्यूटी कुमारी ने प्रखंड के पशु–चिकित्सक डॉ.रवीन्द्र कुमार के मनमानी रवैया और खुलेआम रिश्वत मांगने और कोविड–19 के समय बकरी वितरण में 15 लाख रुपये के गबन की जांच कर कार्रवाई करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं हैं। उल्लेखनीय रहे कि सतगावां प्रखंड में पदस्थापित प्रखण्ड पशु–चिकित्सक डॉ. रवीन्द्र कुमार पदस्थापना काल से ही प्रखंड में लूट मचा रखें हैं। कोविड–19 के समय में सरकार गरीब लाभूकों बीच जेएसएलपीएस के मायम से चयनित लाभूकों के बीच 15 लाख रुपये की बकरी वितरण राशि निर्गत की गई थी, मगर किसी भी लाभूक को बकरी नहीं मिला है। इसकी जांच के लिए लिखित आवेदन देकर प्रखंड बीससुत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य ब्यूटी कुमारी ने जांच कर कार्रवाई की मांग की थी, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत स्तर पर आवेदन पशु–चिकित्सक डॉ.रवीन्द्र कुमार को भेजा गया।

### Government of Jharkhand Rural Works Department
### JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)
### 3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

**NOTICE INVITING TENDERS**
**(National Competitive Bidding Through e-Procurement)**

Re-eTender No.- 285/ 2023-24- 466 — Ranchi, Dated: 03.02.2024

PR No 314531 Dated 27.12.2023 (3rd Call)

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY-III).

| Sr. No. | Package ID | District Name | Block name | WORK NAME | Road/ LSB | Cost of Const. and Maint. With GST (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | JH-P3-23-24- KHU-02 | Khunti | Murhu | T08-T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road NH-75E) via Kolme, Chichigara, Hethgoba Road (L-18.65 KM) | Road | 2250.32 | 45.00 | 15 Months |
| | | | Murhu | H.L Bridge over Local Nala in 9+585 KM, of T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road) (L-38.64 M) | LSB | | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.
Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | 07.02.2024 at 10.00 AM | 15.02.2024 upto 5.00 PM | 15.02.2024 at 05.30 PM | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/ fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

PR317905 (Rural Work Department)23-24*D — **Chief Engineer JSRRDA, Ranchi**

स्पीड न्यूज

## पांच परीक्षा केंद्र में आज से होगी मैट्रिक की परीक्षा, तैयारी पुरी

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा मंगलवार छह फरवरी से शुरू हो जायेगी। इसके लिये यहां कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाये गये है। सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर प्रखंड व जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। यहां प्लस टू उच्च विद्यालय, गर्ल्स उच्च विद्यालय, ग्रीन फिल्ड एकेडमी, खीस्त राजा उच्च विद्यालय व राजकीय बालक मध्य विद्यालय को सेंटर बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा सभी पांच परीक्षा केंद्र व इंटर की परीक्षा तीन परीक्षा केंद्र में आयोजित होगी। प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक के 478 व इंटर के 286, गर्ल्स हाई स्कूल में मैट्रिक के 265 व इंटर के 119, खीस्त राजा उच्च विद्यालय में मैट्रिक के 539 व इंटर के 500, ग्रीन फिल्ड एकेडमी में मैट्रिक के 246 तथा राजकीय बालक मध्य विद्यालय में मैट्रिक के 188 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। सभी परीक्षा केंद्र में केंद्राधिक्षक की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है। प्रशासन की ओर से सारी तैयारी पुरी कर ली गयी है।,

## सरकार के विश्वास मत हासिल करने पर गठबंधन दल ने दिया बधाई

**चंदवा।** महामहिम राज्यपाल के द्वारा दिये गए समयावधि में नव गठित चम्पाई सोरेन सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। चंपाई सोरेन सरकार के विश्वास मत हासिल करने पर झामुमो, कांग्रेस व राजद के साथ माकपा ने नेताओ ने बधाई दी है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने कहा कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार को स्थिर करने का भाजपा का प्रयास इस बार भी असफल रहा। जनता देख रही है कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को केन्द्र सरकार के इशारे पर किस प्रकार फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका जवाब जनता देगी। वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, युवा प्रदेश सचिव सूरज यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष असगर खान, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष मो. नौशाद, युवा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव ने कहा कि झारखंड में गठबंधन दलों के चट्टानी एकजुटता के सामने भाजपा का हर षड्यंत्र विफल रहा। चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार राज्य के विकास को नया आयम देगी। बधाई देने वालो में झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू, दीपू सिन्हा, जतरु मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति, बबलू राही, मो. इजहार, मो. सरफराज, रामपाल उरांव, धनेश्वर उरांव, सुधीर प्रसाद, कांग्रेस ने रामयश पाठक, निर्मल भारती, बाबर खान, श्री राम शर्मा, राजद अजित श्रीवास्तव, अजय चौधरी, मुरली प्रसाद, बबलू गिरी, माकपा के अयूब खान, सुरेंद्र सिंह समेत कई अन्य शामिल हैं।

# भाजपा का अभिनंदन व पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन

## नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह को पगड़ी पहनाकर नई जिम्मेदारी से किया सुशोभित

- हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पगड़ी पहनाकर जिला अध्यक्ष का पदभार देते पुर्व विधायक व अन्य।


माला पहनाकर पदधारी को सम्मानित करते कार्यकर्ता।


हजारों की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**लातेहार।** सोमवार को जिला मुख्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन (टाउन हॉल) में नव नियुक्त जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा का अभिनंदन समारोह एवं नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह का पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष पंकज सिंह को पगड़ी एवं माला पहनाकर नई जिम्मेवारी की शुभकामनाएं दी। मंच पर मुख्य रूप से लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, चतरा लोकसभा के संयोजक राजधानी प्रसाद यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवधेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री नीलम देवी, महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कल्याणी पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामानी तिर्की, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री बंशी यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह व महेश सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि मुकेश पांडेय, नीरज सिंह, एससी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर सिंह, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेश उरॉव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला कार्य समिति सदस्य आनंद सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्विनी सिंह, चतरा लोकसभा विस्तारक सक्षम सिंह उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन जिला कार्य समिति सदस्य अमलेश सिंह के द्वारा किया गया। वही समाप्ति की घोषणा चतरा लोकसभा के सह संयोजक सह चतरा जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा के द्वारा किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्यगण, पूर्व जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, मंच मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, मंडल के सभी अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, मंच मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य के साथ साथ हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस पदाधिकारी की विदाई/स्वागत सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# स्थानांतरित हुए पदाधिकारियों को एसपी ने किया सम्मानित

- कहा उग्रवाद के खिलाफ, मानव तस्कर, डायन विसाही जैसे कुप्रथाओं पर हमने काम किया और सफलता भी मिली है : अंजनी अंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारीगण।

**लातेहार।** पुलिस पदाधिकारी का विदाई/स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को होटल द कार्निवल के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन सहित पुलिस प्रशासन के बड़े अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारियों ने अपने अपने अनुभवों को साझा किया एवं वक्ताओं के द्वारा एक बात का समानता सुनने को उनका कहना था एसपी हो तो अंजनी अंजन के जैसा, अगर सीनियर पदाधिकारी इनके जैसा रहेंगे तो निश्चित रूप से पुलिस हर कार्य में सफलता हासिल करेगी। वहीं कार्यक्रम के दौरान एसपी के द्वारा स्थानांतरण हुए पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित कर विदाई दिया गया। वहीं एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि लातेहार में उग्रवाद के खिलाफ अभियान चलाकर उग्रवाद को कमजोर करने तथा मानव तस्कर, डायन विसाही जैसे कुप्रथाओं पर हमने काम किया और सफलता भी मिली है इसमें हमारे जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस जवानों का सहयोग रहा है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे जिले से जो भी पुलिस पदाधिकारी तबादले होकर दुसरे जिले में जा रहे हैं मैं उनसे उम्मीद करुंगा कि वहां भी दृढ़ संकल्प के साथ ईमानदारी से काम करेंगे। साथ ही सभी को उन्होंने साधुवाद दिया।

### आठ नए पुलिस निरीक्षक का लातेहार जिले में हुआ पदस्थापना

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्रांक तदनुसार मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 6352 के आलोक में बीते 30 जनवरी को संपन्न हुए राज्य पुलिस स्थापना पार्षद की बैठक में निर्णय लेते हुए एक ही जिले में लगभग 3 वर्ष या उससे अधिक समय से जमे राज्य के 346 पुलिस निरीक्षकों को स्थानांतरित करते हुए जिला बदल किया गया है। इस तबादले में लातेहार जिले से 7 इंस्पेक्टरों का दूसरे जिले में स्थानांतरण हुआ है जबकि 8 नए पुलिस निरीक्षक का लातेहार जिले में पदस्थापना हुआ है जो जिले के विभिन्न थानों में बागडोर संभालेंगे। विभिन्न जिलों से लातेहार जिला में पदस्थापित होने वाले अधिकारियों में पुनि रणधीर कुमार धनबाद से लातेहार, पीर मोहम्मद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से लातेहार, उमेश प्रसाद सिंह धनबाद से लातेहार, अर्जुन सिंह सुंडी विशेष शाखा से लातेहार, संजय कुमार गुप्ता रामगढ़ से लातेहार, निलेश कुमार विशेष शाखा से लातेहार, परमानंद बिरुआ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से लातेहार व प्रमोद कुमार सिंह विशेष शाखा से लातेहार पदस्थापित हुए हैं। जो जिले के विभिन्न थानों में कमान संभालेंगे। वहीं लातेहार जिले से स्थानांतरित होने वाले पुलिस निरीक्षकों में महिला पुलिस निरीक्षक नीलमणि खलखो एटीएस रांची, आशुतोष कुमार लातेहार से धनबाद, अमित उरांव व चंद्रशेखर चौधरी झारखंड जगुआर, शशि रंजन कुमार धनबाद, मदन कुमार शर्मा एटीएस रांची और बबलू कुमार लातेहार से एटीएस रांची शामिल है।

## युवक का शव बरवाडीह पुलिस ने किया बरामद


बरामद शव।

**बेतला।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत के ग्राम अमडीहा बाजार के समीप बरवाडीह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। वहीं शव की पहचान थाना क्षेत्र के कुटमू गांव निवासी रवि कुमार (17), पिता सुवेश राम के रूप में हुई है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार मृतक रवि कुमार रविवार की शाम अमडीहा बाजार जाने की बात बोल कर घर से निकला था जिसके बाद वो घर वापस लौटा ही नही, जिसके बाद मृतक रवि कुमार के परिजनों खोज बीन शुरू किया, जिसके बाद सोमवार को अमडीहा गांव के द्वारा मालूम हुआ कि अमडीहा बाजार के समीप झाड़ी में किसी युवक का शव पड़ा हुआ। वहीं इसकी सूचना मिलते ही मृतक रवि कुमार के परिजनों ने जा कर देखा तो पता चला की यह शव रवि का ही है। वहीं इसकी जानकारी मिलते ही मंगरा पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया और बरवाडीह थाना को इसकी सूचना दिया। वहीं सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना सब इंस्पेक्टर लालेश्व पासवान, एसआई प्रेम कुमार अपने सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर ने बताया की मृतक रवि कुमार का गला में एक रस्सी बंधा हुआ है इससे देख कर प्रतीत होता है की रवि कुमार का हत्या किया गया है। उन्होंने बताया की घटना का छानबीन पूरे बारीकी के साथ किया जा रहा है। साथ ही शव को कब्जे में लेते हुवे पोस्मार्टम के लिए लातेहार सादर अस्पताल भेज दिया है। पोस्मार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की रवि का का मृत्यु कैसे हुआ है।

### ग्रामीणों ने सड़क व पुलिया निर्माण में अनियमितता बरतने का लगाया आरोप

## सड़क निर्माण पूरा भी नही हुआ, कई स्थानों पर उखड़ने लगी है सड़क, जांच की मांग

**खबर मन्त्र संवददाता**


अनियमितता सड़क।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग से चिरो होते लगभग 8 किमी तक सड़क निर्माण में अनियमितता बरते जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि चिरो मोड़ से लेकर चिरो गांव होते लगभग 8 किमी तक सड़क कालीकरण का कार्य हो रहा है, चिरो गांव के पास इसी योजना अंतर्गत बनाये जा रहे पुलिया को जैसे तैसे पूरा किया जा रहा है। निर्माण कार्य मे लगे संवेदक के द्वारा पुलिया पर मिट्टी के ऊपर ही ढलाई की जा रही है, वह भी महज डेढ़ से दो इंच, जो गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करती है। आगे बताया कि अभी तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा भी नही हुआ है व कई स्थानों पर कालीकरण पथ उखड़ने लगा है। पूर्व में भी कार्य मे अनियमितता बरते जाने को लेकर आवाज उठाई गई है, लेकिन कोई कार्रवाई नही होने से संवेदक पर कोई असर नही पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से निर्माण कार्य की जांच करने की मांग की है। मामले को लेकर संवेदक राज किशोर यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो सका।

### क्या कहते है कनीय अभियंता

मामले को लेकर पूछे जाने पर योजना के कनीय अभियंता संतोष उरांव ने कहा कि मिट्टी के ऊपर ढलाई नही करना है, अगर ऐसा किया जा रहा है तो इसकी जांच की जाएगी। वहीं निर्माण पूरा होने से पूर्व ही जगह जगह पर सड़क के टूटने को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जहां जहां सड़क टूटी है, उसे ठीक कराया जाएगा।

## बरवाडीह में नए बीडीओ के रूप में रेशमा रेखा मिंज और सीओ संतोष शुक्ला ने ग्रहण किया पदभार

# साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल काफी बेहतर रहा : राकेश सहाय

- सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता : रेशमा रेखा मिंज
- प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उपहार भेंटकर बीडीओ को विदाई देते।

**बरवाडीह।** प्रखंड के नए बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और नए सीओ संतोष शुक्ला ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ सह प्रभारी सीओ राकेश सहाय से दोनों नए पदाधिकारियों ने पदभार लिया। जहां निर्वतमान बीडीओ ने दोनों पदाधिकारियों का स्वागत बुके भेंटकर किया। इस मौके पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां नए बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि प्रखंड का चहुमुंखी विकास करना उनका मकसद है। सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचे इसके लिए वे पूरी प्रयास करेंगी।

### अपने कार्यकाल में सभी लोगों का मिला भरपूर सहयोग : बीडीओ

निर्वतमान बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि अपने कार्यकाल में हमारी सोच रही कि सरकार की योजनाओं पर जिनका हक है उनतक पहुंचे। वहीं उन्होंने प्रखंड और अंचल कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी प्रखंड प्रशासन की ताकत उनके कर्मचारी होते हैं, और हमारे कर्मचारियों ने मेरे द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन पूरी तन्मयता के साथ किया। इस बात की मुझे बेहद खुशी है। इसी के परिणामस्वरूप हमारा साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल काफी संतोषजनक और बेहतर रहा। हमें उम्मीद है कि सभी कर्मी आगे भी नई बीडीओ मैडम का इसी तरह सहयोग करेंगे।

### अधिकारी नहीं अभिभावक के रूप में रहें बीडीओ राकेश सहाय : मंजीत

प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने निर्वतमान बीडीओ सह सीओ को भावविनी विदाई देते हुए कहा कि बीडीओ राकेश सहाय सर अधिकारी नहीं बल्कि अभिभावक बनकर हमलोगों के बीच रहे। इनके नेतृत्व में मुश्किल हालातों में भी क्षेत्र का विकास कार्य प्रभावित नहीं हुआ। आवास, मनरेगा, शोकपीट, जलमिनार आदि कई मामले में बरवाडीह प्रखंड जिले में अच्छे स्थान पर है।

### कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि और कर्मी

विदाई सह सम्मान समारोह में प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, बीईईओ नागेंद्र प्रसाद, एमओ अनुज कु.शरण, सीआई रमेश कुमार, अंचल सहायक मनोज कुमार, सुरेश राम, पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक दीपक कुमार, कनीय अभियंता सुधीर कुमार, 15 वें वित्त के प्रखंड समन्वयक मंजीत कुमार, मनरेगा बीपीओ त्रिवेणी राम, मुखिया बलदेव परहिया, आशीष कुमार, बिपिन बिहारी सिंह, जितेंद्र सिंह, सतरोहन सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, कालो देवी, वेरोनिका कुजूर, सावित्री देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी परम पूज्य पंकज जी महाराज के आगमन पर लोगों ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**


परम पूज्य पंकज जी महाराज।

**हेरहंज।** श्री राम जानकी मंदिर परिसर हेरहंज में जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी परम पूज्य पंकज जी महाराज का आगमन सोमवार की शाम को हुआ। महराज जी के स्वागत में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष एवं जयगुरुदेव शिष्य बस स्टैंड पहुंचे। बस स्टैंड से श्री राम जानकी मंदिर तक सड़क के किनारे हाँथो में कलश एवं पुष्प की वर्षा करते लाइन में खड़े रहे। गौरतलब हो कि परम पूज्य गुरुदेव पंकज जी महाराज का दिव्य आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम 6 फरवरी मंगलवार को श्री राम जानकी मंदिर हेरहंज के प्रांगण में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। विख्यात संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने अपने जीवन काल में सामान्य रूप से परस्पर प्रेम सद्भाव अपनाने, शाकाहारी रहने, नशा त्याग, चरित्र उत्थान के कार्य के साथ ग्रहस्थ आश्रम में रहकर प्रभुको याद करने की शिक्षा दिया। अब उनके उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज अपने 82 दिवसीय शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के साथ राम जानकी मंदिर के सामने मैदान में पधारे हुए हैं' इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग 10 दिनों से उतर प्रदेश मथुरा जिला-सीतापुर की टीम के द्वारा की गई है। जिसमे हेरहंज प्रखंड मुख्यालय के कुछ समाजसेवी युवा एवं बुजुर्गो ने भी अपना योगदान दिया है।

एक नजर में

## चंपाई सोरेन सरकार में विधायक बैद्यनाथ राम को बनाया जाए मंत्री: सितमोहन मुंडा



**चंदवा।** झारखंड में चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में नवगठित सरकार के द्वारा सोमवार को विश्वास मत हासिल करने के बाद रिक्त पड़े मंत्री पदों को भरने को लेकर कवायत शुरू हो गयी है। सोमवार को विधानसभा सदन में चम्पाई सोरेन सरकार के प्रचंड बहुमत से विश्वासमत हासिल करने के बाद मंत्री पद को लेकर चर्चाओ का दौर जारी है। नवगठित सरकार में झामुमो कोटे से एक मंत्री का पद रिक्त है। जिसमे लातेहार से झामुमो विधायक वैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की मांग स्थानीय झामुमो नेताओ व कार्यकताओं के द्वारा लगातार की जा रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा ने झामुमो केंद्रीय नेतृत्व से विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने का आग्रह किया है। कहा कि लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री मंडल में स्थान मिलने से राज्य के विकास को गति मिलेगी। वैद्यनाथ राम को पूर्व में मंत्री के रूप में राज्य की सेवा करने का लम्बा अनुभव रहा हैं। ऐसे में वैद्यनाथ राम को अगर मंत्री बनाया जायेगा तो राज्य के साथ झामुमो संगठन के लिए काफी फायदेमंद होगा। मंत्री बनने के बाद विधायक बैद्यनाथ राम क्षेत्र व राज्य के विकास को गति देंगे। मांग करने वालो में प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू, सचिव मो इजहार, उपाध्यक्ष मो सरफराज,रामपाल उराँव, बबलू राही, जतरु मुंडा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल है।

## बीडीओ ने अबुआ आवास योजना को लेकर मुखिया व पंचायत सचिव के साथ की बैठक


बैठक करते बीडीओ व अन्य।

- बीडीओ सोमा उरांव ने दिया स्पष्ट निर्देश, कहा किसी भी परिस्थिति में आवास योजना का कार्य न हो बाधित

**चंदवा।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना को गति देने को लेकर बीडीओ सोमा उरांव ने प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को आवास योजना के समन्वयक कुश ध्वज कुमार, पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, सभी पंचायतों के मुखियाओं व पंचायत सचिव के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ सोमा उरांव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में आवास योजना का कार्य न रुके इसके लिए पंचायत प्रतिनिधि व प्रखंड सरकार समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक के दौरान मुखियाओं ने कहा कि योजना के पहली कड़ी में ऐसे लाभुकों को इसका लाभ मिले जो इसके हकदार हैं। सूची में कई गरीबो का नाम काफी नीचे हो गया है, उनको भी प्राथमिकता सूची में स्थान दिया जाए। समस्या सुनने के बाद बीडीओ ने मुखियाओं से दो दिनों के अंदर ग्राम सभा की कॉपी उपलब्ध कराने की बात कही। आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली वरीयता सूची को वरीय अधिकारियों तक भेजी जाएगी व इस पर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर मुखिया रंजीत उरांव, जतरु मुंडा, सुख नारायण सिंह, विफई मुंडा, नरेश भगत, रंजीता एक्का, अनिता भगत, सुष्मिता कुमारी, सुनीता खलखो, दुर्गावती देवी, फुलजेन्सिया टोप्पो, ललिता देवी, संगीता लकड़ा समेत कई पंचायत सचिव मौजूद थे।

## वन श्रमिक यूनियन का मासिक बैठक संपन्न



**गारू।** बारेसांढ़ वन विश्रामागार में दैनिक मानदेय वन श्रमिकों का बैठक बारेसांढ़ शाखा अध्यक्ष धनेश्वर यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष शिद्दनाथ झा भी शामिल हुए। महुआडांड़, बारेसांढ़, गारू पूर्वी तथा गारू पश्चिमी प्रक्षेत्र के वन श्रमिक उपस्थित हुए। शाखा अध्यक्ष धनेश्वर यादव नें बताया कि बैठक में गारू पश्चिमी तथा प्रभारी बारेसांढ़ रेंजर द्वारा श्रमिक यूनियन की मासिक बैठक पर रोक तथा लंबित मानदेय के भुगतान पर विमर्श किया गया। उन्होंने बताया की रेंजर द्वारा कुछ श्रमिकों को कार्य से हटा दिया गया था। जिसके भय से मासिक बैठक नहीं हो रहा था। रेंजर द्वारा मनमाने तरीके से श्रमिकों को हटाकर भयाक्रांत करने पर भी चर्चा किया गया। मौके पर बलराम यादव, संदीप यादव, अमन कुमार, राजीव यादव, नसरुल अंसारी, अरुण यादव तथा अन्य वन श्रमिक उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओ ने निकाला विजयी जुलूस



**बालूमाथ।** बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने राज्य में गठन हुई नई चंपई सोरेन सरकार की खुशी में विजयी जुलूस निकाला। जुलूस बालूमाथ के माधव ढाबा समीप स्थित प्रखंड झामुमो कार्यालय से शुरू हुआ। और शाहिद चौक होते हुए बालूमाथ थाना चौक तक पहुंचा। इस दौरान झामुमो कार्यकताओं ने लोगो को बधाई दिया और मिठाईयां बांटी। मौके पर बोलते हुए ऐश्वर्य उरांव ने कहा कि राज्य में गठित भी नई सरकार हेमंत सोरेन के अधूरे सपने को पूरा करेगी जो विकास का दिया हेमंत सोरेन ने जलाया है। उसे आगे बढ़ने का कारण नई सरकार करेंगी। भाजपा की सरकार ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है ।अगले चुनाव में जनता ने सबक सिखाने का काम करेगी। भाजपा की सरकार की लाख कोशिशें के बावजूद भी आज महागठबंधन की सरकार ने बहुमत प्राप्त कर लिया। मौके पर झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुलिस ने पोस्ता की खेती को किया नष्ट

**बारियातू।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को बारियातू पुलिस ने पूर्व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बालुभांग पंचायत के वन क्षेत्र में अभियान चला कर सात एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को थाना क्षेत्र के बालुभांग व बुढ़ीसखुआ के जंगली क्षेत्र में अफीम माफीयाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की गई है. गुप्त सूचना के आधार पर विनिष्ट करण के लिए एक टीम का गठन किया गया और अभियान चलाकर लगभग सात एकड़ भुमि पर लहलहा रहे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया।

## स्पीड न्यूज

### नवनियुक्त डीआई ने सकारात्मक सहयोग का दिया आश्वासन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ईडी संकार्य बीरेन्द्र कुमार तिवारी को निदेशक प्रभारी बनाए जाने पर झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के बोकारो केंद्र की ओर से उन्हें बधाई दी गई। केन्द्र के प्रभारी राजेश कुमार झा ने उन्हें ऊनी शॉल भेंटकर सम्मानित किया तथा आगामी उत्तरदायित्वों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। राजेश ने श्री तिवारी को बोकारो में खादी के क्षेत्र में स्थानीय केंद्र द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। वहीं श्री तिवारी ने खादी वस्त्रों की अहमियत पर चर्चा करते हुए बीएसएल की ओर से बोकारो इस्पात नगर में खादी के विकास को लेकर हरसंभव सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

### फुसरो के पूर्व सचिव भोला सोनी ने अध्यक्ष पद से चुनाव लड़ने की घोषणा किया



**बेरमो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो के पूर्व सचिव भोला सोनी ने सोमवार को फुसरो में बैठक कर संघ के अध्यक्ष पद से चुनाव लड़ने की घोषणा किया। उन्होंने कहा कि युवा व्यवसायी संघ फुसरो का सचिव रहते हुए व्यवसायियों के हर दुःख सुख में साथ खडा रहने का काम किए हैं। हमेशा व्यवसायी हित में बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाने का काम किए हैं। संघ के इस बार के चुनाव में फुसरो बाजार के व्यवसायी के समर्थन से अध्यक्ष पद पर चुनाव लडेंगे। पुरा विश्वास है कि व्यवसायी हमें अपने मतों से अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। मौके पर शिवनंदन सोनी,अजीत सिंह, शिवशंकर, रवि सोनी, आशीष, सुदामा, संतोष सिंह, मिथलेश कुमार, नेजाम मिस्त्री, संतोष सिन्हा, दिलीप अग्रवाल, अकिल मिस्त्री, मुन्ना मिस्त्री, बिट्टू वर्णवाल, बिक्की सोनी, शुभम, विरेंद्र आदि मौजूद थे।

### विप्र समाज ने बीएसएल के नवनियुक्त डीआई बीके तिवारी को किया सम्मानित



**बोकारो।** संपूर्ण विप्र समाज द्वारा बीएसएल के नवनियुक्त डीआई बीके तिवारी को विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मुकुल ओझा के नेतृत्व में श्री तिवारी जी को शुभकामनाओं के साथ पुष्प गुच्छ आम का एक पौधा तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सपत्नीक सम्मानित किया गया। संपूर्ण विप्र समाज द्वारा विप्र गौरव सम्मान ऐसे विप्रों को प्रदान किया जाता है जो अपने उत्कृष्ट कार्यों द्वारा राष्ट्र के उत्थान में विशिष्ट योगदान देकर समाज का मान बढ़ाते हैं। समारोह में संपूर्ण विप्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल ओझा प्रदेश संगठन महासचिव मृणाल कांत चौबे राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र कुमार पांडेय बोकारो जिला के कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर दुबे महासचिव श्रवण कुमार झा सचिव अरुण पाठक वीरेंद्र चौबे उग्रनाथ झा अक्षय कुमार दुबे बिमलेश पांडेय शैलेंद्र तिवारी राजेश्वर द्विवेदी पुरोहित संजय पांडेय संजय मिश्र पप्पू चौबे कृष्ण कुमार पांडेय सोमनाथ पांडेय मिली चौबे मनोज पांडेय मनीष पांडेय अजय पांडेय विनोद तिवारी कुंदन उपाध्याय वीरेंद्र मिश्र शशि कांत मिश्र सहित अनेक विप्रगण उपस्थित रहे।

### सीसीएल प्रबंधन और रेलवे की लापरवाही के कारण हाइवा मालगाड़ी के आया चपेट में



**बेरमो/कथारा।** सोमवार की दोपहर सीसीएल कथारा वाशरी में पावर कोल लेने के लिए प्रवेश कर रही रेलवे रैक वाशरी के रेलवे गेट के पास कोयले से लदे ट्रक से टकरा कर गई।इस घटना में हाइवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दुसरी तरफ रेलवे की तीन बोगिया बेपटरी हो गई। जबकि हाइवा चालक जोगिंदर सिंह ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना से वाशरी परिसर में मौजूद सीसीएल कर्मी, अधिकारी एवं रोड सेल से जुड़े लोगों के बीच अफरा तफरी का माहौल बन गया। यहां सीसीएल प्रबंधन एवं रोड सेल से जुड़े लोग इस घटना के लिए एक दूसरे पर लापरवाही का आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। इस भयावह दुर्घटना में मालगाड़ी का चारो चक्के शौकर सहित उखड़कर बाहर हो गया। इधर मामले की सूचना मिलते ही कथारा ओपी के थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, जारंगडीह रेलवे स्टेशन मास्टर सुभाष रंजन, कथारा जारंगडीह रेलवे लाइन चार्जिंग इंचार्ज अमल कुमार, आरपीएफ के जवान, सीसीएल कथारा वाशरी के अधिकारी विक्रम कुमार, सूर्यभूषण कुमार आदि ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए पूछताछ की।

# लूट के कारण झारखंड देश में बदनाम है : कृष्णा मार्डी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान का 52 वां स्थापना दिवस रविवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत राजा बंगला ढोरी बस्ती के ग्राउंड में धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता झामुमो उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो और संचालन केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो ने किया। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि झामुमो उलगुलान के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद कृष्ण मार्डी, केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने झारखंड केसरी पूर्व सांसद स्व. बिनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्श पर चलते हुए झारखंडवासियों के हक और अधिकार के लिए आंदोलन करने का शपथ लिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृष्णा मार्डी ने कहा कि जिस उद्देश्य से स्व. बिनोद बिहारी महतो के नेतृत्व में जिस उद्देश्य से झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना कर झारखंड आंदोलन लड़ा गया वह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। शिबू सोरेन गुट ने झारखंड को लूट खंड में बदल दिया। जिसके करण कभी पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जेल गए तो कभी मधु कोड़ा जेल गए। अब मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले के मामले में ईडी ने जेल भेज दिया। कहा जो लूटेगा वह जेल जाएगा। श्री मार्डी ने कहा कि संपन्न झारखंड के लोग गरीबी में पल रहे हैं रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों को पलायन कर रहे हैं लेकिन सत्ता में काबिज होने वाले लोग जनता की चिंता छोड़ सिर्फ अपनी जेब भरने का काम किया। कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की कमी नहीं है लेकिन झारखंड में खनिज, कोयला, लोहा, बालू यदि मिनरल्स को लूटा जा रहा है। यह सब सत्ताधारी दल के इशारे पर लूट हो रहा है। कहा कि इसलिए झारखंड अलग राज्य के लिए झारखंड के अनेकों शहीदों ने शहादत नहीं दिया था। आज झारखंड अलग राज होने के बावजूद झारखंडवासियों के चेहरे पर उदासी है। उन्होंने कहां की झामुनों की स्थापना झारखंड को शोषण मुक्त झारखंड बनने के लिए गठन किया गया था लेकिन शिबू सोरेन कंपनी की गलत नीतियों के कारण झामुमो मार्डी बना,अब झामुमो उलगुलान बना है। कहा कि आने वाले समय में झारखंडवासियों को रोजगार और उत्थान के साथ-साथ सम्मान के लिए झामुमो उलगुलान बड़ी लड़ाई लड़ेगी, इसके लिए झारखंडवासियों को तैयार रहना होगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सब जनता को बरगलाने के लिए हो रहा है लेकिन देश की जनता अब किसी के बहकावे में आने वाले नहीं है अपने विवेक से आने वाले चुनाव में मतदान करेंगे। झामुमो उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने कहा कि हर साल झामुमो उलगुलान का धनबाद के सरायढेला शिव मंदिर के मैदान में स्थापना दिवस मनाया जाता था लेकिन केंद्रीय समिति के निर्णय के अनुसार धनबाद के कार्यकर्ता धनबाद में गिरिडीह, हजारीबाग जमशेदपुर, रांची के कार्यकर्ता अपने-अपने जिले में स्थापना दिवस मना रहे हैं। बोकारो और बेरमो के कार्यकर्ता राजा बंगला ढोरी बस्ती में स्थापना दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि विनोद बाबू ने शोषण मुक्त झारखंड के परिकल्पना के साथ अलग राज्य का आंदोलन शुरू किया था लेकिन वह आंदोलन शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन कंपनी में बेच दिया। दुर्भाग्य है कि सत्ता पर जाने के बाद गलत तरीके से लूट को अंजाम देने के कारण हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा है। शोषण मुक्त झारखंड के लिए खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने, विस्थापित नीति बनाने, रोजगार नीति बनाने, झारखंड आंदोलनकारियों के परिवार और झारखंडवासियों को सम्मान और आर्थिक, शिक्षा का समान अधिकार और उत्थान के लिए झामुमो उलगुलान एक और आंदोलन करने की तैयारी में है। केंद्रीय सचिन दिगंबर महतो कृष्णा थापा, नरेश महतो, शंभूनाथ महतो, मधु पासवान, केंद्रीय कोषाध्यक्ष विश्वनाथ तुरी, हजारीबाग के अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल, जगदीश महतो, जयकुमार टुडू, हेमलाल महतो, रामकृष्ण त्रिपाठी, राजेश कमार, छोटेलाल गुप्ता, नंदलाल महतो, मनीलाल पाल, महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष किरण देवी जिला अध्यक्ष सहोदरी देवी जिला सचिव अलिया देवी आदि ने संबोधित करते हुए झारखंड वासियों के अधिकार के लिए आंदोलन करने की बात कही।

पुनीत गिरी, महेंद्र मंडल, वीरेंद्र चौहान, बबलू रवानी, बसंत सोनी, लक्ष्मण हांसदा, नेपाल महतो, मुनीलाल महतो, नेपाली कहार, सरजू महतो, सुरेश महतो, रोहन कमार, सरजू महतो सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

**महिलाओं को किया गया सम्मानित**

झामुमो उलगुलान के स्थापना दिवस समारोह में आंदोलनकारी एवं समाज हित में काम करने वाली सैकड़ो महिलाओं को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे महिलाओं में काफी हर्ष देखा गया।

**बिरन लोहार पुनः झामुमो उलगुलान में शामिल**

कुछ दिनों पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान छोड़कर अलग होने वाले बिरन लोहार पुनः आज स्थापना दिवस समारोह में झामुमो उलगुलान में शामिल हो गए। जिन्हें केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा मार्डी सहित अन्य पदाधिकारी ने माला पहनकर एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जानकारी देते घायल।

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतीला गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के एक पुरुष सहित तीन महिला बुरी तरह घायल हो गई। घायलों में नेजाम अंसारी, रोजन बीवी, नसीबुन बीवी एवं सलमा बीवी का नाम शामिल है। सभी घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी से रेफरल अस्पताल मझिआंव लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ राजीव पांडेय एवं सहयोगी राकेश ठाकुर ने प्राथमिक उपचार किया। रोजन बीबी एवं नसीबून बीवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

घटना के संबंध में घायल नेजाम अंसारी ने बताया कि मेरे रैयत्ती जमीन में गांव के ही सकुर अंसारी, नक्कू उर्फ तेज मोहम्मद अंसारी, जैनब बीवी एवं झमू अंसारी आदि के द्वारा जबरन मेरे जमीन में कब्जा कर रास्ता बना रहा था। इसी बात को मना करने के बाद सकुर अंसारी, नाकु उर्फ तेज मोहम्मद अंसारी, जैनब बीवी, झम्मू अंसारी एवं अन्य परिजनों के द्वारा अचानक हमला कर लाठी डंडे से पीटा गया। जिसमें मेरी पत्नी रोजन बीवी का हाथ फैक्र्र हो गया एवं माथा के अलावा शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटे लगी है। मारपीट होता देख मैं नेजाम अंसारी, मेरी बहू नसीबुन बीवी एवं सलमा बीवी बचाने के लिए गए। लेकिन उपरोक्त लोगों ने हमलोगों के ऊपर भी लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया।

### हाइवा की चपेट में आने से सीसीएल कर्मी की दर्दनाक मौत



**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के फ्राईडे बाजार बारी ग्राम जाने वाले गोदो नाला पुलिया पर हाइवा के चपेट में आने से लगभग 50 वर्षीय सीसीएल कर्मी की हुई घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक सीसीएल कर्मी श्रवन कुमार बेरमो के रामनगर तीन नंबर आवास से अपने ग्लैमर मोटरसाइकिल से दोपहर लगभग पौने दो बजे बोकारो कलियरी के डीडी माइंस ड्यूटी के लिए आ रहा था, इसी दौरान कोयले से भरे हाइवा के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना मे मृतक का सर पूरी तरह हाइवा ने कुचल डाला था। घटना के बाद गांधीनगर थाना की पुलिस ने शव को उठाकर सीसीएल के ढोरी केंद्रीय अस्पताल के मर्चरी में रखा दिया और हाइव व मोटरसाइकिल को जप्त कर थाने ले गई। बताता चलू की बोकारो कोलियरी के डीडी माइंस के समीप की यह कोई पहली घटना नही है बल्कि इससे पूर्व भी अनेको दुर्घटनाओं में दर्जनों लोगो ने अपनी जान गंवा चुके हैं मगर ना तो इस ओर सीसीएल प्रबंधन ही ध्यान देती है और ना ही स्थानीय प्रशासन।

# 3 मार्च को होनेवाले मिथिला सांस्कृतिक परिषद के चुनाव की गहमागहमी शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव के विषय पर उमेश मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न आमसभा में वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करते हुए अधिसूचना निर्गत हुई और छह पीठासीन पदाधिकारी मंडल संयोजक विजय कुमार झा प्रो जयराम झा डॉ डीएन मिश्रा अनिमेष कुमार झा समरेंद्र झा तथा प्रमोद कुमार झा के चयन के साथ निर्वाचन प्रक्रिया की घोषणा की गई। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी संध्या 6.00 बजे तक नामांकन वापसी 14 फरवरी की संध्या 6.00 बजे तक होगी। 15 फरवरी को नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा 16 को प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन एवं 3 मार्च 2024 को प्रातः 9.00 बजे से संध्या 5.00 बजे की अवधि में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के परिसर में मतदान होगा और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। बैठक का संचालन विवेकानंद झा एवं सुनील मोहन ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन गणेश कुमार पाठक ने किया। बैठक को उमेश मिश्र पीके झा अविनाथ झा बटोही कुमर अशोक झा भूषण पाठक सुदीप कुमार ठाकुर मनोज कुमार झा श्रवण कुमार झा इन्द्र कुमार झा प्रदीप झा केसी झा डॉ यूसी झा आदि ने संबोधित किया। मौके पर लम्बोदर झा अरुण पाठक विनय कुमार झा एके झा आदि उपस्थित रहे।

# बोकारो थर्मल में चोरी कि घटना मे हो रहा है लगातार इजाफा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो थर्मल स्थित रेलवे गेट में दो दुकानों में लगे लोहे की दरवाजा को तोड़कर अज्ञात चोरों ने दोनो दुकान से लगभग 30 हजार रूपए के समान व नगदी चोरी कर चलते बने। घटना शनिवार की देर रात्रि उस वक्त घटी जब दुकान मालिक ने अपने दुकान को ताला बंद कर घर सोने गया था। घटना की जानकारी राशन दुकान मालिक अर्जुन प्रसाद एवं पान दुकान मालिक शिबू प्रसाद को उस वक्त पता चला जब वे दोनो रविवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे। दुकान मालिक अर्जुन प्रसाद एवं शिबू प्रसाद ने घटना की सूचना बोकारो थर्मल थाना पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग किया है। वहीं बोकारो थर्मल थाना पुलिस सूचना मिलने के बाद घटना स्थल अपने दल बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को पहचानने का प्रयास कर रही हैं। घटना के संबंध में राशन दुकान मालिक अर्जुन प्रसाद ने बताया कि मेरे दुकान में लगे लोहे का दरवाजा को तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया और कहे कि चोरों ने दुकान में रखे लगभग रु 20 हजार रुपए लागत के रिफाइन तेल, काजू ,किशमिश, सिगरेट, आदि खाद्य सामान की चोरी कर फरार हो गए हैं। इसके अलावे मेरे दुकान से कुछ दूर पर मेरे बड़े भाई शिबू प्रसाद की पान दुकान में लगे लोहे का दरवाजा को भी तोड़ कर लगभग दो हजार रूपए नगदी के अलावे पान मशाला, चॉकलेट, हॉरलिक्स, काजू, पिस्ता, आदि खाद्य सामान जिसकी कीमत लगभग दस हजार रुपया होगी। उसे भी चोरों ने चोरी कर फरार हो गए। वही दुकानों में चोरी करते समय चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया और चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। बता दे बोकारो थर्मल थाना प्रभारी रूपेंद्र कुमार राणा को हटाए जाने के बाद बोकारो थर्मल में चोरी की घटना बढ़ गई है। दिनांक 1 फरवरी की रात्रि में भी बोकारो थर्मल केंद्रीय मार्केट के अमर स्टोर नमक दवा दुकान की खिड़की तोड़ कर लगभग 25 हजार रुपए नगदी चोरी कर चोर फरार हो गए। जिसकी जांच कर अपराधियों को गिरफ्तार करने का प्रयास पुलिस कर रही है।

**पेज 1 का शेष**

## आरोप सिद्ध कर दें...

**विपक्ष को आदिवासियों से घृणा है :** श्री सोरेन ने विपक्ष की ओर ईशारा करते हुए कहा कि आदिवासियों के प्रति इतनी घृणा कहां से आ गयी। कुछ लोग कहते हैं कि हम जंगल में थे, जंगल में ही रहते, बाहर क्यों आ गये। बाहर आ जाने से इनके कपड़े गंदे हो जा रहे हैं। इनका बस चले तो हमें फिर जंगल में भेज दें। इनकी इतनी कुंठा है। ये पहले से मुझे पता था। यह देश का ऐसा राज्य है, जब कोई देश की आजादी का सपना भी नहीं देखता था तबसे आदिवासी समाज लड़ रहा है। **सर झुका कर चलना नहीं सीखा :** हेमंत सोरेन ने कहा, ये लोग (विपक्ष) नहीं चाहते है कि आदिवासी-दलित, जज आईएएस, आईपीएस राजनेता बने। मेरे हवाई जहाज पर बैठने, बीएमडब्ल्यू पर चढ़ने व फाइव स्टार पर जाने से भी इन्हें चिढ़ थी। हम लोगो ने सर झुका कर चलना नहीं सीखा है। लेकिन, स्वाभिमान बरकरार रखा है। यही आदिवासियों की पहचान है। अब आदिवासीयों दलितों को आगे नहीं बढ़ने दिया जायेगा। अब जो इनके सामने आयेगा ऐसे अंजाम से गुजरना पड़ेगा। लेकिन, इनकी बहुत बड़ी भूल है। जनता बहुत अच्छे से जबाब देगी। कानून में रह कर कैसे गैरकानूनी तरीके से कम करना है, इनसे सीखा जा सकता है। जिस तरीके से बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है, उसी तरीके से सामाजिक व्यवस्था चल रही है। **हमें जो निगलेगा, अंतड़ियां बाहर आ जायेंगी :** पूर्व सीएम ने कहा 22 जनवरी को प्रभु राम का प्रतिष्ठान होते ही ऐसा रामराज आया कि पहला कदम बिहार में पड़ा और दूसरा झारखंड में। अब इस आदिवासी को निगलने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इस आदिवासी के शरीर में ज्यादा हड्डी है, जिसे कम करने का काम इडी को सौंपा गया है। लेकिन हड्डी गले में फंस गयी तो अंतड़ियां बाहर निकल जायेगी। आनेवाले समय में सदन से लोगों की गिरफ्तारी होगी। आदिवासी पिछड़ों दलितों से आग्रह है कि आप तैयार हो जाइये, नहीं तो आने वाली पीढ़ियां आपको माफ नहीं करेगी। राज्यपाल ने 32 पेज का अभिभाषण पढ़ा। हमलोग लाख चिल्लाते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अभिभाषण पढ़ने से क्या होगा, जब लोकतंत्र ही नहीं रहेगा।

## पार्ट-2 बन हेमंत...

**अभिभाषण से शुरू हुई कार्यवाही :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद कुछ देर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। फिर से सदन की कार्यवाही विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में शुरू हुई। फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरकार बनाने का अपना दाना पेश किया, जिसके बाद विस अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका दिया। निर्दलीय विधायक अमित महतो अनुपस्थित रहे। कमलेश सिंह ने विपक्ष के समर्थन में वोट किया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। **केंद्रीय एजेंसी की मदद से सरकार गिरा ही दी :** सीएम ने कहा कि जब भाजपा अपनी साजिश में सफल नहीं हुई तो इन लोगों ने केंद्रीय एजेंसी की मदद से हेमंत बाबू को जेल भेजा और सरकार को गिरा ही दिया। चंपई सोरेन ने कहा, हम हेमंत सोरेन के सभी काम और योजनाओं का आगे लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वार के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान निकाला गया। गरीबों के लिये सर्वजन पेंशन लागू किया गया। **ऊपरवाले के यहां देर है अंधेर नहीं :** सीएम ने कहा कि ये केंद्र ने देश में अजीब हालात पैदा कर दिये हैं। ऊपर वाले के घर में देर है, अंधेर नहीं। भाजपा के लोग इंतजार करें। इनलोगों ने गलत तरीके से ईडी का इस्तेमाल करके हेमंत बाबू को जेल भेजा। उन्होंने आग्रह किया कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के संविधान को खत्म मत करने का प्रयास न करें। इडी, सीबीआइ व आइटी का दुरूपयोग बंद करें। उन्होंने कहा कि क्या गरीब के बच्चे को विदेश जाकर पढ़ने का हक नहीं है क्या। हेमंत ने गरीब बच्चों को पढ़ने विदेश भेजा। राज्य बनने के बाद यहां विपक्ष की सरकार बनी। झारखंड के खनिज और माइंस को लूटा गया। आदिवासी- मूलवासी को क्या मिला? जब-जब यहां आदिवासी मूलवासी की सरकार बनती है। इन्हें दर्द होने लगता है। एक ऐसे मामले में हेमंत बाबू को जेल भेजा गया। जिसका न खाता है और न बही। बंधु तिर्की को मात्र 5 लाख में विधायकी चली गयी।

## विपक्ष लंबे समय तक...

नेता तो बदल गये, लेकिन पुरानी बातें ही करते रहते हैं। चुनावी साल था तो कुछ मेहनत करते, कुछ नया निकालते पर विपक्ष की इस हालत की जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विपक्ष को आगे बढ़ने नहीं दिया। संसद नहीं चलने दी गयी। ऐसा करके विपक्ष ने संसद और देश का नुकसान किया देश को स्वस्थ और अच्छे विपक्ष की जरूरत है। कांग्रेस की मानसिकता से हुआ देश को भारी नुकसान हुआ। **भानुमति ने कुनबा जोड़ा :** पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन पर वार करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले भानुमती का कुनबा जोड़ा, फिर वह बिखर गया। अब अलायंस का ही अलाइनमेंट बिगड़ गया। अब सब एकला चलो की राह पर हैं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की मानसिकता से देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस का विश्वास हमेशा एक परिवार के प्रति रहा है। एक परिवार के आगे वह ना कुछ कर सकते हैं और ना कुछ सोच सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "वे (विपक्ष) विपक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे. मैंने हमेशा कहा है कि देश को एक अच्छे विपक्ष की जरूरत है। देश को स्वस्थ और अच्छे विपक्ष की बहुत जरूरत है। इतने साल हो गए विपक्ष नेता नहीं बदल पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में किसी नेता को आगे नहीं बढ़ाया गया। परिवारवाद का खामियाजा देश ने उठाया है। **नेहरू और इंदिरा पर साधा निशाना :** पीएम मोदी ने कहा कि इंदिरा गांधी की सोच भी जवाहर लाल नेहरू से ज्यादा अलग नहीं थी। उन्होंने लाल किले से कहा था- दुर्भाग्यवश हमारी आदत ये है कि जब कोई शुभ काम पूरा होने को होता है तो हम आत्मसंतुष्टि की भावना से ग्रस्त हो जाते हैं और जब कोई कठिनाई आ जाती है तो हम नाउम्मीद हो जाते हैं।

# लोकतंत्र बचाओ का प्रतिनिधिमंडल राहुल गांधी से मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** सोमवार को लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान प्रतिनिधिमंडल भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी से इरबा सभा से पूर्व मिलकर झारखंड के जमीनी मुद्दों और 2024 लोकसभा चुनाव पर व्यापक चर्चा किया और संलग्न मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी को कहा कि अभियान का स्पष्ट मानना है कि मोदी सरकार, आरएसएस व भाजपा समाज, झारखंड, देश, लोकतंत्र, संविधान और मेहनतकश वर्ग के लिए सबसे बड़े खतरे हैं इसे खतम किया जा रहा है। इन खतरों से लड़ने की दिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक सकारात्मक पहल है. इस पहल को मजबूती से 2024 लोकसभा चुनाव में जनता की लड़ाई तक ले जाने के लिए इस संघर्ष में सभी लोकतंत्र पसंद लोगों, संगठनों और पार्टियों को मिलकर जन मुद्दों पर साझा जमीनी संघर्ष करने की जरूरत है साथ ही, जल्द-से-जल्द सीट वार गठबंधन तय होना चाहिए एवं जनता की मांग अनुरूप व क्षेत्र की सामाजिक स्थिति के अनुसार साझा स्थानीय प्रत्याशी की भी जरूरत है।प्रतिनिधिमंडल ने मोदी सरकार व भाजपा के हमलों जैसे देश को हिंदू राष्ट्र बनाना, सांप्रदायिकता, युएपिए, सीएए समेत दमनकारी कानून, आदिवासी-दलितों को फर्जी मामले में फंसाना, बढ़ती गैर बराबरी, बेरोजगारी, बहुजन समाज की नौकरी में कम प्रतिनिधित्व आदि पर विस्तृत चर्चा किया। कांग्रेस पार्टी समेत सभी विपक्षी गठबंधन को मोदी सरकार के विनाशकारी नीतियों के विरुद्ध जन पक्षीय कानूनों व नीतियों के लिए स्पष्ट व साझा प्रतिबद्धता दशार्ने की जरूरत है।राहुल गांधी मुद्दों को माने और अपने विचार रखे।

**दल ने इस ओर निम्न सुझाव दिया:**

1) कई दशकों के संघर्ष के कारण देश में जन अधिकारों का विस्तार हो रहा था जिसे मोदी सरकार ने खतम कर दिया है. देश को फिर से जन अधिकारों के विस्तार की दिशा में बढ़ने की जरूरत है।

2) व्यापक बेरोजगारी से लड़ने के लिए अब सम्मानजनक मजदूरी के साथ व्यापक काम के सार्वजानिक अधिकार सुनिश्चित करने की जरूरत है।

3) आदिवासियों व ग्राम सभा का जल, जंगल, जमीन पर पूर्ण अधिकार सुनिश्चित करने की जरूरत है। ग्राम सभा की सहमति व भागीदारी से ही खनन हो। भूमिहीन परिवारों, खास कर दलितों, को पर्याप्त भूमि पट्टा का आवंटन हो। जाति जनगणना किया जाए व आदिवासी, दलित व पिछड़ों को अनुपात अनुसार हर क्षेत्र में शिक्षा, नौकरी व प्रोन्नति में पर्याप्त आरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

4) सभी जन विरोधी कानूनों व प्रावधानों- युएपिए, एनएसए, पिएमएलए नए प्रावधान, सीएए-एनआरसी आदि को निरस्त करने की जरूरत है। पुलिस, अर्धसैनिक बलों व आर्मी को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने की जरूरत है।

5) संसदीय व लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगो के विश्वास को फिर से स्थापित करने की जरूरत है। इसके लिए इलेक्टोरल बांड व्यवस्था को निरस्त कर चुनावी चंदे को पारदर्शी करने की जरूरत है।

6) समाज में बढ़ते धार्मिक बहुसंख्यकवाद और धार्मिक हिंसा को रोक के लिए धर्मनिरपेक्षता स्थापित करने की जरूरत है।

प्रतिनिधिमंडल में राज्य के विभिन्न जिलों व अभियान से जुड़े संगठनों के निम्न सदस्य भाग लिए -अफजल अनीस, अंबिका यादव, अलोका कुजूर, दिनेश मुर्मू, एलिना होरो, प्रवीर पीटर, पी एम टोनी, प्रियशीला बेसरा, रोज खाखा और सिराज दत्ता।

स्पीड न्यूज

## पाकिस्तान में थाना पर आतंकी हमला, 10 पुलिसकर्मी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक थाने पर सोमवार के तड़के करीब तीन बजे हुए आतंकी हमले में 10 पुलिसकर्मी मारे गये। यह आतंकी हमला डेरा इस्माइल खान जिले के तहसील दरबान के चोडवान पुलिस स्टेशन पर हुआ। इस हमले में छह अन्य घायल हो गये।

## आरइसी को मिला सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बांड कॉरपोरेट पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और अग्रणी एनबीएफसी, आरइसी लिमिटेड को द एसेट ट्रिपल ए अवार्ड्स फॉर सस्टेनेबल फाइनेंस 2024 में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बांड कॉरपोरेट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आरइसी प्रवक्ता के मुताबिक आरइसी को अप्रैल 2023 में 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ग्रीन बांड जारी करने के लिए पुरस्कार मिला है।

## म्यांमार के मोर्टार गोले बांग्लादेश में गिरे, दो की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के बंदरबन में घुमदम सीमा पर म्यांमार से कथित रूप से दागे गये मोर्टार के गोलों से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी है। यह गोले सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे नाइखोंगचारी उपजिला में एक निमार्णाधीन घर पर गिरे।

## दुर्ग की महिला ओमान में बंधक जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर/दुर्ग।** हाउस मेड की नौकरी के लिए केरल की एक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से ओमान भेजी गयी दीपिका नाम की महिला को वहां बंधक बना लिया गया है। इस आशय की शिकायत दीपिका के पति मुकेश ने थाने में दर्ज करायी है।

## लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी बने सेना उप प्रमुख

**नयी दिल्ली।** उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी नये सेना उप प्रमुख होंगे। वह 15 फरवरी को पदभार ग्रहण करेंगे। मौजूदा उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार उधमपुर स्थित उत्तरी कमान में लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) का सेंसेक्स 354.21 अंक गिरावट के साथ 71,731.42 के स्तर पर बंद हुआ। एनएसइ का निफ्टी भी 82.10 अंक लुढ़कर 21,771.70 के स्तर पर बंद हुआ है।

# उत्तराखंड विधानसभा में आज पेश होगा यूसीसी बिल

## मुख्यमंत्री धामी ने कहा- राज्य ही नहीं, पूरे देश के लोग यूसीसी की कर रहे हैं प्रतीक्षा

**देहरादून (हि.स.)।** उत्तराखंड की धामी सरकार मंगलवार (6 फरवरी) को विधानसभा सत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को सदन के पटल पर रखेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड ही नहीं, पूरे देश के लोग यूसीसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह युगांतकारी समय है और सभी धर्मों के हित में है। सभी विधायक सकारात्मक रूप से इस चर्चा में भाग लें। हालांकि, यूसीसी बिल को लेकर विपक्ष सरकार पर लगातार सवाल उठा रही है।

सोमवार को विधानसभा सत्र में दिवंगत विधायक और पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित सदन के सभी सदस्यों ने दिवंगत विधायकों के साथ बिताये हुए पलों को याद किया। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके बाद विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक की गयी।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया कि आज विधानसभा में आयोजित कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को सदन पटल पर रखने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को विधानसभा में इस पर चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही राज्य आंदोलनकारियों की क्षैतिज आरक्षण की मांग से जुड़ा प्रतिवेदन प्रवर समिति को दिया गया था, उस रिपोर्ट को भी पटल पर रखा जाएगा। कार्य मंत्रणा समिति से कांग्रेस नेताओं (सदस्यों) के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि अभी कुछ ऐसा विषय मेरे पास आया नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रश्न काल नहीं होगा। हम सब और राज्य की जनता भी यूसीसी पर चर्चा करना चाहती है। विधायकों के लिए यह जरूरी होता है कि अपनी बात सदन में रखें। उन्होंने कहा कि यूसीसी ऐसा कानून है, जो देश हित में है और देश आगे बढ़ेगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जिस निमित्त इस सत्र को आहूत किया गया है, इसे लेकर लंबे समय से प्रदेशवासियों को इंतजार था। यूसीसी बिल को लेकर सवा करोड़ केवल उत्तराखंड के नहीं अपितु पूरे देश के लोग उत्तराखंड के विधानसभा में यूसीसी बिल कब आएगा, इसको लेकर प्रतीक्षा कर रहे हैं। वह प्रतीक्षा अब समाप्त हो रही है। मंगलवार को विधानसभा में यूसीसी बिल को प्रस्तुत करेंगे। सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पूरे देश की नजर हमारी तरफ है। यह युगांतकारी समय है। ये बिल किस प्रकार से आता है और कैसे चर्चा होती है, सभी देखना चाहते हैं। सभी लोग सकारात्मक रूप से चर्चा में भाग लें। मातृशक्ति के उत्थान के साथ ही यह हर पंथ, हर धर्म के हित में है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय एक समान कानून लाने के लिए जनता के सामने हमने संकल्प लिये थे और जनता ने हम पर विश्वास जताया है। अब सरकार काम है, उस पर खरा उतरे। सभी धर्मों के लिए समान कानून लाने का वह समय आ गया है। हम सभी गौरवान्वित हैं। यह मौका उत्तराखंड को मिल रहा है। देश को लंबे समय से, जिसका इंतजार था। वह कल विधेयक के रूप में विधानसभा सत्र में आयेगा।

मुख्यमंत्री ने नकल बिल के एक सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री युगदृष्टा हैं और भविष्य को देखने वाले हैं। देश के हरेक जन,गण, मन की चिंता करते हैं। नैनीहालों, कर्णधारों, युवाओं और प्रतिभागी परीक्षाओं में भाग लेने वाले की कठिनाइयों को जानते हैं। वह सब काम करते हैं जो देश की जरूरत है। इस नकल विरोधी कानून को देश की जरूरत है इसी को ध्यान में रखकर यह लाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के संविधान के अनुरूप समान नागरिक संहिता आगे बढ़ेगी। इसे सबके अच्छे के लिए बनाया गया है। अभी विधेयक के रूप में पेश हुआ नहीं है, इसलिए इस प्रकार की शंका करना ठीक नहीं है। किसी को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना है, उसे यह विधेयक साकार करेगा। विपक्ष ने सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया।

## सेगमेंट की सबसे बड़ी टेक्नो स्पार्क-20 की बिक्री शुरू

**मुंबई।** ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, टेक्नो, वर्ष 2024 में यूजर्स को नवाचार की एक रोमांचक यात्रा की सैर कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसेडर के रूप में शामिल करने और आकर्षक व मनोरंजक पॉप 8 की दमदार लांचिंग के साथ नये वर्ष की शुरुआत करने के बाद टेक्नो बिल्कुल नये स्पार्क-20 के साथ स्मार्टफोन परिदृश्य पुनर्जीवित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह स्मार्टफोन निकटतम रिटेल स्टोर्स और अमेजॉन पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। यह मेड इन इंडिया स्मार्ट फोन ऑलराउंडर है, जो डिवाइस में स्टोरेज, हाई क्वालिटी कैमरा और आकर्षक डिजाइन, किफायती कीमत पर और एक ही डिवाइस में उपलब्ध है।

## डेंटल और क्वालिटी काउंसिल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने सोमवार को आरके पुरम में स्थित राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग (एनडीसी) के नये मुख्यालय का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने इस मौके पर आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में चार नर्सिंग कॉलेजों की नींव रखी। इस मौके पर अंडरग्रेजुएट डेंटल कॉलेजों के मूल्यांकन और रेटिंग के लिए डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआइ) और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआइ) के बीच एक समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना, दंत चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और दंत स्नातक कॉलेजों में निरंतर सुधार को बढ़ावा देना है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र को लोगों के लिए सुलभ और किफायती बनाया गया है। देश में 1.64 लाख स्वास्थ्य केंद्र बनाये गये हैं। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाएं देने के लिए चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को तैयार करने के लिए देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दो गुनी कर दी गयी है। इसके साथ नर्सिंग कॉलेज की संख्या भी बढ़ा दी गयी है।

# परीक्षा की गड़बड़ियों को रोकने को विधेयक लोकसभा में पेश

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय कार्मिक मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सोमवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 लोकसभा में प्रस्तुत किया। लोक परीक्षा विधेयक का उद्देश्य परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी की रोकथाम करना है। इसमें कई कड़े प्रावधान किये गये हैं और आवश्यकता पड़ने पर मामले को केंद्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से परीक्षा पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं।

विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी अपराध की जांच पुलिस उपाधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा। केंद्र सरकार के पास जांच को किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने की शक्तियां होंगी।

विधेयक के तहत गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की कैद की सजा और दस लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। परीक्षा से जुड़ी सेवाएं देने वालों पर करोड़ रुपये तक का जुर्माना और परीक्षा की आनुपातिक लागत वसूलने और चार साल के लिए प्रतिबंध का प्रावधान है। संगठित अपराध में शामिल लोगों को 10 साल तक की सजा हो सकती है। संगठित अपराध में शामिल संस्थान की संपत्ति कुर्क हो सकती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में पिछले दिनों सरकार की विधेयक लाने संबंधित मंशा को आगे रखा था। उन्होंने कहा था कि परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों से युवाओं को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है।

### संसद का बजट सत्र

## राज्यों को कर हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित : सीतारमण



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि राज्यों के कर हस्तांतरण के मामले में सरकार कुछ नहीं कर सकती, ये पूरी तरह से वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राज्यों को प्रत्यक्ष करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिश पर होता है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के पूरक सवाल के जवाब में यह बात कही। सीतारमण ने सदन को बताया कि राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) 100 फीसदी राज्यों को जाता है। सरकार कुछ राज्यों के कर हस्तांतरण के मामले में कुछ नहीं कर सकती है, क्योंकि यह पूरी तरह से वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस मामले में केंद्र का न कोई अधिकार है और न ही कोई भूमिका। सीतारमण ने कहा कि मुझे अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार यह बदलने का अधिकार नहीं है कि मुझे कोई राज्य पसंद है या नहीं। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग की सिफारिशों का क्रियान्वयन बिना किसी भय या पक्षपात के किया जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कर हस्तांतरण प्रणाली ठीक तरह से काम कर रही है। वित्त मंत्री ने अधीर रंजन चौधरी के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आयोग विभिन्न हितधारकों से विचार-विमर्श करने के बाद अपनी सिफारिशें करता है।

## लोकसभा में फिर उठा भारत-चीन सीमा विवाद का मुद्दा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को भारत-चीन सीमा विवाद पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा। अधीर रंजन ने आसन के माध्यम से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूछा कि रक्षा मंत्री बतायें कि लद्दाख के क्या हालात हैं? आपने कहा था कि वहां यथास्थिति बहाल करेंगे, लेकिन दिन-प्रतिदिन लद्दाख की हालत खराब होती जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लद्दाख में 02 हजार स्क्वायर किमी. क्षेत्र पर अतिक्रमण हो चुका है। आज लद्दाख के चरवाहे अपनी जमीन पर नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे में आप चुप क्यों बैठे हैं?

## राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान नाराज हुईं जया बच्चन

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन प्रश्नकाल के दौरान सूचीबद्ध प्रश्न को क्रम में न पूछे जाने को लेकर नाराज हो गयीं और खड़े होकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान भाजपा के राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब ने विपक्ष के सांसदों को बैठ जाने के लिए इशारा किया। इसको लेकर जया बच्चन ने आसन के माध्यम से नाराजगी जतायी। बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ से कहा कि अगर आसन के अलावा और कोई सदस्य उनको बैठने के लिए कहेगा, तो वह नही बैठेंगी।

# बिहार के 94 लाख गरीब परिवारों को स्वरोजगार को मिलेगा दो लाख : सीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार लघु उद्यमी योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य के 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लख रुपये सहायता राशि स्वरोजगार के लिए दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने जाति आधारित गणना करवाई, ताकि जाति के साथ-साथ हर किसी की आर्थिक स्थिति का भी पता चल सके। सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि 94 लाख से अधिक गरीब परिवार हैं, जिनको आर्थिक मदद की जरूरत है। हमलोग ऐसे सभी परिवार के लाभुकों को 2-2 लाख रुपया सहायता राशि देंगे, ताकि वे लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। इसकी ट्रेनिंग भी अलग से दी जायेगी। सीएम ने कहा कि आर्थिक रूप से गरीब परिवारों को स्व-रोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु "बिहार लघु उद्यमी योजना" लागू की गयी है। योजना के अंतर्गत राज्य के आर्थिक रूप से गरीब सभी परिवारों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है।



मुख्यमंत्री ने कहा, सभी जिलाधिकारी इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि इस योजना के अलावे अगर कोई अपना रोजगार करना चाहता है, तो उनकी भी पूरी मदद करें। हम आप लोगों से अनुरोध करेंगे कि हर जाति, धर्म के लोगों के बीच इस योजना को प्रचारित-प्रसारित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

### फ्लोर टेस्ट के पहले नीतीश कुमार जायेंगे दिल्ली

**पटना।** फ्लोर टेस्ट के पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 7 फरवरी को दिल्ली जायेंगे। नीतीश कुमार दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। नीतीश दो दिन के लिए दिल्ली दौरे पर जायेंगे, जहां वह प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। मंत्रिमंडल के विस्तार और फ्लोर टेस्ट के पहले यह मुलाकात अहम मानी जा रही है।

## ज्ञानवापी के बाद बरनावा में लाक्षागृह की जमीन पर हिंदुओं को मिला अधिकार

**बागपत।** जिले में बरनावा लाक्षागृह को दरगाह एवं कब्रिस्तान बताने वालों को अदालत ने खारिज कर दिया। 53 वर्ष से इस पर विवाद चला आ रहा था। अदालत के फैसले के बाद लाक्षागृह पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ज्ञानवापी के बाद अब बागपत में भी ऐतिहासिक फैसले से खुशी की लहर है। बागपत जिले के पूर्वी दिशा में बसा बरनावा गांव इतिहास के नजर से महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां के लाक्षागृह को महाभारत काल से जुड़ा बताया जाता है। कहा जाता है कि यही वो लाक्षागृह है, जहां पांच पांडवों को मारने के लिए दुर्योधन ने साजिश रची थी। लाख का एक महल बनाया, जिसमें आग लगाकर मारना चाहा, लेकिन पांडव सुरंग के रास्ते अपनी जान बचाकर निकल गये थे। इस लाक्षागृह पर महाभारत काल के अवशेष मौजूद हैं।

# ऋषि सुनक ने माना, इंग्लैंड के अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि कम करने के वादे में विफल रहे

**लंदन (हि.स.)।** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को माना कि वह इंग्लैंड के अस्पतालों में प्रतीक्षा अवधि कम करने के अपने वादे में विफल रहे। टॉकटीवी के साथ साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद इस संबंध में की गयी प्रतिज्ञा पूरी करने में अपनी विफलता स्वीकार की।

द गार्डियन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इस साक्षात्कार को सोमवार को पियर्स मॉर्गन अनसेंसर्ड यूट्यूब चैनल पर दोपहर 2 बजे और टॉकटीवी पर रात आठ बजे प्रसारित किया जायेगा। सुनक ने साक्षात्कार में कहा, इस दिशा में हमने पर्याप्त प्रगति नहीं की। यह पूछे जाने पर कि क्या इसका मतलब यह है कि वह विफल हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने जवाब दिया- हां, हम विफल हो गए हैं।



इस संबंध में शैडो हीथ सेक्रेटरी लेबर के वेस स्ट्रीटिंग ने कहा, 'ऋषि सुनक ने आखिरकार वह स्वीकार कर लिया, जो वर्षों से बाकी सब स्वीकार करने में हिचकते रहे हैं।' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल अक्टूबर में यह खुलासा हुआ था कि इंग्लैंड में एनएचएस उपचार के लिए 18 महीने से अधिक समय तक इंतजार करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। स्वास्थ्य सेवाओं से संबद्ध नेताओं ने दिसंबर में सुनक को चेतावनी दी थी कि औद्योगिक विवाद को जारी रखने से उनकी प्रतिज्ञा को पूरा करना लगभग असंभव हो जायेगा। फिर भी, सुनक ने अपनी विफलता के लिए हड़ताली कर्मचारियों को दोषी ठहराने की कोशिश की।

साक्षात्कारकर्ता पियर्स मॉर्गन ने सुनक को तीन महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद उनकी 79 वर्षीय मां के एनएचएस देखभाल के अनुभव के बारे में बताया। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने के बावजूद उनकी मां को लगभग सात घंटे तक एएंडई कॉरिडोर में एक ट्रॉली पर इंतजार करना पड़ा। इस पर सुनक ने कहा, यह चौंकाने वाला था।

# लॉस एंजिल्स में 66वें 'ग्रैमी अवॉर्ड' में भारतीयों ने बजा दिया डंका

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में आयोजित 66वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में इस बार भारतीयों का डंका बजा। इस समारोह में दिग्गज तबला वादक जाकिर हुसैन और बांसुरीवादक राकेश चौरसिया को पुरस्कार मिला है। भारत के मशहूर संगीतकार और गायक शंकर महादेवन को प्रतिष्ठित ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। ग्रैमी अवॉर्ड संगीत जगत का सबसे बड़ा अवॉर्ड माना जाता है। संगीतकार और ग्रैमी अवॉर्ड विजेता रिकी केज ने सोशल मीडिया एक्स के अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी है। उस्ताद जाकिर हुसैन ने एक ही रात में तीन ग्रैमी जीतकर इतिहास रच दिया है, जबकि राकेश चौरसिया ने दो ग्रैमी अवॉर्ड जीते हैं। ग्रैमी अवाड्र्स में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ वर्ष है। खुशी है कि मुझे इस पल का गवाह बनने का मौका मिला,' रिकी केज ने पोस्ट में कहा। 'शक्ति' ने 'दिस मोमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम का ग्रैमी पुरस्कार जीता। ग्रैमी अवॉर्ड विनर रिकी केज ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। शक्ति ने ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम के लिए चार भारतीय संगीतकारों ने ग्रैमी पुरस्कार जीते। बहुत अच्छा भारत हर दिशा में चमक रहा है। शंकर महादेवन, सेल्वगणेश विनायकराम, गणेश राजगोपालन, उस्ताद जाकिर हुसैन। उस्ताद जाकिर हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार जीते और सर्वश्रेष्ठ बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते।' ग्रैमी अवॉर्ड्स वर्ष 2024 में भारतीयों का दबदबा रहा। जाकिर हुसैन ने बेला फ्लेक और एडगर मेयर के साथ 'पश्तो' के लिए 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रदर्शन' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता।



### प्रधानमंत्री ने उस्ताद जाकिर हुसैन और अन्य को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर संगीतकार उस्ताद जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, सेल्वगणेश वी और गणेश राजगोपालन को बधाई दी। पीएम ने कहा कि उनकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है, जिससे भारत गौरवान्वित हुआ है।

## चुनाव के दौरान कैंपेन में बच्चों के उपयोग को लेकर आयोग सख्त

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनावों के दौरान कैंपेन में बच्चों का उपयोग करने को लेकर सख्ती दिखाते हुए पार्टियों, उम्मीदवारों और अपनी चुनावी मशीनरी को सख्त निर्देश जारी किये हैं। पत्र में उन्हें इस पर आयोग की जीरो टालरेंस की नीति से अवगत करा दिया गया है। आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को किसी भी तरह से राजनीतिक अभियानों और रैलियों में बच्चों का उपयोग करने से बचना चाहिए। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि वे बच्चों को किसी भी प्रकार के चुनाव अभियान में शामिल न करें, जिसमें रैलियां, नारे लगाना, पोस्टर या पैम्फलेट का वितरण या कोई अन्य चुनावी गतिविधि शामिल है। राजनेताओं व उम्मीदवारों को प्रचार गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह लोकतंत्र की हत्या

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में निर्वाचन अधिकारी की ओर से धांधली किये जाने के आरोप पर सख्त रुख अपनाते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने चुनाव का वीडियो देखने के बाद कहा कि निर्वाचन अधिकारी मतपत्र कैसे खराब कर सकता है, उस पर मुकदमा चलना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने 7 फरवरी को होने वाली चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक को स्थगित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो दोबारा चुनाव कराये जायेंगे। कोर्ट ने कहा कि अभी मतपत्र और मतदान का वीडियो पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट को सौंप दिया जाये। सुप्रीम कोर्ट में जब चुनाव का वीडियो चलाया गया, तो कोर्ट ने कहा कि क्या इस तरह चुनाव आयोजित किये जाते हैं। ये लोकतंत्र का मजाक है। निर्वाचन अधिकारी पर मुकदमा चलना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी कैमरे पर क्यों देख रहे हैं और वो भगोड़े की तरह क्यों भाग रहे हैं। सुनवाई के दौरान आम आदमी पार्टी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भाजपा के एक उम्मीदवार को निर्वाचन अधिकारी चुना गया और उसने पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया और उसने कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के आठ पार्षदों के बैलेट पेपर को जानबूझकर खराब कर दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वीडियो ने केवल एक पक्षीय कहानी बतायी है। उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया कि पूरी रिकॉर्डिंग देखने के बाद इस पर समग्र रुख अख्तियार करें।

### सीजेआइ ने चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक स्थगित की, दोबारा चुनाव कराने के दिये संकेत

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# पीएम के स्वच्छता अभियान का असर और सफाई को लेकर हमारी मानसिकता



**अजयदीप बाधवा**

पिछली दीपावली के बाद अमेरिका के एक समाचार पत्र का एक समाचार सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हुआ था जिसमें एक फोटो दीपावली के अगले दिन अमेरिका के किसी इलाके में भारतीयों द्वारा छोड़े गए पटाखों के कचड़े की थी। भारतीय पटाखों को चलाने के बाद उसके कचड़े को वहीं छोड़ कर चले गए थे। इस फोटो के यह समाचार दिया गया था कि ये भारतीय अपने देश को भी बहुत गंदा रखते हैं और अब यही ये अमेरिका के साथ कर रहे हैं।

इसके पूर्व ओलंपिक खेलों की वीडियो भी सोशल मीडिया पर चली थी जब किसी भी मैच के समाप्त होने के बाद जापानी नागरिक उस स्टेडियम में अपने इर्द गिर्द फैला कचड़ा, वो भले उनके द्वारा फैलाया हुआ नहीं था, थैले में उठा कर ले गए थे। जापानियों के बारे में ऐसा ही वीडियो विश्व कप फुटबाल के मैचों के बाद भी देखा गया था जब वो प्रयोग की गई पानी की खाली बोतलें और चिप्स के रैपर उठा कर ले गए थे, ताकि स्टेडियम साफ सुथरा रहे। उपरोक्त दो समाचार दो देशों , भारत और जापान, के लोगों की सफाई के प्रति विपरित रुख को दशार्ता है।

सवाल यह है कि हम भारतीयों को सफाई से परहेज क्यों है? मुझे लगता है कि हम भारतीयों को सफाई से परहेज नहीं है, बस साफ रखना और रहना हमारी आदतों में शामिल नहीं है। हम स्थान देख कर सफाई के प्रति अपने रुख को परवर्तित करते हैं। जब दिल्ली के लोग मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते हैं तो ट्रेन और प्लेटफार्म को साफ रखते हैं क्योंकि वहां सब सफाई का ध्यान रखते हैं। पर दिल्ली के वही लोग जब वहां की बसों पर चलते हैं तो कहीं भी थूकने या गंदा करने से परहेज नहीं करते हैं। हमारे वर्तमान प्रधान मंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में ही लोगों को सफाई के प्रति आगाह किया था। उनके आह्वान के कारण सफाई का कार्य पर विषेश जोर दिया गया।



इंदौर और सूरत जैसे शहर अपनी सफाई के कारण बहुत विख्यात हो गए। भारतीय रेल में भी सफाई बढ़ी और रेल के डिब्बे और स्टेशन साफ दिखने लगे। सरकारी कार्यालयों में भी समय समय पर सफाई के विशेष कार्यकर्म चलाए जाते रहे हैं। अभी 22 जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले भी भारतीय प्रधानमंत्री के आग्रह पर भारत के हर मंदिर में सफाई की गई। पर इन सबके बावजूद सार्वजनिक जगहों को साफ सुथरा रखने में हम असफल ही नजर आते हैं। अभी मैं दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गया था। मुख्य मार्ग पर तो सफाई कर्मचारी लगातार सफाई में लगे थे पर अंदरूनी इलाके में बहुत गंदगी थी। और यह गंदगी पान की पीक, पान मसाला की खाली पन्नियों, पानी की खाली बोतलों, चिप्स के खाली पैकेट और प्रयोग किए गए खाद्य पदार्थों के डब्बों की थी।

मतलब साफ था कि सफाई कर्मचारियों की सफाई के बावजूद हम वहां उस सफाई को बनाए रखने में इच्छुक नहीं थे और अपनी प्रयोग किए गए कचड़े को डस्ट बिन में फेंकने के स्थान पर सड़क पर फेंक रहे थे। यही हाल मैने हाल में वृंदावन जैसे पवित्र धार्मिक स्थल पर भी देखा। भारत अब एक विकसित राष्ट्र होने की राह पर चल पड़ा है।

2047 तक हम सबसे बड़े और धनवान विश्व के तीन राष्ट्रों में एक हो जायेंगे। पर हमारी सफाई व्यवस्था हमारी बढ़ती साख के रास्ते में एक रुकावट बन सकती है। अब यह आवश्यक हो गया है कि हम अपनी आदतों में सुधार करें और सफाई को इसमें शामिल करें। सफाई हमारी साख भी बढ़ेगी और बीमारियों में भी कमी आयेगी। (लेखक कॉस्ट अकाउंटेंट सह मोटीवेटर हैं।)

# योगी सरकार की राम राज वाली शानदार बजट

**नीरज कुमार दुबे**

**यूपी** के विधानसभा में राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। उन्होंने बताया कि कि बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये है।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने विधानसभा में अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए इसे भगवान श्रीराम को समर्पित किया है। योगी सरकार अपने हर बजट की कोई ना कोई थीम रखती है। पिछले वर्ष के बजट की थीम त्वरित एवं सर्वसमावेशी विकास थी तो इस बार यानि 2024-25 का बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित करते हुए लोक मंगल की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। हम आपको बता दें कि योगी सरकार के आठवें बजट में विकास और विरासत को समान महत्व देते हुए महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। बजट को प्रदेश के हित में बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमने न तो कोई अतिरिक्त कर लगाया है ना ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया है वहीं विपक्ष ने बजट को पूरी तरह निराशाजनक करार दिया है।

विधानसभा में राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। उन्होंने बताया कि कि बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट को भगवान श्रीराम को समर्पित करते हुए कहा है कि भगवान श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं।

बजट की बड़ी बातों पर गौर करें तो आपको बता दें कि योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपये (4,88,902.84 करोड़ रुपये) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (2,70,086 करोड़ रुपये) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपये (2.18,816.84 करोड़ रुपये) शामिल है।

यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपए (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है।

इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है। बजट में राजस्य बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिये अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

**2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि**

पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को पांचवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार का ये आठवां बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ?7,36,437.71 करोड़ का बजट है। सीएम योगी ने कहा कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित इस बजट में 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश के बजट के आकार में हुई बढ़ोतरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने, डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास पर आधारित है।

**न तो कोई अतिरिक्त कर, नाही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया**

सीएम ने बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं को गिनाते हुए बताया कि पहली बार 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये के कैपिटल एक्सपेंडीचर का प्रावधान किया गया है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे खर्च होंगे तो ना केवल रोजगार का सृजन होगा बल्कि अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि 2016-17 में जहां प्रदेश की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपए की थी, वो 2024-25 में 25 लाख करोड़ रुपए यानी दोगुनी से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना करने में भी उनकी सरकार को सफलता मिली है। आज यूपी देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए संभव हो सका है क्योंकि सरकार ने ना केवल कर चोरी को रोका है, बल्कि रेवेन्यु लिकेज को समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे उसे सरकार के विभिन्न विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। यही कारण है कि यूपी आज एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। पिछले सात साल में राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। इसके लिए ना तो कोई अतिरिक्त कर लगाया गया और ना ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया गया, यही नहीं इस दौरान लोकमंगल की तमाम योजनाएं भी बड़े पैमाने पर संचालित किये गये।

**बजट में राजकोषीय अनुशासन भी है**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि रिजर्व बैंक के द्वारा राजकोषीय घाटे की लिमिट 3.5 की सीमा के अंदर ही उत्तर प्रदेश का राजकोषीय घाट (3.46) है। ये इस बात को प्रदर्शित करता है कि सरकार का विजन सुरक्षा, विकास और सुशासन के साथ साथ बजट में राजकोषीय अनुशासन का भी है।

उन्होंने बताया कि पिछले सात साल में बेरोजगारी की दर को नियंत्रित करने में भी सरकार को सफलता मिली है। 2016-17 में प्रदेश में बेरोजगारी दर 19.2 प्रतिशत थी, जो आज घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है। रोजगार के नये अवसर और औद्योगिक निवेश के नये वातावरण का सृजन हुआ है, एमएसएमई यूनिट को पुनर्जीवित किया गया है। साथ ही ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं ने यूपी को देश में नई पहचान दिलाई है।

# नीतीश कुमार ने जो चाल चली है...उसके असल परिणाम अभी आने बाकी हैं

**उमेश चतुर्वेदी**

लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए।

बिहार की नौंवी बार कमान संभाल चुके नीतीश कुमार को लेकर दोल्हा-पाती के खिलाड़ी जैसी अवधारणा बन गई है। करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है।

नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई। ऐसा माना जाने लगा कि लालू यादव की पार्टी अब खत्म हो जाएगी। लेकिन नीतीश कुमार ने 2013 में पलटी मारी और इसके बाद 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को जैसे जीवनदान मिल गया। लेकिन नीतीश को लालू का यह साथ ज्यादा दिन रास नहीं आया। हालांकि इस बीच बिहार के जीन को लेकर नीतीश कुमार ने ऐसा अभियान चलाया कि बोरे में भरकर बिहार के लोग अपने बाल नरेंद्र मोदी के पते पर भेजते रहे। तब बिहारी लोगों का बाल उनकी शुद्ध बिहारी जीन का प्रतीक था।

बीजेपी को अपनी पुराने 22 सांसदों में से कुछ के टिकट काट कर उनकी सीट जनता दल यू को देनी पड़ी। इसी गठबंधन ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा। इस चुनाव में लोकजनशक्ति-रामविलास गुट के नेता चिराग ने सिर्फ जनता दल यू की सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे और 2005 के बाद पहली बार नीतीश की पार्टी को सबसे कम यानी 5 सीटें मिलीं। नीतीश ने इसे बीजेपी का खेल माना और 10 अगस्त 2022 को बीजेपी का साथ छोड़ उस आरजेडी का दामन थाम लिया, जिसके नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पलटू चाचा की उपाधि दी थी। बिहार में 28 जनवरी 2024 को नीतीश ने फिर पाला बदल लिया और उनके लिए सारे दरवाजे बंद करने का बार-बार दावा करने वाली बीजेपी ने बदले हालात में उनके लिए दरवाजे खोल दिए। नीतीश भी अपना वह बयान भूल गए कि मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद नीतीश कुमार की छवि पलटू बाबा के रूप में



स्थायी हो गई।

राजनीति दरअसल समूचा शीर्ष नेतृत्व का खेल है। दिलचस्प यह है कि शीर्ष नेतृत्व सारे कदम अपने कार्यकताओं और आम लोगों की भावनाओं के नाम पर उठाती है। जब भी कोई गठबंधन टूटता है तो घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता पुराने साथी को दुश्मन मानकर उसके खिलाफ दुश्मनी की हद तक हमलावर हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही फिर वही दल साथ आ जाते हैं तो जमीनी स्तर पर दुश्मनी निभाने वालों के सामने खीस निपोरने और ठगा महसूस करने के अलावा कोई चारा नहीं होता। बिहार में भी यही हो रहा है। भाजपा के कार्यकताओं को नहीं सूझ रहा कि वे अब उस नीतीश को कैसे पचाएं, जिन्होंने उन्हें अछूत बताया, उनके नेताओं को विधानसभा में खरी-खोटी सुनाई। लेकिन नीतीश ने उस आसन पर बैठे विजय सिन्हा को भी नहीं छोड़ा था। सदन में महिलाओं को लेकर उन्होंने अभी कुछ ही महीने पहले तकरीबन अश्लीलता की हद तक का बयान दिया था। तब भाजपा की एक विधायक फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। बदले हालात में उनकी स्थिति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। जनता दल यू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उनका अपना कोर वोटर, जिसमें नीतीश की अपनी कुर्मी जाति के भी लोग हैं, अब गाली देने लगे हैं। उनके सामने भी नीतीश की लानत-मलामत की गई। लोगों का कहना है कि क्या बिहार के राजनीतिक दलों और नेताओं की आंखों में पानी नहीं रह गया है?

बिहार के बदले राजनीतिक गठबंधन की नई सरकार को बिहार के हित में बताया जा रहा है। इससे बीजेपी खुद को बेहतर स्थिति में पा रही है। राष्ट्रीय जनता दल खुद को ठगा महसूस कर रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में दो चीजें कम से कम फौरी तौर पर साफ हुई हैं। नीतीश का प्रभामंडल कमजोर हुआ है, वहीं लालू की विरासत पर चलने वाले तेजस्वी का कद बढ़ा है। सरकार टूटने के बाद तेजस्वी ने काफी परिपक्वता का परिचय दिया। इसके चलते बिहार में एक वर्ग ऐसा दिख रहा है, जिसे तेजस्वी से सहानुभूति हो रही है। इसका संकेत साफ है। अगर तेजस्वी का कोर वोटर अपनी आक्रामकता पर काबू रख पाया तो बिहार में आने वाले दिनों में दो ही राजनीतिक ध्रुव होंगे। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी होगी तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय जनता दल। माना यह जा रहा है कि नीतीश कुमार की पार्टी भविष्य के चुनावों छीजती चली जाएगी। शायद यही वजह है कि भाजपा से अलगाव के बाद जनता दल यू के जिन नेताओं ने नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं की कटु आलोचनाएं की थीं, वे अब भाजपा शरणं गच्छामि की मुद्रा में आते नजर आ रहे हैं।

# जांच एजेंसियों से भाग क्यों रहे हैं केजरीवाल?

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**

17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं?

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली ह्यशराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वयं को कट्टर ईमानदारी का प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लीनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहे हैं।

17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं।

केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने ह्यशराब नीति का निर्णय स्वयं ही लिया था?

प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और ह्यआपह्ण के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पदार्फाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है।

क्या बीजेपी आम आदमी पार्टी को इसलिए टारगेट कर रही है कि ये मोदी सरकार के खिलाफ बहुत ज्यादा मुखर है और बड़े ही आक्रामक अंदाज में मोदी और अमित शाह जैसे बड़े नेताओं पर आरोप लगाती है? आम आदमी पार्टी सभी को भ्रष्ट बताती रही है। इनमें राहुल गांधी, शीला दीक्षित, सोनिया गांधी, अदानी और अंबानी सभी शामिल हैं। लेकिन इनके खिलाफ उसके पास सुबूत कभी नहीं रहे। अब वही आम आदमी पार्टी कह रही है कि बगैर सुबूत के उसके नेताओं को जेल में भरा जा रहा है। लेकिन ये भी सही है कि अगर इन नेताओं के खिलाफ सुबूत नहीं थे तो अदालतों में ये केस इतने दिनों तक कैसे टिकते?

शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इस मामले में एजेंसियां 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल हैं। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी। केजरीवाल ने संविधान की शपथ लेकर पद ग्रहण किया है और ईडी भी संवैधानिक जांच एजेंसी है। विपक्षी होने के मद्देनजर केजरीवाल ईडी के समन को ह्यराजनीतिकह्ण करार दे रहे हैं और दिल्ली सरकार को अस्थिर करने की साजिश का आरोप भाजपा पर मढ़ रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल और उनके साथी देश भर में घूम-घूमकर अपनी ईमानदारी और दिल्ली मॉडल का प्रचार करते हैं। केजरीवाल स्वयं को और अपने साथियों को ह्यकट्टर ईमानादारीह्ण का प्रमाण पत्र बांटते हैं। देश के प्रधानमंत्री से लेकर अन्य राजनीतिक दलों और संस्थाओं पर वो दिनदहाड़े आरोप लगाते हैं और प्रायः उनके अधिसंख्य आरोप निराधार और तथ्यहीन ही साबित हुए। कई मामलों में उन्होंने बिना शर्त के माफी भी मांगी। बावजूद इसके केजरीवाल और उनके साथी निर्लज्जता की चादर ओढ़कर अपने कुकृत्यों में लिप्त हैं। आम आदमी पार्टी की असलियत धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही है।

बीते दिनों अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को 25 करोड़ का लालच देकर सरकार गिराने का आरोप लगाया है। भाजपा ने इन आरोपों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को शिकायत दी है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने केजरीवाल और आतिशी को नोटिस भेजकर बीजेपी पर लगाए गए आरोपों के साक्ष्यों की मांग की है। देखा जाये तो मिथ्या आरोप लगाना अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी का चरित्र बन गया है।



वह पूर्व में भी कई लोगों से मिथ्या आरोप लगाने के मामले में क्षमा मांग चुके हैं। ताजा घटनाक्रम में भी वह माफी मांगते दिख सकते हैं।

ईडी के समन को लगातार अस्वीकार करके केजरीवाल निर्दोष सिद्ध नहीं होंगे। उन पर प्रश्न और आरोप लटके रहेंगे। पिछले दिनों ईडी ने भ्रष्टाचार के मामलों में झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है। सोरेन भी ईडी के समन को लगातार अस्वीकार कर रहे थे। केजरीवाल भी सोरेन की तरह व्यवहार और चालबाजियां कर रहे हैं। लेकिन वो ये भली भांति समझ लें, उनका भी हश्र सोरेन जैसा ही होगा। ईडी ने न्यायालय के द्वार पर दस्तक दी है। जांच एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 45 के तहत केजरीवाल के लिए गैर जमानती वारंट जारी करने का भी अधिकार है, अतः बार-बार समन की अवहेलना करने पर गिरफ्तारी का भी प्रावधान है। क्या केजरीवाल जेल जाने का संकट महसूस कर रहे हैं, इसलिए समन की मंशा पर प्रश्न कर, उन्हें अस्वीकार कर, ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं? चूंकि केजरीवाल बार-बार प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को ठुकरा रहे हैं, लिहाजा अंतिम परिणति जेल ही हो सकती है।

बीती 4 जनवरी को अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन के पीछे भाजपा के षड्यंत्र पर बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि, ह्यह्यमेरी सबसे बड़ी संपत्ति और ताकत मेरी ईमानदारी है। ये लोग झूठे आरोप लगाकर और फर्जी समन भेजकर मुझे बदनाम और मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैंह्णह्ण 16 अप्रैल 2023 को एक प्रेस कांफ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि, ह्यमोदीजी अगर मैं बेईमान हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं हैह्ण स्वयं को कट्टर ईमानदार बताने वाले केजरीवाल अपनी ईमानदारी सिद्ध करनी की बजाय राजनीतिक पैंतरेबाजी, कानूनी चालबाजियों और आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं। उन्हें कानून का सम्मान करना चाहिए। देखा जाए तो, ईडी का समन केजरीवाल के पास वो सुनहरा अवसर है, जिसके माध्यम से वह देश के समक्ष अपनी कट्टर ईमानदारी को सिद्ध कर सकते हैं।